माघ मास, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 331, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, रविवार, 8 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : चेतन शर्मा फिर बने चीफ सेलेक्टर:

अंदर - बिजली के बकायेदार किसानों को नहीं होगी जेल

# जोशीमठ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## ज्योतिष्पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले में ज्योतिष्पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने शनिवार को अपने वकील के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि इस भू-धंसाव की वजह से पूरा इलाका दहशत में है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट इस मामले में तुरंत दखल दे, और सरकार को सहयता कार्यों के लिए आदेश दे।

इस जनहित याचिका में कहा गया है कि जोशीमठ में वर्तमान समय में जो जमीन धंसने की घटनाएं हुई हैं उसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को यहां के निवासियों की मदद के लिए भेजा जाए। वहीं इससे पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ पहुंचे और प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना किया। अपने दौरे के दौरान सीएम धामी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। बता दें कि 6 जनवरी तक यहां 603 घरों में दरारें आ चुकी हैं। इनमें 100 से ज्यादा घर ऐसे हैं, जो

**जनहित याचिका**

**लोगों की जान बचाना हमारी पहली प्राथमिकता: धामी**

**जोशीमठ में रोके गए सारे कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट**

कभी भी गिर सकते हैं। इनमें 44 परिवारों को फिलहाल सुरक्षित जगह पर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, आईएसआरओ और ओएनजीसी की टीमें जोशीमठ का सर्व करेंगी।

जानकारी के मुताबिक, जोशीमठ में कम से कम 9 वार्डों में दरारें और भूमि धंसने की घटनाएं सामने आई हैं। बता दें कि जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के लिए 1271 लोगों की क्षमता वाले 229 कमरों की पहचान की है। सीएम धामी ने इससे पहले शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधिकारियों के साथ जोशीमठ की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के बाद कहा कि लोगों की जान बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। जोशीमठ में दरारें तेजी से बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ और उसके आसपास सभी कंस्ट्रक्शन गतिविधियों को रोक दिया गया है, क्योंकि कस्बे की इमारतों में दरारें आ गई हैं। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार इसकी जानकारी दी है। एएनआई से बात करते हुए, जिलाधिकारी ने कहा कि जोशीमठ में स्थिति को देखते हुए सभी कंस्ट्रक्शन वर्क रोक दिए गए हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कस्बे का दौरा करने और लैंडस्लाइड प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने का कार्यक्रम है। जिलाधिकारी ने आगे कहा कि जोशीमठ में स्थानीय स्थिति को देखते हुए, अगले आदेश तक सभी प्रकार के निर्माण कार्य रोक दिए गए हैं। इन घटनाओं के बाद प्रशासन भी हरकत में आया और चमोली जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने दो दिनों तक नगर में भू-धंसाव से प्रभावित मकानों के सर्वे किया। तहसील प्रशासन, नगर पालिका, आपदा प्रबंधन और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने घर-घर जाकर बारीकी से निरीक्षण किया। जोशीमठ नगर में करीब दो हजार मकान हैं। रविवार तक भू-धंसाव से 581 मकानों में दरारें आ चुकी थीं।



### विस्थापित परिवारों को मिलेगा मकान का किराया

**नई दिल्ली।** जोशीमठ में भू धंसाव के कारण विस्थापित परिवारों को मकान के किराये के लिए चार हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर छह माह तक के लिए इसे लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से राशि स्वीकृत की गई है। जोशीमठ भू-धंसाव की वजह से बेघर हुए लोगों को सरकार छह महीने तक चार हजार रुपये प्रतिमाह का भुगतान करेगी। जिला प्रशासन ने इसकी शुरूआत कर दी है। वहीं आज सरकार ने पैसा जारी कर दिया है। राज्य सरकार ने दो सितंबर 2020 को एक आदेश जारी किया था, जिसके तहत बेघर हुए लोगों को किराये के मकान में रहने के लिए चार हजार रुपये प्रति परिवार की दर से छह माह तक मुख्यमंत्री राहत कोष से देने का निर्णय लिया गया था। इसी आधार पर चमोली के डीएम हिमांशु खुराना ने सचिव आपदा प्रबंधन को पत्र भेजकर सीएम राहत कोष से भुगतान कराने की स्वीकृति मांगी थी। सचिव आपदा प्रबंधन डॉ.रंजीत सिन्हा ने बताया कि नियमानुसार जिला प्रशासन ने राशि का भुगतान शुरू कर दिया है। जोशीमठ के अंतर्गत विगत दिनों से हो रहे भू धंसाव से प्रभावित ऐसे परिवार जो बेघर हो गये हैं, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर किराये के मकान में अस्थायी रूप से विस्थापित करने के लिए चार हजार रुपये प्रति परिवार किराये मिलेगा।

# अगले 24 घंटे और कहर ढाएगी ठंड

**मौसम**

**पश्चिमी यूपी, राजस्थान और दिल्ली में अगले 24 घंटे के लिए रेड अलर्ट जारी**

**लखनऊ।** उत्तर भारत के राज्यों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों और आसपास के इलाकों में घने कोहरे की स्थिति में सुधार हुआ है। कोहरे से कुछ राहत भले ही मिली हो मगर तापमान तो और ज्यादा नीचे गिरा है। तापमान घटने के कारण पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी, राजस्थान और दिल्ली में अगले 24 घंटे के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ आरके जेनामणि ने शनिवार को यह जानकारी दी।



आरके जेनामणि ने बताया कि दिल्ली में शीतलहर में बढ़ोत्तरी हुई है। शनिवार को दिल्ली में सबसे कम तापमान दिल्ली यूनिवर्सिटी के पास 1.5 डिग्री दर्ज किया गया। लोधी रोड में 2.0 और सफदरजंग में 22 डिग्री दर्ज हुआ। उन्होंने बताया कि राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में 9 जनवरी के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है। घने कोहरे के कारण पालम में दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पालम वेधशाला में सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता 25 मीटर थी।


जम्मू कश्मीर में न्यूनतम तापमान थोड़ा चढ़ा कश्मीर में न्यूनतम तापमान में कई डिग्री के इजाफे से लोगों को शनिवार को भयंकर सर्दी से राहत ड्ट मिली। अब कुछ दिनों तक हिमपात हो सकती है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। उससे पिछली रात यह शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे था।




# आईएस के दो आतंकी हावड़ा से पकड़े गए

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने कोलकाता से सटे हावड़ा में दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इनका संबंध कुख्यात आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से रहा है। इन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। शनिवार को इन्हें कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से 19 जनवरी तक के लिए पुलिस रिमांड पर ले लिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक ये आतंकी पाकिस्तान समेत मध्य-पूर्व के कई देशों के हैंडलर उनके संपर्क में थे। पुलिस गिरफ्तार दोनों को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी मुताबिक दोनों हावड़ा में एक साथ मिलकर लोगों का ब्रेनवॉश और देश विरोधी गतिविधियों के लिए उकसाते थे।



**पुलिस ने 19 तक रिमांड पर लिया**

गिरफ्तार लोगों की पहचान हो गई है। इनमें एक मोहम्मद सद्दाम है, जो टिकियापारा के आफताबुद्दीन मुंसी लेन का निवासी है। वह एमटेक बताया जा रहा है। वहीं दूसरे का नाम सईद हुसैन हैं। शुक्रवार रात कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने हावड़ा के टिकियापारा में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि एक आरोपी के पिता सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी हैं।

### लखनऊ में कुत्तों का आतंक जारी, महिला के चेहरे पर काटा

**लखनऊ।** राजधानी में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक बदस्तूर जारी है। यहां के सृष्टि अपार्टमेंट में रहने वाली स्मृति पर अचानक कुत्तों के झुण्ड ने हमला बोल दिया। घबराई स्मृति जब भागी तो कुत्तों ने उसके चेहरे पर काट लिया। उनके चेहरे पर चोट आई और खून निकल आया है। यहां पिछले दो महीने के अंदर तीसरी बार आवारा कुत्तों ने स्थानीय लोगों का अपना निशाना बनाया है। शनिवार को स्मृति पर जब कुत्तों ने अटैक किया तो आसपास के लोगों ने उनको दौड़ कर बचाया और कुत्तों को वहां से भगाया। लेकिन तब तक महिला को काफी चोट आई थी। उन्होंने जैकेट पहना था , इसकी वजह से बच गई। उनके जैकेट को कुत्तों को नोच कर फाड़ दिया है। इससे पहले यहां 6 से ज्यादा कुत्तों ने एक लड़के पर हमला कर दिया। इस घटना में लड़का बुरी तरह से जख्मी हो गया था।

# बिहार में जातीय गणना शुरू होते ही यूपी में हलचल

## सपाध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले चंद्रशेखर 'रावण'

**लखनऊ।** बिहार में जाति आधारित गणन शुरू होते ही यूपी में भी हलचल शुरू हो गई है। बिहार में भले ही सत्ताधारी नीतीश सरकार खुद जातीय गणना करा रही है, लेकिन यूपी में विपक्ष इसके लिए रणनीति बनाने में जुट गया है। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर पहले ही भाजपा पर हमलावर विपक्ष अब जातीय गणना को हथियार बनाकर योगी सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है।

शनिवार को भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद रावण ने इसी को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। मुलाकात के बाद चंद्रशेखर ने मुलाकात की फोटो ट्वीट कर अपने इरादे भी साफ कर दिए। चंद्रशेखर ने अखिलेश के साथ मुलाकात के बाद कहा कि जब बिहार में जब जाति गणना हो रही है तो पूरे

**रणनीति शुरू**

**जब बिहार में जाति गणना हो रही है तो पूरे देश में क्यों नहीं हो सकती : रावण**

देश में क्यों नहीं हो सकती है। यह भी कहा कि यूपी निकाय चुनाव में भाजपा द्वारा साजिश करके छीने गए ओबीसी आरक्षण की लड़ाई में हम पिछड़े भाइयों के साथ हैं। इन मुद्दों पर विपक्ष एकजुटता के तहत जनांदोलन की तैयारी कर रहा है। इसी को लेकर अखिलेश यादव से आज चर्चा की गई है। चंद्रशेखर के रुख से साफ है कि निकाय चुनाव से पहले ओबीसी आरक्षण और जातीय गणना को लेकर विपक्ष भाजपा पर चौतरफा दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। अखिलेश यादव निकाय चुनाव पर हाईकोर्ट का फैसला



आने के बाद से ही ओबीसी को लेकर योगी सरकार पर हमलावर हैं। शनिवार को ओबीसी और आरक्षण को लेकर अखिलेश यादव ने भी सरकार पर हमला बोला। ड्टअखिलेश ने कहा कि भाजपा शुरू से सामाजिक न्याय की विरोधी रही है और यही कारण है कि वह लगातार पिछड़ों और दलितों को दिए जा रहे आरक्षण पर हमला कर कमजोर कर रही है। विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की भर्तियों में आरक्षण की अनदेखी की गई। कई विश्वविद्यालयों में पिछड़ों का हक मारा गया। पिछड़ों को मान-सम्मान और हक देने को लेकर भाजपा की नीयत कभी ठीक नहीं रही है। भाजपा आरक्षण के खिलाफ पिछले दरवाजे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के कैम्पस खोलने की तैयारी हो रही है। इससे देश के छात्र-छात्राएं कितना लाभाविन्त होंगे यह तो समय बताएगा मगर यह निश्चित है कि इनमें आरक्षण जैसी कोई व्यवस्था नहीं होगी। भाजपा अपने राजनीतिक उद्देश्य को पूरा करने के लिए पिछड़ों के साथ रहने का दिखावा कर रही है। भाजपा सत्ता पाने के बाद धोखा दे देती है। भाजपा के धोखे और छलावा को पिछड़े और दलित समझ चुके हैं। समय आने पर इस धोखे का जवाब देंगे। देश और प्रदेश के विश्वविद्यालयों में जब आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

### मेयर चुनाव को लेकर केजरीवाल और एलजी के बीच छिड़ा लेटर वॉर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल और एलजी वीके सक्सेना के बीच लेटर वॉर छिड़ गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को 'शक्तियों के टकराव' को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को एक पत्र लिखा. सीएम ने एलजी से दिल्ली नगर निगम अधिनियम में इस्तेमाल किए गए एलजी/प्रशासक शब्द पर अपनी आधिकारिक स्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा और कहा कि अगर एडमिनिस्ट्रेटर का मतलब गवर्नर होगा तो चुनी हुई सरकार व्यर्थ साबित होगी। एमसीडी सदन में शपथ ग्रहण को लेकर हंगामे के कारण मेयर के चुनाव से पहले शुक्रवार को एमसीडी की बैठक स्थगित कर दी गई थी। जिसके एक दिन बाद यानी आज अरविंद केजरीवाल ने एलजी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में सीएम केजरीवाल ने कहा कि मुझे आज आपके कार्यालय की ओर से जारी एक बयान मिला है, जिसमें कहा गया है कि चूंकि यह डीएमसी अधिनियम के संबंधित प्रावधानों में लिखा गया है कि प्रशासक नियुक्त करेगा .. , इसलिए 10 एल्डरमैन और महापौर के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी को निर्वाचित सरकार की भागीदारी के बिना आपकी ओर से सीधे नियुक्त और अधिसूचित किया गया था।

# नफरत की जमीन पर बन रहा राम मंदिर

## राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के बयान पर बवाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (आजेडी) के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि भारत की भूमि राम और कृष्णमय मानी जाती थी। अब सब खत्म हो गया है। अब राम रामायण से भाग जाएंगे। कण-कण से हट जाएंगे। यह भारत राम का नहीं रहेगा। केवल एक मंदिर राम का रहेगा। नफरत की जमीन पर राम के मंदिर का निर्माण हो रहा है। राम उसी एक मंदिर में बैठ जाएंगे। पत्थरों के बीच रहेंगे, हृदय के बीच में नहीं रहेंगे। आरएसएस वाले यही कर रहे हैं। हम तो हे राम वाले हैं, जय श्री राम वाले नहीं। हमारे राम तो भारत के कण-कण में रहेंगे,

**बयान**

**बोले- कण-कण के राम को मंदिर में कैद कर रहा आरएसएस**

**बीजेपी का पलटवार, हिंदू आस्था का अपमान करने का आरोप लगाया**

आरएसएस वालों के राम जहां-जहां बैठें! अयोध्या के निर्माणाधीन राम मंदिर निर्माण में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उन्होंने कहा- भारत के कण-कण से सिमट कर पत्थरों की चारदीवारी में राम को कैद किया जा रहा है। क्योंकि इंसानियत से बड़ा इस भारत



में उन्मादियों के राम बचे हैं। बाकी सब जगह से राम खत्म हो गए।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने राजद नेता जगदानंद सिंह पर हमला बोलते हुए ट्वीट किया कि वे राम जन्मभूमि को 'नफरत की जमीन', राम मंदिर को 'चहारदीवारी', उन्मादी के राम कहते हैं। इससे पहले उन्होंने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाए जाने के दौरान हिंदुओं को निशाना बनाते हुए विवादित टिप्पणी की थी। हुसैन दलवई से जगदानंद सिंह तक यह विवादित टिप्पणी कोई संयोग नहीं है, बल्कि वोटबैंक के लिए एक प्रयोग है।

राष्ट्रीय जनता दल के नेता जगदानंद सिंह ने राम मंदिर पर अपनी टिप्पणी में यह कहते हुए विवाद खड़ा कर दिया है कि यह 'नफरत की जमीन' (नफरत की भूमि) पर बनाया गया है। अब इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने भी करारा पलटवार किया है।

# विमान में महिला पर 'पेशाब' करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की फ्लाइट में महिला से बदसलूकी करने करने वाले शख्स शंकर मिश्रा को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस ने एअर इंडिया की उड़ान में सह-यात्री पर पेशाब करने के आरोपी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (हवाई अड्डा) रवि कुमार सिंह ने कहा, दिल्ली पुलिस के एक दल ने आईजीआईए मामले में आरोपी शंकर मिश्रा को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। उसे दिल्ली लाया गया है और मामले में जांच की जा रही है।

शंकर मिश्रा ने पिछले साल 26 नवंबर को न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की एक उड़ान की बिजनेस



**कार्रवाई**

**दिल्ली पुलिस ने बेंगलुरू से पकड़ा**

क्लास में नशे की हालत में एक बुजुर्ग महिला पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था। दिल्ली पुलिस ने महिला द्वारा एअर इंडिया को दी गई शिकायत के आधार पर चार जनवरी को मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। दिल्ली पुलिस ने नशे में धुत एक यात्री द्वारा सहयात्री पर कथित तौर पर पेशाब किए जाने की घटना के संबंध में एअर इंडिया के कर्मचारियों को तलब किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दरअसल, मामले में पायलट और सह-पायलट समेत एअर इंडिया के कुछ कर्मचारियों को शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि अब उन्हें सात जनवरी को सुबह 10.30 बजे पुलिस उपायुक्त के कार्यालय में तलब किया गया है।

# बीएसपी के पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**मेरठ/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की बसपा सरकार में मंत्री रहे 50 हजार के इनामी हाजी याकूब कुरैशी और उनके बेटे इमरान कुरैशी को दिल्ली से गिरफ्तार कर शनिवार को मेरठ अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने शनिवार को यहां बताया कि हाजी याकूब कुरैशी और उनके पुत्र इमरान कुरैशी दोनों



को दिल्ली के चांदनी महल क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां एक किराये के फ्लैट में रह रहे थे, जिन्हें एसओजी की टीम ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया। इसका समाचार मिलते ही खरखौदा थाने के आस पास हाजी याकूब के समर्थकों और बसपा कार्यकर्ताओं का भारी जमावड़ा लग गया। पुलिस अधीक्षक अपराध अमित कुमार ने बताया कि हाजी याकूब कुरैशी और इमरान कुरैशी को खरखौदा थाने में रखा गया था, जहां उनसे पूछताछ के बाद मेरठ की अदालत में पेश किया गया। अदालत में पेश होने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले ही दोनों पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था। उल्लेखनीय है कि खरखौदा के अलीपुर स्थित मीट कम्पनी अल फहीम मीटेक्स प्राइवेट लिमिटिड में बिना अनुमति के मीट पैकेजिंग और प्रोसेसिंग के आरोप में 31 मार्च 2022 को पूर्व मंत्री कुरैशी के बेटे इमरान, फिरोज और पत्नी समेत 17 लोगों पर खरखौदा थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। इस मामले में याकूब कुरैशी के दूसरे बेटे फिरोज को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है।

# केंद्र की सख्ती से टीआरएफ बौखलाया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की सख्ती के बाद आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट बौखला गया है। शनिवार को उसने कश्मीरी पंडितों की नई लिस्ट जारी की है। इस आतंकी संगठन ने उन लोगों पर हमले की चेतावनी दी है, जिनके नाम इस लिस्ट में हैं। बता दें, गृह मंत्रालय के प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद आतंकी संगठन टीआरफ ने लिस्ट जारी की है।

सच्चाई उजागर होने के बाद टीआरएफ खुद को एक स्थानीय आतंकवादी समूह के रूप में पेश करना चाहता है, जबकि वास्तव में यह पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा की शाखा है। पाकिस्तान स्थित आतंकी समूह लश्कर-ए-तैयबा की शाखा टीआरएफ को गुरुवार को गृह मंत्रालय ने प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, रेजिस्टेंस

**दहशत**

**टीआरएफ ने कश्मीरी पंडितों के खिलाफ जारी की नई हिट लिस्ट**

**टीआरएफ कश्मीरी पंडितों को कॉलोनियों में न रहने की दे चुका चेतावनी**

फ्रंट आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने, आतंकवादियों की भर्ती, आतंकवादियों की घुसपैठ और पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए ऑनलाइन माध्यम से युवाओं की भर्ती कर रहा है।यह संगठन 2019 में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी के रूप में अस्तित्व में आया, जो 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों सहित कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था।



भारत सरकार के खिलाफ आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों को उकसाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह संगठन काफी एक्टिव है। गृह मंत्रालय ने कहा कि शेख सज्जाद गुल द रेजिस्टेंस फ्रंट का एक कमांडर है और उसे गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम 1967 के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। संगठन की गतिविधियां भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक हैं। द रेजिस्टेंस फ्रंट के सदस्यों और सहयोगियों के खिलाफ भी बड़ी संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं। इसकी भारत विरोधी गतिविधियों को देखते हुए गृह मंत्रालय ने समूह को प्रतिबंधित संगठन घोषित किया है। सरकार ने मोहम्मद अमीन उर्फ अबू खुबैब को आतंकी घोषित किया है, जो जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखता है, लेकिन वर्तमान में पाकिस्तान में एक आतंकवादी के रूप में रहता है।

वह लश्कर-ए-तैयबा के लॉन्चिंग कमांडर के रूप में कार्य कर रहा है। टीआरएफ कश्मीरी पंडितों को जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा बनाए जा रहे कॉलोनियों में न रहने की चेतावनी भी दे चुका है। जानकारी के मुताबिक टीआरएफ ने प्रवासी सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ धमकियां जारी करने के अलावा स्थानीय अखबारों के संपादकों सहित स्थानीय पत्रकारों को भी धमकी दी है। टीआरएफ ने हाल ही में श्रीनगर जिले के शिक्षा विभाग के 56 कर्मचारियों को भी धमकी दी थी।

# चाइनीज मंझे से कटा गला

**हालत गंभीर**

**प्रशासन की हनक काम नहीं आ रही**

**मंझा बेचने पर रोक नहीं लगा पा रहा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रशासन लाख चाइनीज मंझे पर रोक लगाने का दावा करता रहे लेकिन उसका कोई प्रयास (अगर कुछ है तो) काम नहीं आ रहा है। लोग कहने लगे हैं कि प्रशासन की हनक काम नहीं कर रही है। जहां तक बेचने वालों का सवाल है तो उन्हें अपने स्वार्थ के आगे निर्दोषों की जान कोई कीमत नहीं रखती। ताजा घटना मंडुवाडीह क्षेत्र के लहरतारा निवासी दवा व्यवसायी शैलेन्द्र शुक्ला से संबंधित है जिनकी शुक्रवार को बाइक से राजघाट की तरफ से आते समय बसन्ता कॉलेज के समीप चाइनीज मंझे की चपेट में आने से गर्दन कट गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया।


चाइनीज मंझे से व्यवसाई का गला कट गया

लहरतारा निवासी शैलेन्द्र शुक्ला की मंडुवाडीह में थोक दवा की दुकान है। वह शुक्रवार को पड़ाव किसी कार्यवश गए थे वहां से लौटते वक्त बसन्ता कॉलेज के समीप चाइनीज मंझे से उनकी गर्दन चोटिल हो गयी जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े। उधर से गुजर रहे लोगों ने उन्हें नजदीक के ही पड़ाव स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। ये ऐसी घटनाएं हैं जिसकी जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकती। लेकिन अगर कानून बने हों तो ऐक्शन हो सकता है। आखिर वो कौन लोग हैं जो इस जानलेवा मंझे को बनाने और बेचने-बेचवाने में लगे हैं। आमजन इस मंझे से भयभीत हैं और घटना होने पर जान जाने की आशंका के साथ रहते हैं। लेकिन जिम्मेदारों को इसका एहसास तक नहीं।

### आठ दुकानदारों पर मुकदमा

**मिर्जामुराद।** चाइनीज मांझा बेचने की शिकायत पर शुक्रवार मिर्जामुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने कछवांरोड चौराहे और कस्बे में छापा माकर भारी मात्रा में चाइनीज मांझा बरामद किया था। शुक्रवार की देर रात एसआई प्रवीण कुमार मिश्रा की तहरीर पर दुकानदार विजय कुमार, विस्टों साव, विजय, गया प्रसाद, पिन्टू साव, पचास बिंद, अतीश गुप्ता, शुभम केशरी के खिलाफ रपट दर्ज हुआ।

### 30 किलो मंझा बरामद

चौक पुलिस ने दालमंडी के पास कुडीगढ़ टोला की एक पतंग की दुकान में छापा मारकर चाइनीज मंझा बरामद किया। एक प्लास्टिक की सफेद बोरी में 30.500 ग्राम चाइनीज मांझा के साथ गोविंद पुरा निवासी सलमान अहमद को गिरफ्तार कर लिया।

# चौकस सुरक्षा के लिए नौ कैमरे लगवाने का भेजा गया प्रस्ताव

जनसंदेश न्यूज

**मंडुवाडीह।** वर्तमान समय में मुखबिरों की कमी के चलते अपराधियों तक पहुँचने के लिए पुलिस विभाग के लिए तीसरी आंख (सीसीटीवी कैमरा) काफी महत्वपूर्ण साबित हो रहा।

पिछले दिनों मंडुवाडीह क्षेत्र में हुई कई चोरियां व पहाड़ी स्थित रश्मि नगर कॉलोनी में महिला को बंधक बनाकर दिनदहाड़े हुई लूटपाट व आनंदनगर कन्दवा में दिनदहाड़े अनीता पांडेय नामक महिला की घर मे हुई हत्या का पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से खुलासा कर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुँचाया। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडुवाडीह पुलिस ने विभाग से 9 और चिन्हित स्थान पर कैमरा लगाने के लिए विभाग को पत्र लिखा है। मंडुवाडीह थानाप्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया की अभी कस्बा चौकी मंडुवाडीह के लिए नए कैमरों के लिए 9 स्थान चिह्नित किये गए हैं। जिसमे चांदपुर मार्ग, पुरानी एल आई सी गली, हसनपुर (हनुमान मंदिर के समीप) ,राजकीय महिला महाविद्यालय (बीएलडब्लू) के समीप, बनारस स्टेशन के प्रथम द्वार समेत अन्य जगह भी हैं।

थानाप्रभारी ने बताया की इन स्थानो पर कैमरों को लगवाने के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है अभी इसके अलावा मंडुवाडीह क्षेत्र में पड़ने वाले सभी फ्लाईओवर के ऊपर तथा अन्य जगहों को भी चिन्हित कर उक्त स्थानों पर भी कैमरा लगवाने हेतु विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

## संक्षेप

### एससी/एसटी में हाईकोर्ट से मिली जमानत

**वाराणसी।** मारपीट व एससी एसटी के मामले में छह माह से जेल में बंद आरोपितों की जमानत हाईकोर्ट ने मंजूर कर लिया। रामनगर थाना क्षेत्र के गणेश यादव व अनिल बाल्मीकि के बीच रास्ते का विवाद चल रहा था। जिस पर सीविल मुकदमे भी चल रहे हैं। गणेश यादव सहित उसके परिवार के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ अदालत में वाद प्रस्तुत किया। जिस पर अदालत ने स्वीकार करते एससी/ एसटी के अन्तर्गत सम्मन जारी कर दिया। गणेश यादव ने वाराणसी न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल किया। जिसे पर विशेष न्यायाधीश वाराणसी ने जमानत खारिज करते हुए सभी आरोपितों को जेल भेज दिया। याची ने हाईकोर्ट की शरण ली। अधिवक्ता आशीष कुमार मिश्रा ने बहस के दौरान हाई कोर्ट को बताया कि जब तीन बार मारपीट हुई और ईंट पत्थर चले तो प्रतिवादी को चोट क्यों नहीं आई। चोट आई तो फिर मेडिकल क्यों नहीं कराया गया। प्रतिवादी ने स्वयं 202 के बयान यह कहा है कि उसने मेडिकल नहीं कराया है। अधिवक्ता आशीष कुमार मिश्रा ने अदालत को बताया कि याची व उसके परिवार को फर्जी एससी एसटी के मुकदमे में फंसाया गया है। बहस सुनने के बाद हाईकोर्ट ने सभी आरोपितो को रिहा करने का आदेश दे दिया।

### आभूषण की दुकान में चोरी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के मलहिया इलाके में स्थित माँ लक्ष्मी आभूषण की दुकान का शुक्रवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर 50 हजार नकद और चार लाख का गहना उड़ा दिया। शनिवार सुबह मकान मालिकिन के उठने के बाद चोरी की जानकारी हुई। मकान मालकिन का बेटा से सूचना पर पहुंचे दुकानदार अक्षय सेठ ने पुलिस को सूचना दी। सूचना एसीपी भेलुपुर लंका पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। मौका मुआयना कर घटना स्थल के समीप लगें सीसीटीवी कैमरों को खांगला हैं। स्थानीय लोगों का आरोप हैं कि घटना स्थल दो सौ मीटर दूर पर विश्वसुंदरी पुल के नीचे रमना चौकी की पिकेट लगती हैं। जिसके बाद भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया हैं। अक्षय सेठ रमना गांव में घर बनवाकर रहता हैं।

### पांच के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**मिर्जामुराद।** रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय निवासिनी आयशा बेगम ने 20 अक्टूबर को कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया की ससुराल वालों ने पति इस्तिमाज अहमद को 15 अगस्त को मारपीट घायल कर दिया, इलाज के दौरान 31 अगस्त को बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। शनिवार को मिर्जामुराद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मोहनसराय थाना रोहनिया निवासी इलियास उर्फ पिन्टू, रेयाज उर्फ चलाक, एक लाख उर्फ डॉक्टर पुत्रगण छेदी मास्टर व खैरू निशा पत्नी छेदी मास्टर समेत नसीम अहमद पुत्र मजीद अहमद निवासी भोरकला मिजार्मुराद के खिलाफ धारा 147, 323, 304 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

### जालसाजों ने पार किए 95 हजार रुपए, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के महामनापुरी कॉलोनी करौंदी में रहने वाली स्नेहा कण्डमपुल्ली के खाते से जालसाजों ने 95000 रुपए पार दिए। जिसकी शिकायत स्नेहा ने पुलिस की। स्नेहा का आरोप है कि बीते 1 जनवरी को उन्होंने जोमाटो पर आर्डर किया था। लेकिन ऑर्डर आया नही जिसका पैसा भी उनके खाते से कट गया। जिसके बाद उन्होंने ऑनलाइन बैंक ऑफ बड़ौदा का टोलफ्री नंबर निकाला। जिसपर फोन करने पर राहुल नाम के व्यक्ति ने फोन उठाया और लिंक सेंड की। लिंक खोलने पर उन्होंने अपना खाता नंबर और ओटीपी डाली। जिसके बाद उनके खाते से 4 जनवरी को 95000 हजार कट गया।

### सेना के रिटायर्ड जवान का हुआ स्वागत

**पिंडरा।** पिंडरा क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी व सेना में नायब सूबेदार पद से रिटायर होकर गांव पहुंचने पर गोपाल यादव का स्वागत किया गया। रिटायर्ड नायब सूबेदार गोपाल यादव का घर पहुंचने के पूर्व सिंधोरा बाजार में खुली जीप में ग्रामीणों ने घुमाया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूल माला से लाद दिया। स्वागत करने वालों में एसओ सिंधोरा प्रेमनारायण विश्वकर्मा, मदन यादव,गुलाम मोहम्मद, प्रदीप यादव, ग्राम प्रधान राममूरत राम, बृजेश यादव, रमेश यादव समेत अनेक लोग रहे।

# टेंट सिटी के गिर्द कूड़ा उठान का हो मुकम्मल प्रबंध

## नगर आयुक्त ने किया रामनगर का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने शनिवार को रामनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान पाया गया कि पालिका परिषद में बड़ी संख्या में कार्यालय में कर्मचारी व सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं।

नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों का उपस्थिती आधार कार्ड एवं फोटो के साथ भौतिक सत्यापन कर दो दिवस के अन्दर सुनिश्चित किया जाय, यदि इसमें कोई कमी पाई जाती है तो सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वित्तीय नियंत्रण का विस्तृत रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत किया जाय साथ ही मौके पर उपस्थित रामसकल यादव को रामनगर का प्रभारी बनाया।

टेंट सिटी का भी भ्रमण किया गया तथा कूड़ा उठान एवं सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। कहा कि टेंट सिटी का समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। लापरवाही बरतने पर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय को निर्देशित किया गया कि रेती पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाये तथा अतिक्रमण दस्ता द्वारा निरन्तर अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय।

# पुलिस ने सराफा कारोबारियों संग की बैठक

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र में सराफा करोबारियों के यहां हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने और सुरक्षा के बाबत पुलिस और सराफा कारोबारियों संग बैठक चौबेपुर थाना परिसर में रविवार को हुई। थाना राजीव सिंह ने कारोबारियों को आश्वस्त किया, कहा कि पुलिस रात में गश्त बढ़ा दी है।

सुरक्षा के लिए लिहाज से संदिग्धों से पूछताछ की जाती है। उन्होंने व्यापारी से अपील की, प्रतिष्ठानों में सेंसर सीसीटीवी कैमरा,राउटर कैमरा लगवाएं तथा क्षेत्र के संदिग्ध गतिविधियों को पुलिस को सूचना दें। साथ ही मुंह पर गमछा बांधे आये लोगों पर सर्तकता बरते। बैठक जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल एनपी जायसवाल नन्हे. स्वर्णकार समाज अध्यक्ष चौबेपुर प्रदीप कुमार सोनी, राजू सेठ. पूर्व प्रधान मनोज सेठ, बंगाली बाबू सेठ, पंचम सेठ, शिव कुमार सेठ आदि लोग थे।

# चोरी की बोलेरो एक घंटे में बरामद



जनसंदेश न्यूज

**दानगंज।** चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने चोरी की बोलेरो को एक घंटे के अंदर बरामद कर लिया। एसीपी कैंट ने इस सराहनीय काम के लिए 2500 रुपये का इनाम चौकी प्रभारी को दिया। वहीं दूसरी तरफ बोलेरो को बैकअप देने रहे आधा दर्जन स्कॉर्पियो सवार भी स्कॉर्पियो छोड़ भाग निकले। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात्री को दानगंज से चोरी हुई बोलेरो की सूचना मिलते ही गश्त पर रहे चौकी प्रभारी अरुण सिंह ने मय फोर्स लोकेशन ट्रेस कर पीछा किया।

**त्वरित ऐक्शन**

**वाहन को बैकअप दे रही स्कॉर्पियो भी जब्त**

पुलिस को पीछे आता देख बेलेरो चोर वाहन टिसौरा गांव के पास छोड़ भाग निकले। चौकी प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी की बोलेरो को बैकअप स्कॉर्पियों सवार बदमाश दे रहे थे जो पुलिस को देख स्कॉर्पियों छोड़ भाग निकले। चोलापुर पुलिस ने चोरी का बोलेरो समेत स्कॉर्पियो बरामद कर थाने लेकर आयी। चौकी प्रभारी ने बताया कि करीब आधा दर्जन लोग स्कॉर्पियो में सवार थे उनकी तलाश की जा रही है। स्कार्पियों के अंदर धारदार हथियार समेत चोरी के उपकरण बरादम हुए।

# बहनोई के यहां आये युवक पर बलात्कार का आरोप

## रोहनिया पुलिस रपट दर्ज कर जांच में जुटी

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में लड़की के साथ रेप का मामला प्रकाश में आया। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर रोहनिया पुलिस ने रपट दर्ज कर ली और पीड़िता को मेडिकल के लिए भिजवाया है। आरोप है कि बहनोई के यहां आया मिर्जामुराद कल्लीपुर निवासी आरोपी प्रद्यम्न ने लड़की का मुंह दबाकर सुनसान जगह लेकर गया और उसके साथ रेप किया। पीड़िता रोते बिलखते घर पहुंची और मां को आपबीती सुनाई। इस बात की शिकायत लेकर जब पीड़िता की मां आरोपी प्रद्यम्न के बहनोई के घर पहुंची तो यहां बहनोई और उसके दोनों लड़के उल्टे ही पीड़िता की मां को मारने पीटने के लिए दौड़ा लिया। परिजनों ने बताया कि बेटी को घर का सामान लाने के लिए भेजा था। इस बीच उसे रास्ते में आरोपी ने उसे अगवा कर रेप किया। रोहनिया पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। वही लड़की का मेडिकल मुआयना कराया जा रहा है।

# सीपी ने कपसेठी और जंसा थाने का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**सेवापुरी/जंसा।** पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन ने शनिवार को कपसेठी और जंसा थाने का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दृष्टि से थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार को रात्रि गस्त बढ़ाने का निर्देश दिया।

पूर्व में हुयी चोरी की घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा, क्षेत्र में ज्वेलरी की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा और क्षेत्र सीमा पर नाकेबंदी के साथ पेट्रोलिंग ब्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। वही क्राइम रजिस्टर मंगाकर पूर्व में घटित कई घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाने के साथ थाना कार्यालय से वायरलेस के माध्यम से कंट्रोल को आदेशित किया कि विभिन्न सभी थानाध्यक्षों को सूचित किया जाये की अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ाये जिससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही थाना परिसर में बने बैरक में पहुंचकर बैरक की स्थिति सहित थाना परिसर के साफ-सफाई और गाड़ियों के नीलामी के बारे में जानकारी प्राप्त कर कपसेठी के लिए रवाना हो गये।


थाने का निरीक्षण करते सीपी

# गाली गलौज और धमकी देने के मामले की सुनवाई टली

**वाराणसी।** सीजेएम विजय विश्वकर्मा की अदालत में श्रृंगार गौरी वाद कि वादिनियों को गाली गलौज और धमकी देने के मामले में जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ दी गई अर्जी पर शनिवार को होने वाली सुनवाई एक अधिवक्ता के निधन के कारण फिर टल गई। अब इस मामले में 9 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने इस मामले में थाने से आख्या तलब कि है। बता दें कि दिसंबर माह में ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण की वादिनी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने कोर्ट में धारा 156 ( 3 ) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। आरोप लगाया कि श्रृंगार गौरी प्रकरण की एक वादिनी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन की ओर से मुख्यमंत्री को पॉवर ऑफ अटार्नी सौंपने और मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान अदालत परिसर में पहुंचने पर कई बार अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल भी किया गया।

# ऐसी ही खिली रही धूप तो जल्द ही जद में होगी ठंड

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद में शीतलहर का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को खिली-खिली धूप जरूर निकली और दिनभर सूर्यदेव के दर्शन भी दिये लेकिन गलन और बर्फीली हवाओं का पलड़ा भारी रहा। उस धूप से ठंड में गर्मी का कोई एहसास लोगों को नहीं हुआ। हालांकि लोगों को राय थी कि यदि इशी तरह और दो-चार दिन धूम रही तो ठंड का असर काबू में आ सकता है।

बीती रात गलन ने मानो कहर ही बरसा दिया। कई दिनों बाद शनिवार की सुबह निकली धूप खिली हुई थी। लोगों से सोचा कि चलो अब धूप के कारण शीतलहर के राहत मिलेगी। लोग धूप सेंकने के लिए घरों से बाहर निकले परंतु उन्हें मायूसी हाथ लगी। दिन में भले ही कुछ समय से लिए ठंड का प्रभाव कम रहा लेकिन दोपहर बाद फिर से गलन बढ़ने लगी। लोग एकबार फिर अपने-अपने घर में दुबकने के लिए बाध्य हो गये। दिन में करीब 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चलनी शुरु हुई जो दिनभर जारी रही। शाम से पुनः गलन का अशार बढ़ने लगा। शहरी क्षेत्र में कोहरे के दौरान दृष्यता 200 मीटर दर्ज की गई। गंगा में अत्यधिक कोहरा रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी 15 जनवरी तक शीतलहर का प्रभाव रहेगा। शनिवार की सुबह अधिकतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस से कम था। अनुमान है कि अभी ठंड और बढ़ेगी। जंसा प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय चौराहे व बाजार क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था न होने पर इलाकाई लोगों और राहगीरों में नाराजगी रही। वाराणसी-भदोही मार्ग पर आवागमन कर रहे राहगीर कुछ देर रुककर अलाव में हाथ सेंकने के लिए तरस गये।

**मौसम**

**कई दिन बाद सूर्यदेव ने दिनभर दिये दर्शन फिर भी शीतलहर व गलन से नहीं मिली राहत**

# घर मे बाहर खड़ी बाइक चोरी

**तरना।** शिवपुर थानाक्षेत्र के चंद्राग्रीन सोसाइटी निवासी विशाल श्रीवास्तव की बाइक चोरी हो गयी। विशाल श्रीवास्तव के अनुसार बुधवार को वह अपनी बाइक अपने ब्लॉक के बाहर खड़ी कर घर मे चले गए। थोड़ी देर बाद बाहर आकर देखा कि उनकी बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, गाजीपुर**

पत्र संख्या नं0-27/2022 दिनांक: जनवरी 06,2022

कृपया अवगत कराना है कि पुलिस लाइन जनपद गाजीपुर में निष्प्रयोजन कम्प्यूटर से संबंधित उपकरण HCL Desktop Computer, HP 1522 PRINTER, HP 2055N PRINTER, Samsung SCX 4728 Printer, 2 KVA UNILINE UPS एवं 500 VA UNILINE UPS की नीलामी दिनांक 25.01.2023 को प्रातः 11.00 बजे की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता कार्यालय दिवसो में प्रातः 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक जी0 पी0 स्टोर, पुलिस लाइन, गाजीपुर में आकर विशेष जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर।

जनसंदेश टाइम्स **वर्गीकृत**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि Smt. NEHA CHAUDHARY को अब Miss NEHA CHAUDHARY के नाम से जाना जाय। R/o Gram-Gharuar, Barhani, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh-272201

It was informed to the general public that i have changed my name from Rajnish (old name) to Rajnish Ramprasad Kumar (New Name) in future i may be known and identified as Rajnish Ramprasad Kumar (New Name) s/o Ramprasad. Address - Vill.-Sakara, Post-Pesara, Tahsil-Kerakat, District -Jaunpur (U.P.)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध श्री वशिष्ठ महाविद्यालय बघरी, जमानियां गाजीपुर में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में भूगोल में तीन, गृह विज्ञान में तीन तथा समाजशास्त्र में दो प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। उक्त विषय में एक-एक अतिरिक्त यूनिट की मान्यता हेतु। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0वि0 परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में भेजें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी। **प्रबंधक**

# निदेशक के सख्त तेवर सहमे बुकिंग कर्मचारी

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के जनरल बुकिंग कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा यात्रियों से टिकट मूल्य से अधिक कीमत लेने की लगातार शिकायत पर शनिवार को स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने सख्त तेवर दिखाते हुए कार्यालय में जांच की।



शनिवार को अचानक जनरल बुकिंग कार्यालय में स्टेशन निदेश्क को देख सभी कर्मचारी सहम गये, कार्यालय पहुंचे निदेशक ने सबसे पहले सभी के काउंटर से बेचे गये टिकटों की सूची का मिलान किया इसके बाद उन्होनं सभी के कैश को मिलाया, हालांकि कैश मिलान में सब कुछ ठीक मिला, किसी भी काउंटर से ज्यादा कैश नहीं मिला लेकिन स्टेशन निदेशक के सख्त तेवर देख सभी कर्मचारी सहम गये, उन्होंने सभी को चेतावनी देते हुए साफ तौर पर कहा कि आगामी समय में यात्रियों से टिकट से ज्यादा कीमत वसूलने की शिकायत पर किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने एटीवीएम से खालिसपुर का टिकट भी निकाला जो सही पाया गया। इसके बाद उन्होंने यात्री आश्रय हॉल में यात्रियों के लिए बनाये गये शेल्टर हाउस की भी जांच की, बताया कि शिकायत मिली थी कि यहां भी शाम के समय यात्रियों को कंबल देने के बदले कीमत वसूली जाती है। इसके बाबत उन्होंने यात्रियों से वार्ता की, इसके बाद स्टेशन निदेशक प्लेटफार्म पर भी यात्री सुविधाओं के बाबत जांच करते हुए सभी स्टॉल संचालकों को खानपान के लिए सख्त हिदायत दी।

# विश्वनाथ मंदिर में जल्द बनेगा पर्यटन हेल्पडेस्क



**वाराणसी।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की जिलास्तरीय एक बैठक शनिवार को आयोजित की गयी, जिसमें निर्णय लिया गया कि काशी विश्वनाथ मंदिर पर आने वाले विभिन्न राज्यों के पर्यटकों के दृष्टिगत एक पर्यटन हेल्पडेस्क लगाई जाए , इसके साथ ही गंगा के घाटों पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा गया कि घाटों पर शौचालय बायो टॉयलेट्स इत्यादि की स्थापना का भी सुझाव दिया गया।

**बैठक**

**जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय**

बैठक में दुर्घटना से बचने हेतु स्नान के लिए एंक्लोजर बनाए जाएं तथा चेतावनी सूचक बोर्ड लगाए जाने की बात कही, इसके साथ ही मारकंडेय महादेव स्थल के पर्यटन विकास हेतु वृहद प्रस्ताव तैयार करने पांचों शिवाला तथा शूलटकेश्वर मंदिर पर भी विकास कार्य कराए जाने पर भी निर्णय लिया गया। रामायण कांक्लेव के आयोजन हेतु अस्सी घाट अथवा अन्य उपयुक्त स्थल का चयन किये जाने के साथ ही रामायण कांक्लेव के आयोजन हेतु बैठक में 22 लाख का बजट प्रस्ताव पारित किया गया।पर्यटन विभाग द्वारा बताया गया कि वह शीघ्र ही भाषाई गाइडों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्रारंभ कर रहे हैं जिसमें अंतर ग्रही यात्राओं तथा परिक्रमा यात्राओं हेतु युवकों को प्रशिक्षित किया जा सकेगा। प्रचार प्रसार कार्यों के अंतर्गत रामनगर की रामलीला तथा वाराणसी के निकटवर्ती इको टूरिज्म पर्यटन गंतव्य पर पर्यटन पुस्तिकाओं के प्रकाशन पर भी चर्चा हुई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाता है।

आवंटन कैटलाग नम्बर- BSB39PARKING 22

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1. | छपरा कचहरी स्टेशन स्थित दो पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 10.30 बजे तक |
| 2. | सीवान ज. स्टेशन स्थित दो पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 10.40 बजे तक |
| 3. | बलिया (टी.एच.-1) स्टेशन स्थित दो पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 10.50 बजे तक |
| 4. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.00 बजे तक |
| 5. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.10 बजे तक |
| 6. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.20 बजे तक |
| 7. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.30 बजे तक |
| 8. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.40 बजे तक |
| 9. | [illegible] स्टेशन स्थित तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.50 बजे तक |
| 10. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 12.00 बजे तक |

क्र.सं.1 से 10 तक के लिए-[illegible] क्र.सं.1 से 10 तक के लिए-ई-नीलामी की तिथि 19.01.2023

आवंटन कैटलाग नम्बर- BSB34PARKING 22

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया स्टैण्ड का ठेका। | [illegible] |
| 2. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 10.40 बजे तक |
| 3. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 10.50 बजे तक |
| 4. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.00 बजे तक |
| 5. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.10 बजे तक |
| 6. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.20 बजे तक |
| 7. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.30 बजे तक |
| 8. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.40 बजे तक |
| 9. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 11.50 बजे तक |
| 10. | [illegible] स्टेशन स्थित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया स्टैण्ड का ठेका। | 10.30 से 12.00 बजे तक |

क्र.सं.1 से 10 तक के लिए-[illegible] क्र.सं.1 से 10 तक के लिए-ई-नीलामी की तिथि 20.01.2023

• ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाइन होगी। • ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति हेतु IREPS पोर्टल पर रू.10,000/- (Non Refundable) आनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD [illegible] 5% [illegible] होगी जिसका भुगतान/कटौती आनलाइन [illegible] होगी। • ई-नीलामी (E-Auction) से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।


मुजाधि/वा- 242 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबा नं. [illegible] पर एस.एम.एस. करें।

''ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें''



# वाराणसी



# बिजली के बकाएदार किसानों को नहीं होगी जेल

जनसंदेश न्यूज

पत्रकार-वार्ता

**प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा, जारी है यूपी के लघु एवं सीमांत किसानों की लोन माफी की प्रक्रिया**

**राज्य में डीएपी-यूरिया की कमी नहीं, मकर संक्राति के बाद सीएम करेंगे यूपी में इंटरनेशनल मिलेट ईयर का शुभारंभ**

**अगले चार साल में 68 हजार हे. क्षेत्रफल में मोटे अनाज की खेती को विस्तार देने का लक्ष्य लेकर बन रही कार्ययोजना**

**वाराणसी।** सूबे में किसी भी बिजली बकाएदार किसान का उत्पीड़न नहीं होगा। न तो उसे जेल होगी और न ही उसके नलकूप का कनेक्शन काटा जाएगा। लघु एवं सीमांत किसानों के बकाए लोन माफी की प्रक्रिया जारी है। मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके तहत आगामी चार साल में 68 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में इसकी खेती को विस्तार देने का लक्ष्य लेकर कार्ययोजना बना रहे हैं। दूसरी ओर, प्रदेश में डीएपी और यूरिया की कोई कमी नहीं है।

सर्किट हाउस सभागार में शनिवार को राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूपी की 65 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। योगी सरकार सूबे में कृषि का परिदृश्य तेजी से बदला है और इस दिशा में योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष में मोटे अनाज की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया गया है। सूबे में आगामी मकर संक्राति के बाद मुख्यमंत्री इसका शुभारंभ करेंगे।

खेतों में नील गाय और छुट्टा पशुओं से दलहनी फसलों को हो रहे नुकसान से जुड़े सवाल के जवाब में श्री शाही ने कहा कि हमारे संस्कार में है कि पशु-पक्षियों के लिए भी कुछ खाद्य पदार्थ अलग रखकर इको सिस्टम बनाए रखना चाहिए।

साथ ही उन्होंने बताया कि यदि पशुओं से फसलों को नुकसान पहुंचता तो प्रदेश में दलहनी फसलों की रिकॉर्ड खेती नहीं होती और न ही कृषि क्षेत्र में सर्वाधिक उत्पादन के लिए भारत सरकार से यूपी को पुस्कार मिल चुका है। दलहनी-तिहलनी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को मिनी किट आदि मुफ्त में दिये जा रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न फसलों के कई गुना उत्पादन समेत बढ़े कृषि विकास दर का आंकड़ा पेश करते हुए विभिन्न योजनाओं में दिये जा रहे अनुदान के बारे में बताया। साथ ही कहा कि किसानों को कृषि विविधिकरण और प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते खरीफ सीजन के धान की खरीद के लिए 70 लाख एमटी का लक्ष्य है और बीते शुक्रवार तक राज्य में धान की 67.81 फीसदी खरीद हो चुकी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में आगामी 15 फरवरी तक धान की खरीद जारी रहेगी।



प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में पत्रकार-वार्ता की

## सीएम योगी आज लेंगे टेंट सिटी का जायजा



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एकदिनी दौरे पर रविवार को वाराणसी आएंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वह दोपहर को लखनऊ से सीधे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। वहां स्वतंत्रता भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सुफलाम' में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उसके बाद अपराह्न बीएचयू से रविदास घाट होकर गंगापार बनाए जा रहे टेंट सिटी का मौका-मुआयना करेंगे। सीएम योगी सायंकाल काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर सर्किट हाउस जाएंगे। वहां वह आगामी 13 जनवरी को गंगा विलास क्रूज से संबद्ध प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी समेत और जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री लखनऊ लौट जाएंगे।

## ई-बस में जल्द एमएसटी करें लागू : कमिश्नर

मीटिंग

**वीसीटीएल की 25वीं बैठक में मंडलायुक्त ने आरएम को दिया निर्देश**

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट लि. की 25वीं बैठक आयोजित की गयी। जिसमें मंडलायुक्त ने आरएम को कई मुद्दो पर निर्देशित किया।

बैठक में मंडलायुक्त को यूपीएसआटीसी के वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से अवगत कराया गया कि वर्तमान में शहर में 50 ई-बसें तथा 130 में से 103 डीजल बसें संचालित की जा रही हैं, 27 डीजल बसों की व्हीकल हेल्थ पूर्ण हो चुकी है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया खराब हो चुकी बसों को नगर निगम द्वारा मॉडिफाई की जाए तथा शिक्षा विभाग द्वारा चौराहों, झुग्गी, मलिन बस्तियों में शिक्षा उपलब्ध करायी जाए, निर्देशित किया गया की शहर में विभाग स्तर से विभिन्न मार्गों पर इलेक्ट्रिक/सीएनजी/ सोलर बसें संचालन किए जाने हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट के माध्यम से कंपनियों के साथ कार्य करें। राजस्व उत्सर्जन के बिंदुओं पर कार्य करने तथा सेल्फ-सस्टेनेबल कार्ययोजना के लिए निर्देशित किया, उन्होंने आरएम को सख्त निर्देश दिया कि वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट लि. के कार्मिकों द्वारा यदि कोई असामाजिक कृत किया जा रहा है या संस्था के विरुद्ध कार्य किया जाता है तो कार्मिकों को 10 वर्ष तक संस्था से निष्कासित किया जाए। इसके साथ कहा गया कि इलेक्ट्रिक-बसों में एकीकृत मासिक पास/ मंथली सीजन टिकट की सुविधा प्रारंभ की जाए।

# परिचालन में कोहरा बन रहा बाधक

समस्या

**वंदे भारत तीन घंटे देर से कैंट स्टेशन पर पहुंची**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** हाड़ कपा देने वाली इस ठंड में उठते कोहरे से चलते परिचालन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है, रोजाना जहां कई विमानों को निरस्त कर दिया जा रहा है वहीं ट्रेनें भी अपने निर्धारित समस से कई घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंच रहीं हैं।

शनिवार को भारत की सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत तीन घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची वहीं लगभग ढाई घंटे देरी से गंतव्य की ओर रवाना हुई, इसके साथ ही महामना एक्सप्रेस तीन घंटे लेट, साबरमती एक्स्प्रेस तीन घंटे लेट, मरूधर एक्स्प्रेस पांच घंटे लेट, अहमदाबाद गोरखपुर तीन घंटे, दुर्ग नौतनवां तीन घंटे, फरक्का एक्स्प्रेस साढ़े छह घंटे, गोंदिया बरौनी साढ़े नौ घंटे, बलिया दादर स्पेशल साढ़े तीन घंटे, दानापुर सिकंदराबाद दो घंटे, दून एक्स्प्रेस साढ़े तीन घंटे, पंजाब मेल साढ़े तीन घंटे, ताप्ती गंगा तीन घंटे, बेगमपुरा साढ़े छह घंटे, फरक्का एक्स्प्रेस साढ़े आठ घंटे, न्यू तीनसुखिया एक्स्प्रेस साढ़े तीन घंटे, कोटा पटना साढ़े छह घंटे, वाराणसी रकाकाना-तीन घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची।



### तीन विमान निरस्त, तीन रहे लेट

**बाबतपुर।** लालबहादुर शास्त्री अंतरास्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को तीन विमान निरस्त रहें वही तीन विमान अपने निर्धारित समय सारणी के अपेक्षा विलम्बित रहे। जानकारी के अनुसार बेंगलुरु से वाराणसी इंडिगो 6ई968 हैदराबाद वाराणसी इंडिगो 6ई 783 वाराणसी मुम्बई इंडिगो 6ई 5208 निरस्त रहा वही एयरइंडिया ए आई 406 निर्धारित समय से 1धंटे की देरी से पहुचा, गो फर्स्ट जी8 349 मुम्बई से वाराणसी एक घण्टे 30 मिनट, इंडिगो 6ई 6361दिल्ली से वाराणसी एक घण्टे विलम्ब से हवाई अड्डे पर पहुंचा। विमान निरस्त व विलम्बित होने से हवाई अड्डे पर यात्री परेशान रहे।

### बाबा धाम में शंकर महादेवन का होगा गायन

**वाराणसी।** देश के सबसे लंबे जलमार्ग पर सफर करने काशी आ रहे स्विस पर्यटकों के स्वागत की खास तैयारी की जा रही है। संस्कृति मंत्रालय के प्रयागराज यूनिट की ओर से 12 जनवरी गुरुवार को काशी विश्वनाथ धाम में विशेष किया जायेगा। इसमें प्रख्यात गायक कलाकार शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे। धाम में शंकर महादेवन करीब एक घंटे की प्रस्तुति देंगे। आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। गंगा विलास क्रूज में सवार होकर काशी आ रहे स्विस पर्यटक काशी के सांस्कृतिक वैभव से रूबरू होंगे। संस्कृति मंत्रालय के उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के निदेशक सुरेश शर्मा ने बताया कि धाम में शंकर महादेवन करीब एक घंटे तक गायन करेंगे। आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। गंगा विलास क्रूज में सवार होकर काशी आ रहे स्विस पर्यटक काशी के सांस्कृतिक वैभव से रूबरू होंगे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव के मुताबिक, 10 जनवरी को पर्यटकों का शानदार स्वागत होगा। काशी भ्रमण करने के बाद पर्यटक मिर्जापुर जाएंगे। चुनार किले में घूमने के बाद पर्यटक लोक कला कजरी संगीत का आनंद लेंगे।



शनिवार को सूरज जब पूरी ताब से निकले तो स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में लोग धूप में आराम करते दिखे

# मुख्य मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

जनसंदेश न्यूज

श्रीराम मंदिर गुरुधाम की कथा

**आज से शुरू होगी भक्तमाल की कथा, निकलेगी शोभायात्रा**

**वाराणसी।** गुरुधाम स्थित श्रीराम मंदिर में रामानंद विश्व हितकारिणी परिषद व वैष्णव विरक्त संत समाज के संयुक्त तत्वावधान में 8 जनवरी से 14 जनवरी तक सप्ताहव्यापी भक्तमाल कथा, विद्वत गोष्ठी, सम्मेलन व विविध आयोजन अपराह्न एक से चार बजे तक गुरुधाम स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में किया गया है।

कथा में प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ को मुख्य अतिथि बनाया गया है। यह जानकारी शनिवार को काशी पीठाधीश्वर स्वामी डा. रामकमल दास वेदांती ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। कहा कि कथा के समापन के अवसर पर 14 जनवरी को प्रातः नौ बजे से अस्सी घाट से एक विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसमें संतोष दास (सतुआ बाबा), बालक दास, सर्वेश्वरशरण दास, आचार्य विवेक दास, ज्ञान प्रकाश शास्त्री, हरजिंदर सिंह, महंत भारतभूषण, श्रवण दास समेत काफी लोग शामिल होंगे। शोभायात्रा लंका चौराहा, संकटमोचन, दुर्गाकुंड, साकेत नगर, खोजवां बाजार होते हुए गुरुधाम आकर समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास लिखित रामचरित मानस की पांडुलिपि भी रखी गई है। इसके लेखक तुलसीदास के शिष्य लक्ष्मण दास हैं। पत्रकारवार्ता में मंदिर के प्रबंधक रामभरत शास्त्री, राजेश राय समेत काफी लोग मौजूद थे।

### नकली दवाओं पर ड्रग इंस्पेक्टर की कार्रवाई

**वाराणसी।** नकली दवाओं के प्रति ड्रग इंस्पेक्टर की ओर से की जा रही कार्रवाई के क्रम में शनिवार को जयपुर की क्योरहेल्थ फार्मास्टिकल पर कार्रवाई प्रेषित की गयी, इसके साथ ही रविन्द्रपुरी स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की गयी। औषधि निरीक्षक एके बंसल ने बताया कि एक अगस्त वर्ष 22 को उक्त मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन मेरोपेनम के लिए गये नमूनों के जांच में पाया गया कि जीवन रक्षक औषधि में दवा की मात्रा केवल 68.88 फीसदी पायी गयी। जिसके सापेक्ष कार्रवाई की गयी, बताया कि इस दवा के निर्माता कंपनी क्योर हेल्थ फार्मास्टिकल व मार्केटिंग गाजियाबाद की कंपनी लिनीवा हेल्थ केयर की ओर से की जा रही है। क्योरहेल्थ केयर द्वारा धड़ल्ले से नकली दवाओं को खपाया जा जा रहा है। कंपनी की एक और दवा टाइजो-4.5जीएम जिसमें पाइपरसीलिन की मात्रा 42.72 फीसदी व टैजोबेक्टेन की मात्रा 47.09 फीसदी पायी गयी जो विगत कई वर्षो से इस्तेमाल हो रही है। क्योर हेल्थ की चार और फर्म इनमें लिप्त हैं। इसके खिलाफ वाराणसी जौनपुर व भदोही में 15 से अधिक मुकदमा दायर किया जा चुका है। पांच प्रकरण में विवेचना जारी है। बताया कि शेष के मुकदमें जल्द ही दायर किया जायेगा।

# मकर राशि में सूर्य का 15 को होगा प्रवेश

मकरसंक्रांति मनेगी

**भगवान सूर्य की आराधना का पर्व है मकर संक्रांति**

**15 को मनाया जायेगा पर्व**


जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मकर राशि में सूर्य का 15 जनवरी को प्रवेश होगा। इसी दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जायेगा। सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने से खरमास की समाप्ति हो जायेगी। मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। इस दिन ऊर्जा का प्रवाह होता है। इस दिन गंगा स्नान व दान से पुण्यफल की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति को पंजाब में लोहड़ी, जबकि दक्षिण भारत में पोंगल के नाम से जाना जाता है।

पंचांगों के अनुसार, सूर्य 15 जनवरी की रात्रि 3.02 बजे धनु राशि से निकल कर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस प्रकार उदयातिथि के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व रविवार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इसी के साथ खरमास का समापन होगा और हिंदू धर्म के मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाएगा। इस दिन स्नान-दान, पूजा-पाठ और तिल खाने की परंपरा है। खिचड़ी खाने का भी विशेष महत्व है।

प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। ऊर्जा का प्रवाह होता है। ऋतुओं में बदलाव होता है। मकर संक्रांति के दिन भगवान शिव के मंदिर में तिल के तेल का दीपक जलाना सुख समृद्धि कारक बताया गया है। शिव का शुद्ध देसी घी से अभिषेक करके विल्वपत्र अर्पित करना पुण्य फलकारी बताया गया है।

इस दिन भगवान भाष्कर को अष्टदल कमल पर आवाह्न करके उनकी महिमा में आदित्य हृदय स्तोत्र, आदित्य कवच, सूर्य सहस्त्रनाम, सूर्य चालीसा का पाठ करना चाहिए। सूर्य ग्रह से संबंधित मंत्रों ॐ आदित्य नमः, ॐ सूर्याय नमः, ॐ घृणी सूर्याय नमः का जाप करना लाभकारी होता है। इस दिन से ही ऋतु में परिवर्तन होने लगता है। इसके बाद से ही वसंत का आगमन शुरू हो जाता है।



### कक्षा आठ तक के स्कूल 14 तक बंद

**वाराणसी।** भीषण शीतलहर और ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के निदेशार्नुसार जनपद के कक्षा आठ तक के सभी स्कूल आगामी 14 जनवरी तक बंद करने का निर्देश दिया गया है। बताया कि यह आदेश सभी प्राथमिक विद्यालय, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड व मदरसा बोर्ड आदि पर लागू होगा।

## विद्यार्थियों में जगे कर्तव्यनिष्ठा की भावना: डा. अशोक सिंह



**वाराणसी।** आज की युवा पीढ़ी आत्म निर्भर भारत के निर्माण में बड़ा योगदान दे रही है। दरअसल 21वीं सदी युवा भारत की सदी है। आज विद्यार्थियों में कौशल विकास व कर्तव्यनिष्ठा की समझ होना बेहद आवश्यक है। उक्त विचार जीवनदीप शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. अशोक कुमार सिंह ने शनिवार को व्यक्त किये। कहा कि कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल सामने रखने से न सिर्फ विद्यार्थी बल्कि संगठन व राष्ट्र के भी सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका सबसे प्रमुख है। पूर्व अपर निदेशक चिकित्सा व परिवार कल्याण वाराणसी मंडल डा. अंजू सिंह ने कहा कि सामाजिक सरोकार को सर्वपरि रखना आज की पीढ़ी का दायित्व है। इस मौके पर डा. अशोक कुमार सिंह के जन्मदिन पर केक काटा गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. इन्द्रेश चन्द्र सिंह, नंदलाल यादव, डा. अमित सिंह, डा. अवन्तिका सिंह, आकांक्षा सिंह, डा. नंदा द्विवेदी, डा. वीणा पांडेय समेत काफी लोग मौजूद थे।

## गोल्डी मसाले ने बांटे लाखों के पुरस्कार

**वाराणसी।** गोल्डी उद्योग का अमृत महोत्सव (वितरत महासमागम व लकी ड्रा) का आयोजन शनिवार को रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन आयुक्त वाराणसी कौशलराज शर्मा ने किया। उन्होंने नित्य नये उत्पाद प्रस्तुत करने की पहल की सराहना की। संस्थापक निदेशक सुरेन्द्र गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। निदेशक आकाश गोयनका ने कहा कि कंपनी शीघ्र ही अपनी नई इकाई से उत्पादन क्षमता को चार गुना करने जा रही है। निदेशक शुभम गुप्ता ने कहा कि गोल्डी उद्योग समूह को कई बार केन्द्र व राज्य सरकार से पुरस्कृत किया जा चुका है। निदेशक सुदीप गोयनका ने कहा कि कंपनी ने प्रसिद्ध बालीवुड सुपर स्टार सलमान खान को ब्रांड अम्बेसडकर चुना है। इस मौके पर कई प्रदेशों से आये वितरकों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बालीवुड के प्रसिद्ध गायक शान ने गायन पेश किया। संस्थापक चेयरमैन व संरक्षक बसंत लाल गोयनका ने सभी का स्वागत किया।




### कमिश्नर ने बांटे कंबल



**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बीते शुक्रवार देर रात कैंट तथा सिटी रेलवे स्टेशन पर खुले आसमान के नीचे राज काट रहे गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। भीषण शीतलहर को देखते हुए कमिश्नर ने यह पहल की। उन्होंने दोनों रेलवे स्टेशन परिसर में मौजूद गरीबों एवं निराश्रित लोगों को कंबल उपलब्ध कराया। इस अवसर पर उनके साथ मनीष टंडन, रोहित खन्ना और अब्दुल कादिर आदि रहे।




# जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट जल्द

आयोजन

**निवेशकों की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जायेगा- जिलाधिकारी**

**विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने उद्यमियों, निर्यातकों से जनपद में ज्यादा से ज्यादा निवेश किये जाने का आह्वान किया**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में शनिवार को विकास भवन सभागार में सम्बन्धित विभागों, निर्यातक, औद्योगिक, रियल इस्टेट, पेट्रोल पम्प इत्यादि एसोसिएशन के साथ प्रस्तावित जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट की तैयारियों की समीक्षा पर बैठक किया गया।

बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 से 12 फरवरी, 2023 तक लखनऊ में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेटर्स समिट के क्रम में 20 जनवरी तक इसी प्रकार का जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, जिसमें स्थानीय उद्योगपतियों की लम्बित समस्याओं का समाधान कर उनकी शंकाओं/संशयों का निराकरण होगा, तथा निवेश आकर्षित करने के लिए 25 नई/संशोधित क्षेत्र विशिष्ट नीतियों पर प्रस्तुतीकरण होगा। ताकि जनपद में ज्यादा से ज्यादा निवेश को आकर्षित किया जा सके।

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम द्वारा उपस्थित उद्यमी, निर्यातकों व्यापारियों को आश्वासन दिया गया कि जिला प्रशासन द्वारा निवेशकों की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने निवेशकों के समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु टास्क फोर्स के गठन हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने विभागों को प्राप्त लक्ष्य की समीक्षा करते हुए एमएसएमई विभाग, हथकरघा, पर्यटन, यूपीसीडा, स्वास्थ्य विभाग, वाराणसी विकास प्राधिकरण, पावर कॉरपोरेशन, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्धशाला विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि अपने विभाग से प्राप्त जनपद के लक्ष्यों के सापेक्ष निवेश प्रस्ताव को निवेश सारथी पोर्टल पर आनलाइन फाइल कराना सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा गया कि सरकार द्वारा अपने कार्यकाल में प्रमुख शासकीय सुधारों, उत्कृष्ट कानून/व्यवस्था, हवाई अड्डो, एक्सप्रेस-वे, मेट्रो रेल, औद्योगिक गलियारों, लॉजिस्टिक सुविधाओं आदि में किये गये ढांचागत सुधारों के कारण प्रदेश में निवेश का वातावरण सृजित हुआ है, उनके द्वारा उद्यमियों, निर्यातकों से जनपद में ज्यादा से ज्यादा निवेश किये जाने का आह्वान किया तथा यह आश्वासन भी दिया गया कि वर्तमान सरकार उद्यमी, निर्यातकों एवं व्यापारियों के हितों के लिए संवेदनशील सरकार है। कोई भी उद्यमी/व्यापारी अपनी समस्याओं के सम्बन्ध में उनसे सम्पर्क कर सकता है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि राज्य एवं जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सभी विभाग अपना रोड मैप एवं एक्शन प्लान तैयार कर लें।

बैठक में संजय कुमार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मोहन कुमार शर्मा उपयुक्त उद्योग, आशीष नाथ क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा, अरूण कुमार कुरील सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, प्रीति श्रीवास्तव उप निदेशक (पर्यटन) सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के अलावा नवीन कपूर नगर महामंत्री भाजपा, अमिताभ अध्यक्ष यूपिया, राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रान्त, मनोज मद्धेशिया अध्यक्ष एग्रो पार्क इण्डस्ट्रीज वेलफेयर सोसाइटी, रिषभ चन्द्र जैन अध्यक्ष पूर्वाचल रियल इस्टेट एसोसिएशन, पद्मश्री डा. रजनीकांत सहित अन्य उद्यमीगण उपस्थित थे।



डीएम के साथ मीटिंग में विधायक सौरभ भी मौजूद रहे



## संक्षेप

### मुनारी में गरीबों को बांटे गये कंबल



**वाराणसी।** सार्थक सेवा फाउंडेशन की तरफ से शुक्रवार को मुनारी गांव में एसबी सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी मैदान में संस्था की तरफ से जरूरतमंद लोगों को कंबल और गर्म कपड़े वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में सपना गुप्ता, सुनीता गुप्ता, ज्योति प्रजापति, अल्पना गुप्ता, अमिता गुप्ता, कंचन जैसवाल, पूनम गुप्ता, शालिनी, स्वाति मिश्रा, ज्योति अग्रहरी, प्रिया राजपूत, वर्षा श्रीवास्तव, एसबी सिंह एकेडमी के अध्यक्ष परितोष सिंह का सहयोग रहा। संस्था की अध्यक्ष पूजा गिरी ने सभी को इस सराहनीय कार्य में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।

### जिला कारागार व अनाथालय में कंबल वितरण



**वाराणसी।** यूको बैंक के 80वें स्थापना दिवस व अंकित कुमार सिन्हा के याद में केंद्रीय कारागार वाराणसी में कंबल व काशी अनाथालय में बच्चों के लिए ऊनी कपड़े का वितरण किया गया। यूको बैंक के शिवपुर शाखा प्रबंधक अमृता श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष लोगों के सेवार्थ इस तरह के सामाजिक कार्य किये जाते हैं, बताया कि इस कड़कड़ाती ठंड में जहां लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे वहीं गरीब व अशाहाय लोग खुले आसमान के नीचें जीवन यापन कर रहें हैं। इस समय गर्म कपड़ों की जरुरत उन्हें सबसे ज्यादा है। इसी के तहत बैंक के स्थापना दिवस पर जिला कारागार में 100 कंबल वितरण किया। जिला कारागार में कैदियों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सूबेदार यादव, विजय यादव, अर्जुन कुमार, अर्चना श्रीवास्तव, दीपांशु श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कृषि मंत्री ने सुफलाम पृथ्वी तत्व प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



**वाराणसी।** सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के तहत 'सुफलाम पृथ्वी तत्व' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में लगी तस्वीरों को देखा। साथ ही कार्यक्रम में संबोधिथ किया। देर शाम उन्होंने संकटमोचन मंदिर में मत्था टेका।

### सृष्टि का सार तत्व परमात्मा: अमरेश्वरानंद

**वाराणसी।** परिवार में पति पत्नी के बीच आपसी मधुर संबंध सदैव अच्छे बनाए रखना चाहिए। एक दूसरे के प्रति मन में आदर,सम्मान व विश्वास हो तभी वैवाहिक जीवन सुखी रहता है। इसके विपरीत अविश्वास से जीवन नरकमय हो जाता है। उक्त विचार कथा मर्मज्ञ स्वामी अमरेश्वरानन्द ने शनिवार को मदरवां (मुरारी चौक) सामने घाट स्थित कामदगिरि वाटिका में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए अगर व्यक्तियों को विष जैसी कड़वी बात को ग्रहण करना पड़े तो भी ग्रहण कर लेना चाहिए। सृष्टि का सार तत्व परमात्मा हैं। प्रारंभ में व्यासपीठ का पूजन व आरती सतीश कुमार अनिल तिवारी सहित अन्य लोगों ने किया।

### छुट्टा पशुओं की धर-पकड़



**चिरईगांव।** स्थानीय विकास खंड में पशुपालन विभाग की ओर से शनिवार को छुट्टा पशुओं की धर-पकड़ का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने अमौली गांव से एक दर्जन और ढाब क्षेत्र के रामपुर से आठ निराश्रित गोवंशों पकड़ कर नगर सचल पशु वाहन से नगर निगम गौशाला में भेजा। ब्लाक के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरए चौधरी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के निर्देश पर यह मुहिम चलायी जा रही है।

# फरियादियों की शिकायतों के निबटारे का दावा हवा-हवाई!

## संपूर्ण समाधान दिवस पर पिंडरा तहसील पहुंचे कई पुराने शिकायतकर्ताओं ने खड़े किये सवाल

**आयोजन**

**देवराई का किसान मछली पालन के पट्टे के स्वीकृति-पत्र को दो साल से लगा रहा है चक्कर**

**लेखपाल संघ के अध्यक्ष रहे रिटायर्ड तहसीलकर्मी की ही जमीन पर बनवा दिया गया चक**

जनसंदेश न्यूज



सपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को तहसील मुख्यालयों पर अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं

पिंडरा/ रोहनिया। देवराई के शिवपूजन को दो साल पहले मछली पालन के लिए मिले पट्टे की धनराशि जमा होने के बावजूद आजतक स्वीकृत-पत्र देने के बजाय दौड़ाया जा रहा है। लेखपाल संघ के अध्यक्ष रहे तहसील से रिटायर गिरीश सिंह की कुसमुरा स्थित जमीन पर राजस्व विभाग ने जबरन चकरोड बनवा दिया। गुहार लगाने पर सीमांकन के बाद हटाने चक रोड हटाने के निर्देश का पालन नहीं हो रहा है।

संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को पिंडरा तहसील में यह शिकायत की गयी। मौकेपर पहुंचे कई पुराने फरियादियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है, ऐसे में फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता के साथ निस्तारण का दावा हवा-हवाई है। मौके पर एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित और डीसीपी विक्रांत वीर की मुख्य उपस्थिति रही। इस दौरान कई लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायतों का फर्जी निस्तारण कागजों पर दिखाया जा रहा है।

वहीं, रोह गांव के राजेश कुमार ने दूसरे गांव के एक दबंग पर भूदान की 34 बिस्वा जमीन अपने नाम करा लिए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीते छह माह से लेखपाल संबंधित रिपोर्ट नहीं दे रहा है। गुहार लगाने दूसरी बार पहुंचे ताड़ी गांव के रामजियावन गुप्ता ने शिकायत दोहरायी कि बड़ागांव पुलिस बाइक चोरी का केस दर्ज नहीं कर रही है। देवराई के रवि प्रजापति ने बिजली की फर्जी बीलिंग और उसे दुरुस्त कराने के एवज में अवैध वसूली का आरोप लगाया। दूसरी ओर, राजातालाब तहसील में एसडीएम गिरीश कुमार द्विवेदी एवं एसीपी अंजनी कुमार राय ने शिकायतें सुनीं।

# मीजिल्स-रूबेला रोग उन्मूलन की बनी नीति

**वाराणसी।** मीजिल्स-रूबेला (एमआर) बीमारी के उन्मूलन के लिए सरकार बेहद गंभीर है। इसकी रोकथाम के लिए बच्चों का शत-प्रतिशत एमआर का टीकाकरण होना जरूरी है। साथ ही बच्चों में विटामिन ए की कमी पूरी करने के लिए समय से विटामिन ए की खुराक पिलाना भी आवश्यक है। एमआर टीकाकरण के लिए जिले में नौ जनवरी से विशेष टीकाकरण पखवाड़ा शुरू किया जाएगा। जबकि बाल स्वास्थ्य पोषण माह 28 दिसंबर 2022 से संचालित किया जा रहा है।

उक्त अभियान को लेकर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सीएमओ डॉ संदीप चौधरी की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की वर्चुअल बैठक हुई। दोनों अभियानों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में सीएमओ ने कहा कि विशेष टीकाकरण पखवाड़ा नौ जनवरी से 20 जनवरी तक चलेगा। इसमें शत-प्रतिशत बच्चों को एमआर का टीका लगेगा। उन्होंने एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि एक भी बच्चा टीकाकरण से न छूटने पाये। साथ ही जिन बच्चों का अभी किसी भी

**मिलेगी राहत**

**सीएमओ की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की वर्चुअल बैठक**

कारण से टीकाकरण नहीं हुआ है उन बच्चों को टीकाकरण केन्द्र पर ले जाकर टीका लगवा जाए। इस अभियान में आईसीडीएस, पंचायत राज, शिक्षा विभाग के साथ आईएमए, यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ, एनडीआरएफ सहित अन्य स्थानीय संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) व शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस (यूएचएनडी) सत्र पर नौ माह से पांच वर्ष तक के शत-प्रतिशत बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाए। बैठक में जिला महिला चिकित्सालाय की एसआईसी, समस्त डिप्टी व एसीएमओ, उपजिला प्रतिरक्षण अधिकारी, आईसीडीएस से जिला कार्यक्रम अधिकारी, यूनिसेफ से एसआरटीएल व डीएमसी, डब्ल्यूएचओ से एसएमओ व एसआरटीएल, यूएनडीपी से डीसीसीएम, एनआई से मण्डल समन्वयक सहित चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे।

# ईको फ्रेंडली में डीडीयू प्रदेश में रहा अव्वल

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** पाण्डेयपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय को एक और उपलब्धि हासिल हो गई है। कायाकल्प अवार्ड और एनक्वास सर्टिफिकेशन के साथ ही अब चिकित्सालय को ईको फ्रेंडली अवार्ड से नवाजा गया है। चिकित्सालय को प्रदेश में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रथम स्थान से पुरस्कृत किया गया है।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने डीडीयू चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरके सिंह को ईको फ्रेंडली अवार्ड का पत्र भेजते हुये इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉक्टर आरके सिंह ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि

**खुशखबरी**

**93.81 फीसदी अंक हासिल कर मिला प्रथम स्थान**

**स्वच्छता अभियान के अंतर्गत चिकित्सालय में हो रहा सुधार**

डीडीयू चिकित्सालय को एक के बाद एक अवार्ड प्राप्त हुये हैं। चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ के बेहतर प्रयास और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने की वजह से चिकित्सालय यह उपलब्धि हासिल हुई है। इस कार्य में क्वालिटी एश्योरेंस के मंडलीय सलाहकार डॉक्टर आरपी सोलंकी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए उन्होने डॉ सोलंकी सहित समस्त चिकित्सक व स्टाफ को बधाई दी।



शनिवार को मौसम बेहतर होने पर गंगा में नौका विहार करने वाले निकल पड़े

# दुर्गा प्रसन्ना ने सितार पर प्रस्तुति से मोहा




जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सायंकाल आयोजित सांस्कृतिक संध्या में काशी के कलाकार पं दुर्गा प्रसन्ना की सितार की प्रस्तुति हुई। उनके साथ कृष्णा एवं संगीत कुमार (तबला) व ध्रुवनाथ मिश्र (सितार) संगम कुमार (शहनाई) पर संगत किया। राग बसंत में ताल की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात शिव रंजनी में दादरा धुन, तीसरी प्रस्तुति हुई बनारसी दादरा जिसके बोल थे नई झूलनी की छैया बलम दुपहरिया बिताई देता न। कलाकारों को प्रमाण पत्र हमारे बीच आस्ट्रेलिया के प्रवासी भारतीय सौरव मिश्र ने प्रदान किया। इससे पुर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अध्यक्ष संग्रहालय दीन दयाल हस्तकला संकुल अजय श्रीवास्तव व कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया।कार्यक्रम की परिकल्पना और संयोजन डॉ. रत्नेश वर्मा का रहा। संचालन अजय गुप्ता ने किया।

### सीवर जल से मुक्ति को चांदपुर गांव में बनेगा तालाब

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के गंगातट स्थित चांदपुर गांव में सीवर के पानी में डूबे खेतों की समस्या समाधान के लिए नया तालाब बनाएंगे। यहां दो दर्जन से अधिक किसानों की लगभग 50 एकड़ से अधिक उपजाऊ जमीन पर सीवर का पानी भरा हुआ है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सोनकर के नेतृत्व में संबंधित किसान शनिवार को जब नवनियुक्त बीडीओ राजेश वर्मा के पास पहुंचे तो खंड विकास अधिकारी ने इस तरह के पहल की बात कही। इस मौके पर किसानों ने उन्हें बताया कि क्षेत्र के पचरांव फूलपुर, आंशिक मुस्तफाबाद व चांदपुर के सीवर और बारिश का पानी चांदपुर से होकर मुस्तफाबाद के रास्ते सोता में गिरता रहा है। लेकिन कुछ समय से मुस्तफाबाद के किसानों ने अपने गांव में स्थित नाले को काट कर खेत में मिला लिया। फलस्वरूप संबंधित खेतों में मल-जल की भरमार हो गयी है। इस श्री वर्मा ने चांदपुर व मुस्तफाबाद के लेखपालों को नायब तहसीलदार के जरिए तलब कर समस्या की जानकारी ली। साथ ही आगामी सोमवार को स्वयं मौका-मुआयना कर समाधान का भरोसा दिया।

### काशी के कण-कण में भगवान भोले का वास

**वाराणसी।** शनिवार भारत भारता परिषद के तत्वाधान में अग्रवाल भवन आसभैरव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में शनिवार को पंडित संजय कृष्ण भइया ने कहा कि काशी के कण कण में भगवान भोले वास करते है। यहां श्रीमदभागवत कथा का विशेष महत्व है। यह कथा सभी कथाओं का सार है। सांसारिक सुख, पहले अच्छा लगता है बाद में चलकर समाप्त हो जाता है। गोधूलि वेला शादी के लिए उपयोगी होती है। अशोक अग्रवाल ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में उषा अग्रवाल डॉ. जयशंकर जय, आलोक अग्रवाल, विजय यादव दीपक अग्रवाल (संयोजक) संजय, गोपाल संजय गुप्ता शालिनी अग्रवाल पंकज अग्रवाल विट्ठल दास गिरधर दास डॉ. अनुराग टंडन आदि मौजूद थे।



# वेदों में है गुरुत्वाकर्षण बल का उल्लेख



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जिस प्रकार जल के टूटने के बाद उसमें हाइड्रोजन और ऑक्सीजन मिलता है, उसी प्रकार महर्षि अगस्त ने बताया है कि जल के टूटने के बाद प्राणवायु यानि ऑक्सीजन के रूप में और उदान वायु अर्थात हाइड्रोजन के रूप में मिलता है। उन्होंने वेदों में भौतिक विज्ञान के महत्त्व को बताया। जैसे आधुनिक विज्ञान में आज न्यूटन की गति के तीनों नियम वैशेषिक में मिलते हैं। बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र में शनिवार को 'प्राचीन और वैदिक काल में विज्ञान व प्रौद्योगिकी' विषयक एकदिनी विशिष्ट व्याख्यान के मुख्य वक्ता इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बंदुलुरू के प्रकाश मिश्र यह बात कही। उन्होंने कहा कि आचार्य कणाद ने न्यूटन के तीनों नियमों को काफी पहले ही वर्णित कर दिया था। वेदों में गुरुत्वाकर्षण बल का उल्लेख है और आर्य भट्ट ने पाई का मान बताया है। आयोजन में आईआईटी बीएचयू के प्रो. आरके मिश्र, वैदिक विज्ञान केंद्र के समन्वयक प्रो. उपेंद्र कुमार त्रिपाठी, पर्यावरणविद डॉ. दयाशंकर त्रिपाठी आदिने भी विचार व्यक्त किये।

### शिफ्ट होंगे अंधरापुल रोड के विद्युत पोल

**वाराणसी।** अंधरापुल मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए रोड पर लगे बिजली के खंभे जल्द स्थानांतरित करेंगे। नगरीय विद्युत वितरण खंड-पंचम के अधिशासी अभियंता एसके मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंधरापुल पर स्थापित बिजली के खंभे सुचारु यातायात में बाधक बन रहे हैं। सो उन खंभों को सड़क के किनारे पर शिफ्ट करने की जरूरत है। विद्युत पोल स्थानांतरित करने के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था को जानकारी दी जा चुकी है और इस माह के अंत तक यह कार्य करा दिया जाएगा।

# डाकघरों में सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर होगी रकम

**सहूलियत**

**डाकघरों में भी आरम्भ हुई ई.सी.एस क्रेडिट सुविधा**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भारत सरकार ने डाकघर के बचत खाताधारकों के लिए भी इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (ई.सी.एस) आउटवर्ड क्रेडिट की सुविधा आरम्भ कर दी है। इससे किसी भी डाकघर में स्थित खाते को बंद करने से प्राप्त भुगतान से प्राप्त राशि खाताधारक के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर हो सकेगी।

इस सेवा का आरंभ होने से डाकघर बचत योजनाओं में जमा राशि के भुगतान के लिए अब चेक नहीं जारी किए जाएंगे। इस सेवा का लाभ लेने के लिए भुगतान प्राप्ति के समय ग्राहकों को निकासी पर्ची (विड्राल फॉर्म) के साथ कैंसल चेक अथवा बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति काउंटर पर पर देना होगा। उक्त जानकारी देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग डिजिटल बैंकिंग हेतु अनवरत प्रयासरत है।

डाकघर के खाताधारकों के हितों का ध्यान रखते हुए नित नई सेवाओं को भारत सरकार द्वारा लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में ई.सी.एस सेवा डिजिटल बैंकिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डाक विभाग समाज के अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक बैंकिंग सेवाएँ पहुँचा रहा है।



**ब्याज वृद्धि का उपहार**

पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने कहा कि डाकघर बचत योजनाओं में ब्याज की दर काफी आकर्षक है। भारत सरकार ने डाक विभाग के खाताधारकों को नए वर्ष की सौगात के रूप में ब्याज वृद्धि का उपहार दिया है। अब बचत बैंक में 4.0%, आर.डी. में 5.80%, टी.डी में से 6.60 %से 7%, एम.आई.एस व पी.पी.एफ में 7.10%, सुकन्या समृद्धि योजना में 7.60%, तथा वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में 8.0% की दर से ब्याज देय है।

### तीन नये पंचायत भवनों के लिए मिली जमीन

**वाराणसी।** जनपद में तीन नये पंचायत भवनों का निर्माण होगा। इस कार्य के लिए जमीन उपलब्ध हो जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। जबकि अन्य तीन प्रस्तावित नये पंचायत भवनों के लिए भूमि अबतक नहीं मिली है। जमीन की अनुपलब्धता के कारण छह पंचायत भवनों का निर्माण कार्य बाधित था। अब अजगरा, गोबरहा और देईपुर ग्राम पंचायतों के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है। तीनों गांव में पंचायत भवन बनाने के लिए तैयार इस्टीमेट को मंजूरी का इंतजार है। जबकि लूठाकला और लखनपुर में मानक के अनुरूप जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है। साथ ही पलकहा ग्राम पंचायत में उपलब्ध भूमि पर स्टे है।

### दो शोध छात्रों को मिली फेलोशिप

**वाराणसी।** बीएचयू के शोध छात्र रवि रंजन कुमार और विवेक राज को जूलियस मैक्सिमिलीइन विश्वविद्यालय वुर्जबर्ग जर्मनी में रिसर्च कार्य के लिए तीन माह का फेलिशिप मिला है। रवि रंजन प्रो. हरिनाथ प्रसाद एवं विवेक राज प्रो. संजय कुमार के निर्देशन में शोधकार्य कर रहे हैं।

# पूर्व शोध अध्येता ने बीएचयू को दिए पांच लाख रुपए



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विकास को नई गति देने के लिए आरंभ 'प्रतिदान योजना' के तहत विश्वविद्यालय में भूभौतिकी विभाग के पूर्व शोध अध्येता डॉक्टर आरपी सिंह ने पांच लाख रुपये दान में दिये हैं।

उन्होंने यह धनराशि अपने माता-पिता स्व. उमा सिंह एवं आरएन सिंह स्मृति छात्रवृत्ति आरंभ करने के लिए उपलब्ध करायी है। श्री सिंह व उनके परिवार ने शनिवार को संबंधित चेक कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार जैन को सौंपा। इस धनराशि से आयुर्वेद के स्नातक विद्यार्थी को मेरिट एवं आर्थिक स्थिति के आधार पर 25 हजार रुपये की सालाना छात्रवृत्ति दी जाएगी। वीसी ने बीतेसाल 'प्रतिदान : महामना वार्षिक कोष' आरंभ किया था।

पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना

# सरकार के फरमान से फंसा कोटेदारों का पैसा

**समस्या**

**आपूर्ति विभाग में जमा किया है लगभग 70 लाख रुपये**

**बैरिया।** योगी सरकार के निःशुल्क राशन वितरण के फरमान ने कोटेदारों का लाखों रुपए खाद्यान्न का पैसा फंसा दिया है। खाद्यान्न के उठान के लिए सरकार के मद में पैसा जमा करने के बाद निःशुल्क राशन वितरण करने के आदेश से कोटेदार सांसत में पड़ गये है। अकेले बैरिया तहसील क्षेत्र के विकास खंड मुरली छपरा, बैरिया व रेवती आंशिक के कोटेदारों का लगभग 70 लाख रुपए आपूर्ति विभाग में फंसा पड़ा है। चार महीने का कमीशन बाकी रहना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। दर्जनों कोटेदारों ने बताया कि उन्हें केवल काम का मशीन समझ लिया गया है। उनकी परेशानी और समस्याओं को सुनने के लिए कोई भी अधिकारी तैयार नहीं है।

बता दे कि दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में कोटेदारों ने खाद्यान्न उठान के लिए संबंधित विभाग को पैसा बैंक के माध्यम से जमा कर दिया था। पैसा जमा करने के दो सप्ताह बाद जब उठान का मौका आया तो सरकार ने फरमान जारी किया कि राशन निःशुल्क बांटना है। कोटेदारों ने खाद्यान्न के एवज मे जमा पैसा वापस करने की गुहार लगाई तो विभाग ने बताया कि बकाया कमीशन के साथ यह पैसा जोड़कर आप लोगों के खाते में चला जाएगा। कमीशन की स्थिति यह है कि चार महीने पूर्व का भी कमीशन विभाग में लटका हुआ है।

पूछने पर अधिकारी यह कहते हुए पल्ला झाड़ ले रहे हैं कि कमीशन आजमगढ़ से बनकर आता है। ऐसे में कोटेदार परेशान हैं। निःशुल्क राशन बांटने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधा का क्या होगा। क्योंकि कोटेदार उपभोक्ताओं से कुछ अधिक पैसा लेते थे और कुछ कम मात्रा में खाद्यान्न देते थे। उसके एवज में प्रति कुंतल लगभग 70 रूपये सुविधा शुल्क के रूप में देने की बात बताते हैं। चूंकि निःशुल्क खाद्यान्न वितरण होना है तो कोटेदारों को ही पैसा देखने को नहीं मिलेगा। ऐसे में हाकिमो के पास नजराना कैसे पहुंचेगा? जो कार्य संस्कृति अभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली में है। उसमें नजराना अनिवार्य है। ऐसी स्थिति में अधिकांश कोटेदार मेडिकल पर जाने की बात सोच रहे हैं। देखने वाली बात है कि आगे सार्वजनिक वितरण प्रणाली ठीक-ठाक ढंग से चलती है कि कोटेदार मेडिकल पर जाते हैं।

> कोटेदारों का चार महीने का कमीशन बाकी है। फाइल बनाकर यहां से जिला पूर्ति कार्यालय और जिला पूर्ति कार्यालय से आजमगढ़ भेज दिया गया है। जल्दी कोटेदारों का बाकी कमीशन आ जाएगा। जो पैसा कोटेदारों ने जमा किया है, वह भी कमीशन के साथ वापस लौटा दिया जाएगा। कोई पैसा कोटेदारों को राशन के एवज में नहीं जमा करना है। सुविधा शुल्य की बात गलत है। किसी से कोई सुविधा शुल्क कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं लेता है।
>
> **संजीव सिंह, आपूर्ति निरीक्षक बैरिया**

## पिकप ने बालक को रौंदा, मौत

**बलिया।** रसड़ा-मऊ मार्ग पर नारायणपुर गांव के पास शनिवार की सबह सड़क किनारे बैठे बालक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इधर, घटना के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी एवं चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि नारायणपुर गांव निवासी रोहित (10) पुत्र डब्लू बांसफोर सड़क के किनारे बैठा था। इसी बीच रसड़ा की तरफ से मऊ जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने बालक को रौंद दिया और अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसड़ा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है।

# छात्रनेताओं ने एसडीएम को सौंपा पत्रक



एसडीएम को पत्रक देते छात्रनेता

**बैरिया।** छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर पीजी कालेज दुबेछपरा के छात्रनेताओं ने बैरिया तहसील परिसर में नारा बुलन्द करते हुए शनिवार को उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र को पत्रक सौंपा। छात्रनेताओं ने याद दिलाया कि पिछले दिनों हम लोगों के अनशन के दौरान आपने अनशन समाप्त कराते समय लिखित आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही चुनाव कराएंगे। एक माह बीतने को है।

बावजूद इसके अभी तक छात्रसंघ चुनाव की कोई घोषणा नहीं हुई, जबकि आज ही के दिन वाराणसी स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव का नामांकन हो रहा है। वही, प्रदेश के कई जनपदों में छात्रसंघ चुनाव संपन्न हो चुका है। फिलहाल यहां पर छात्र राजनीति का गला घोंटने जैसा कार्य हो रहा है। छात्रनेताओं ने चेतावनी दिया कि अगर शीघ्र ही छात्रसंघ चुनाव की घोषणा नहीं की जाती तो आगामी 10 जनवरी से महाविद्यालय परिसर में आमरण अनशन पर बैठेंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इधर, उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने प्रकरण को जिलाधिकारी के संज्ञान में डालते हुए छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित कराने की बात कही। इस अवसर पर अरविंद कुमार आशु, मनजीत कुमार, मुकेश यादव, सर्वजीत कन्नौजिया, धनंजय पासवान, प्रकाश पासवान, गौतम गोलू, वरुण, अभय सिंह लक्खा, सूरज तिवारी, सुजीत पासवान आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा छह सूत्रीय मांग पत्र

**बलिया।** ग्राम प्रधान संघ ब्लाक इकाई नगरा के तत्वावधान में ग्राम प्रधानों की बैठक शनिवार को ब्लाक के डवाकरा हाल में हुई। इसमें ग्राम प्रधानों ने सरकार द्वारा मनरेगा में जारी की गई नई गाइड लाइन को निरस्त कर पुरानी गाइड लाइन लागू करने, पंचायती राज के 73वें संविधान संशोधन में ग्राम प्रधानों को मिले अधिकारों को लागू करने, ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों में उपयोग किए जा रहे सामग्रियों के मूल्यों का बाजार भाव से भुगतान करने की मांग की। साथ ही ग्राम प्रधानों के खिलाफ की गई फर्जी शिकायतों में शिकायतकर्ता के खिलाफ उचित कार्रवाई करने, प्रधानों का वेतन सरकार द्वारा खाते में भेजने, ग्राम पंचायतों में बने शौचालयों के केयर टेकर व सहायक सचिव कम डाटा एंट्री आपरेटर का मानदेय सरकार द्वारा दिए जाने की मांग की। तत्पश्चात ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपा। मौके पर अनिल मौर्य, उदयभान, रामजीत यादव, सुनील कुमार, चिंता देवी, कमलेश प्रसाद, राम कठिन राजभर, मुन्नी देवी, विनोद कुमार चौहान आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जयप्रकाश यादव तथा संचालन प्रधानचन्द्र प्रताप ने किया।

### ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा नाला का पानी



**सिकंदरपुर।** नगर के रहिलापाली मोहल्ले में बने नाले के ऊपर सड़क पर पानी बहने के कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के किनारे बना नाली पूरी तरह से सिल्ट से भरा पड़ा है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। इस बार बारिश के पूर्व से ही नाली-नालों की सफाई की ओर सिकंदरपुर नगर पंचायत ने ध्यान नहीं दिया। इसके कारण पानी नाले के ऊपर से बह रहा है। बारिश के दिनों में भी सड़क पूरी तरह से लबालब भर जाती है। घरों से अंदर पानी घुसने लगता है। इस बार सफाई के नाम पर नालों से सिर्फ पालीथिन आदि निकाली गई है। सिल्ट पूरी तरह से नालों में भरी पड़ी है। बरसात के समय नही होने के बाद भी पानी नालो से ऊपर बह रहा है, जिससे लोगों को पैदल चलने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों की माने तो मोतीलाल रावत के घर से बालचंद राम के घर तक नाली जाम है। इससे पानी पूरी तरह से नहीं निकल पाता है।

### ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल



**फेफना।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने ग्राम सभा फेफना में शनिवार को गरीबों, असहायों एवं जरूरतमंद लोगों में कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा कि असहायों एवं जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म होता है। इसके लिए समाज के सभी सामर्थ्यवान लोगों को आगे आना चाहिए। यह पुण्य का काम है। कहा कि कड़ाके की ठंड एवं सर्द हवाओं से गरीब तबका काफी परेशान है। इसके दृष्टि विगत् कई दिनों से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है। हम जरूरतमंदों तक पहुंचकर उन्हें कंबल ओढ़ा रहे है। इस अवसर पर शैलेन्द्र वर्मा, पीयूष श्रीवास्तव, छोटेलाल चौधरी, अशोक कुमार गुप्त, नवीन कुमार गुप्त, किसान बाबा आदि मौजूद रहे।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर बैरिया बाजार के मांझी स्टैंड पर स्थित कुंवर कटरा में शुक्रवार की रात मोटर गैरेज की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए मूल्य के औजार एवं अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार की सुबह दुकान का ताला टूटा देख दुकानदार के होश उड़ गये। बताया जाता है कि चांदपुर निवासी मनु शर्मा की मोटर गैरेज की दुकान कुंवर कटरा में है। रोज की भांति वह शुक्रवार की रात लगभग आठ बजे अपनी दुकान में ताला बंद कर अपने घर चले गए। शनिवार की सुबह वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान में से लगभग 30 हजार रूपए मूल्य के औजार एवं मोटर पार्ट्स का सामान चोरी हो गया है। पीड़ित ने घटना की तहरीर बैरिया थाने में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बहुजन भाईचारा सम्मेलन आज

**बलिया।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन बलिया के तत्वावधान में गंगा बहुद्देशीय सभागार में आठ जनवरी को सुबह नौ बजे से बहुजन भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य अतिथि भीम आर्मी उप्र के संयोजक डॉ. कुलदीप भार्गव होंगे। मुख्य वक्ता किसान नेता राघवेन्द्र आजाद, लेखक डा. अवैस असगर हाशमी एवं छात्रनेता जैतुंजय विश्वास होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष सोनू टैगोर एवं मनोहर भारती ने देते हुए बहुजन समाज से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

### कोटेदार के पति को खानी पड़ी जेल की हवा

**नगरा।** क्षेत्र के खनवर नवादा में कूटरचना करके हथियाई गयी कोटे की दुकान ने कोटेदार पति को जेल की हवा खिला दिया। स्थानीय पुलिस ने फर्जी प्रमाण पत्र पाए जाने पर सम्बन्धित धारा में मुकदमा पंजीत कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। खनवर नवादा में कोटेदार के त्याग पत्र देने से कोटे की दुकान खाली हुई थी। इसके बाद दुकान का आवंटन ब्लाक कमेटी द्वारा तिथि पूर्व खुली बैठक दिखाकर किया गया था। आरोप कर्ता भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष मनोज कुमार भारती ने दुकान आवंटन के बाद से ही इस विषय को लेकर उच्चाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को शिकायत करके जांच की मांग उठाई थी। श्री भारती ने आरोप में कहा है कि चिन्ता सिंह पत्नी सत्येन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने शासनादेश के विरुद्ध आपस में मिलकर दुरभि संधि सांठगांठ कर-के हाईस्कूल का फर्जी अंक प्रमाण पत्र लगाकर धांधली करके कोटे की दुकान का चयन कराया। शिकायत के आधार पर जांच में अंक पत्र कुटरचित फर्जी पाया गया। नगरा पुलिस ने दस्तावेज में कूटरचना करने के अभियोग मे धारा 420, 467, 468, 471 भारतीय दण्ड विधान के तहत मुकदमा पंजीत कर सत्येन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# जीवन ज्योति बीमा योजना का उठायें लाभ : विमलेश



**सहतवार।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा सहतवार में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत कलावती देवी पत्नी स्व. गुप्तेश्वर चौहान निवासी ताहिरपुर, कुसौरी को रुपया दो लाख का चेक शाखा प्रबंधक विमलेश कुमार द्वारा दिया गया।

शाखा प्रबंधक विमलेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ 18 से 50 वर्ष आयु के खाताधारकों को मिलता है, जो वार्षिक रुपए 436 का प्रीमियम देते है। कहा कि इस बीमा का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी का बैंक अकाउंट होना आवश्यक है। भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा एवं ग्राहक सेवा केंद्र के खाताधारक इस योजना का लाभ उठा सकते है। इस बीमा के अंतर्गत बीमित व्यक्ति को रुपए दो लाख का रिक्स कवर किसी भी परिस्थिति में मृत्यु होने पर दिया जाता है। कहा कि इस योजना का रिनुअल वर्ष में फर्स्ट जून को होता है। इस मौके पर उप प्रबंधक ओम प्रकाश दुबे, विसर्जन राजभर, चंद्रकांत सिंह, बृजेश सिंह, नरोत्तम सिंह, सुधांशु गुप्ता, पवन कुमार, सूर्य प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## कड़ाके की ठंड से बाजारों में पसरा सन्नाटा

**बलिया।** जनपद में बिगड़े मौसम में अभी सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। हाड़कंपाऊ ठंड से पूरे दिन लोग जूझते रहे। हालांकि सुबह के समय धूप निकली, लेकिन सर्द हवाओं के चलते धूप की तपिश न के बराबर रही। ऐसे में हाड़कंपाऊ ठंड से परेशान लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। उधर, लगातार बढ़ती ठंड के बीच गर्म कपड़ों की बिक्री में तेजी आ गई है। इससे गर्म कपड़ों के दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। उनका कहना है कि यदि इसी प्रकार ठंड का दौर जारी रहा तो गर्म कपड़ों की बिक्री और तेज हो जाएगी। शनिवार को भी गलन के चलते लगभग पूरे दिन समूचा जनपद ठंड से जूझता रहा। गलन भरी ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेने को मजबूर हो गये। ठंड में कमी न होने के चलते ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी संबंधित बाजार में नहीं पहुंचे। इससे जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में सन्नाटा पसरा रहा।

# नहर के पानी में डूबी किसानों की फसल

**नुकसान**

**किसानों ने संबंधित अधिकारियों से की रेग्युलेटर लगाने की मांग**

जनसंदेश न्यूज



खेत में फैला नहर का पानी

**सिकंदरपुर।** क्षेत्र के पकड़ी ग्राम पंचायत अंतर्गत मंझरिया गांव के लिए पूर रजवाहा से निकली माइनर (छोटी नहर) के हेड पर रेग्युलेटर (फाटक) न होने के कारण अनियंत्रित जलापूर्ति से पकड़ी ताल के किनारे-किनारे बोई गई सैकड़ों एकड़ किसानों की रबी की फसल डूब कर बर्बाद हो गई है।

बताते चले कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अकर्मण्यता के कारण पूर रजवाहा से मंझरिया गांव के लिए निकली छोटी नहर के हेड पर विगत कई वर्षों से जलापूर्ति नियंत्रित करने वाला रेग्युलेटर (फाटक) नही लगा है। इसके कारण जब भी पूर रजवाहा में भरपूर जलापूर्ति होती है, यह माइनर अपने आप ही चालू हो जाती है तथा बिना किसानों की जरूरत होते हुए भी पानी का फ्लो जारी रहता है। यह पानी अंत में इस माइनर के टेल यानि पकड़ी ताल में अनवरत रात-दिन गिरता रहता है। लगातार पानी के गिरने से ताल का पानी ओवर फ्लो करके ताल के किनारे-किनारे बोई गई फसलों को डूबा देता है। इसके कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। क्षेत्र के पहराजपुर गांव निवासी किसान रामाशंकर, सत्यदेव, इस्माइल अंसारी, बिक्रमा, मंटू, बच्चालाल के साथ ही सरया बंजारी गांव निवासी किसान लालबहादुर, चन्द्रदीप, रामनवमी, सुब्बा, सुबास, लल्लन इत्यादि ने अविलंब मंझरिया माइनर के हेड पर जलापूर्ति नियंत्रण के लिए रेग्युलेटर लगवाने की मांग शासन तथा सिंचाई विभाग से की है। उन्होंने कहा कि अगर सिंचाई विभाग ध्यान नही देता है तो हम सिंचाई मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी व्यथा रखेंगे।

# परिवहन मंत्री की शिकायत पर जांच शुरू

**कार्रवाई**

**18 करोड़ के गबन की जांच को बनायी गई तीन सदस्यीय टीम**

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** इन दिनों जिले के स्वास्थ्य महकमे में कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। जांच की आंच में एनएचएम के नोडल (आरसीएच) डा. एसके तिवारी और डा. आरबी यादव (संविदा डीसीएम-एनएचएम) द्वारा लगभग 18 करोड़ की धनराशि का गबन की शिकायत उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लिखित रूप से की है। परिवहन मंत्री की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने जांच का आदेश दिया है। इस मामले में तीन सदस्यों की टीम भी बनाई गई है। उत्तर प्रदेश शासन के सचिव वेद प्रकाश राय ने निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र लखनऊको यह निर्देश दिया है कि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराया जाय और पूरे मामले की वास्तुस्थिति से उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाना हैं।

### इनको मिली जांच की जिम्मेदारी

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक ने जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद बलिया को अवगत कराया हैं कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के अंतर्गत जनपद बलिया में हुए 18 करोड़ के गबन की जांच के संदर्भ में तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। इसमें अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आजमगढ़ मंडल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) बलिया, मंडलीय परियोजना प्रबंधक, मंडलीय परियोजना प्रबंधन इकाई, आजमगढ़ मंडल शामिल है।

## मनबढ़ों ने बाप बेटे को पीटा मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरिया नगर पंचायत के चम्पा सती मुहल्ला में बाइक खड़ा करने के विवाद को लेकर शनिवार को आधा दर्जन मनबढ़ों ने बाप-बेटे की जमकर पिटाई कर दी। इससे दोनों घायल हो गए। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित थाने पहुंचे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बैरिया के चंपा सती मोहल्ला निवासी दिलीप राम (58) तथा पुत्र सत्येन्द्र राम (29) से उनके पट्टीदार के साथ पुरानी रंजिश है। उनके पट्टीदार ने दरवाजे पर बाइक खड़ी किया था। बाइक खड़ी करने की बात को लेकर पूछने पर उसके साथ पहुंचे आधा दर्जन लोगों ने अचानक बाप-बेटे पर हमला बोल दिया। इससे दोनों पिता-पुत्र घायल हो गए। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित बैरिया थाने पहुंचे। पुलिस ने मेडिकल कराकर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में ट्विंकल का चयन



**बलिया।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी केन्द्र के लिए ट्विंकल गुप्ता का चयन हुआ है। चौक लोहापट्टी बलिया निवासी अनिल कुमार गुप्ता और आशा गुप्ता की पुत्री का चयन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में होने पर बलिया के रंगकर्मियों में खुशी की लहर है। विगत सात वर्षों से संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया से जुड़कर ट्विंकल रंगकर्म कर रही हैं। इस दौरान इन्होंने दर्जनों नाटकों में शानदार अभिनय से बलिया के रंगमंच को समृद्ध किया है।

ट्विंकल ने देश के कई बड़े मंचों पर अपने अभिनय का लोहा मनवाया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय संकल्प संस्था के सचिव वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी, अपने माता-पिता एवं शुभेच्छुओं को दिया है। मेरे माता-पिता ने हर वक्त मेरा साथ दिया तथा मेरे शुभेच्छुओं ने हर कदम पर मेरा हौसला बढ़ाया। पिछले दिनों भारतेंदु नाट्य अकादमी में प्रवेश न होने से थोड़ी निराशा जरूर हुई थी, लेकिन मैं फिर से अपने काम में जुट गई। बताते चलें कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के वाराणसी केन्द्र में एक वर्षीय इंडियन क्लासिकल थियेटर में सर्टिफिकेट कोर्स के लिए पूरे देश से मात्र 20 लोगों का चयन होना था, जिसमें ट्विंकल ने अपनी जगह बनायी है। यह बलिया के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता पर आशीष, डॉ. जनार्दन, रामजी, डा. राजेन्द्र, शशिप्रेम, शालिनी, कादम्बिनी, मनजीत, शुभनीत, भवतोष, मोहन, नम्रता, उपेन्द्र आदि ने बधाई दिया है।

# निर्माणाधीन सड़कों के लिए मिला 8.60 करोड़

**बलिया।** शासन ने राज्य सड़क निधि से निर्माणाधीन 11 मार्गों के निर्माण के लिए 8. 60 करोड़ लाख रुपये की धनराशि जारी की है। इन सड़कों का निर्माण कार्य धनराशि की कमी के कारण रुका हुआ था। धनराशि मिलने से मार्गों का निर्माण जल्द पूरा होने की उम्मीद जगी है। जनपद में राज्य सड़क निधि से चल रहे विभिन्न मार्गों के निर्माण को पूरा करने के लिए शासन ने 8.60 करोड़ों की धनराशि जारी की है।

सीयर-चरौवा मार्ग से ईदगाह होते हुए पलिया कुरूमपुर तक मार्ग निर्माण के लिए 65.48 लाख, धड़सरा गांव से गौरनिया पीडब्ल्यूडी मार्ग होते हुए पुर रजवाहा तक मार्ग निर्माण के लिए 82. 13 लाख, झरकटहां-भाखर मार्ग से कल्याणपुर होते हुए भैंसहा भरटोला जूनियर हाईस्कूल तक मार्ग के लिए 148.84 लाख, रेवती-झरकटहां मार्ग से रति छपरा जमधरवा प्राथमिक स्कूल तक मार्ग के लिए 124. 78 लाख, टीएस बंधा से लमही छपरा सारिब मार्ग के लिए 122. 01 लाख, चेरुइया से मोहान की मठिया तक संपर्क मार्ग के उच्चीकरण के लिए 122.64 लाख की धनराशि दी गई है। शेर प्राथमिक पाठशाला सरांक राजभर बस्ती संपर्क मार्ग के लिए 2. 89 लाख, पीएमजीएसवाई मार्ग अपोलहा प्रावि तक 4. 34 लाख, नगरी फिरोजपुर लोनिवि मार्ग से दौलतपुर बड़ी मठ एवं काली मांग स्थान तक सीसी रोड के लिए 7. 50 लाख मिले है। मरलीछपरा-दोकटी ब्लाक सीसी मार्ग के लिए 8344 लाख, मैरीटार नहर से बांसडीह पिंडहरा संपर्क मार्ग के लिए 96.23 लाख की धनराशि दी गई है। पीडब्ल्यूडी के जेई एके सिंह ने बताया कि मार्गों का निर्माण जल्द पूरा किया जाएगा। चेरुईया बघड़ा मार्ग से क्षेत्र के बेदखली, छोटकी नरही, मोहान के मठिया मार्ग दशकों से जर्जर है।

अक्टूबर-नवंबर में मोहान के मठिया की तरफ से मिट्टी का कार्य चालू कराया गया था, लेकिन किसानों द्वारा कार्य रोक दिया गया। इसके बाद आज तक कार्य नहीं चालू हो पाया। नरहीं के राजेश्वर मोड़ से दौलतपुर फिरोजपुर सड़क पर दो माह पहले गड्ढों में गिट्टी डालकर पिचिंग कर दी गई। अब सड़क उखड़ रही है। सड़क का चौड़ीकरण किया जाना था। इस सड़क पर फिर गड्ढे बनने लगे हैं। बांसडीह-बलिया मुख्य मार्ग से पिंडहरा नहर होते हुए मैरीटार को जाने वाले रास्ते का कार्य अधर में लटका हुआ है। कई महीनों से गिट्टी गिराई गई है। पूरे रास्ते पर गिट्टी गिरने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# विधायक ने किया रोजगार मेले का उद्घाटन




**बांसडीह।** स्थानीय ब्लाक के डवाकरा हाल में शनिवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। विधायक केतकी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया। मेला में शामिल तीन कम्पनियों ने सैकड़ों युवक-युवतियों का नौकरी के लिए चयन किया।

विधायक केतकी सिंह ने कहा कि भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार युवाओं को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से रोजगार दे रहीं हैं। प्रदेश सरकार विभिन्न आयोग का गठन कर नौकरी दे रहीं हैं। उन्होंने रोजगार मेला में नौकरी के लिए चयनित होने वाले युवाओं से ईमानदारी व कर्मठता से कार्य करने को कहा। रोजगार मेला में एलएण्डटी अहमदाबाद, गीगाक्राप्स बड़ोदरा व ग्रुप 4 सिक्योरिटी गाजियाबाद ने 317 रजिस्ट्रेशन में शरीर की नाप जोख, प्रमाण पत्र की जांच व इंटरव्यू के बाद 250 युवाओं का चयन किया। विधायक केतकी सिंह ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद, बीडीओ दिनेश मौर्य, राकेश कान्त, शांत स्वरूप सिंह, अरूण यादव, परमानन्द यादव, रमेश कान्त, अमित सिंह, नीरज पांडे, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, अशोक यादव, मुकेश सिंह, सोनू यादव, नीशू सिंह आदि मौजूद रहे।

# जिले में प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा

**पहल**

**गंगा नदी के तटवर्ती पांच ब्लॉकों से एक हजार किसानों का चयन**

**बलिया।** जिले में किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। जिले में खरीफ मौसम में 2500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में देशी अरहर, मक्का, ज्वार जैसी प्राकृतिक फसलें बोई जाएंगी। इसके अलावा परंपरागत औषधीय खेती पर भी जोर दिया जाएगा। कृषि विभाग ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इसके तहत गंगा नदी के तटवर्ती पांच ब्लाकों से अब तक एक हजार किसानों का चयन किया गया है। इसके लिए 50-50 हेक्टेयर का क्लस्टर बनाकर उन्हें प्राकृतिक तरीके से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ शेष किसानों के चयन की प्रक्रिया भी गतिमान है। कृषि विभाग के आंकड़े के अनुसार वर्तमान में जिले में दो लाख 99 हजार 265 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले जनपद में 7338 प्रतिशत यानी दो लाख 19 हजार 599 हेक्टेयर भू-भाग पर खेती की जाती है। इसमें रबी की खेती एक लाख 80 हजार 518 हेक्टेयर में की जाती है, जबकि शेष भूमि पर खरीफ की खेती की जाती है। रसायनिक खादों के अधाधुंध प्रयोग से खेती की सेहत बिगड़ती जा रही है। आलम यह है कि धीरे-धीरे कृषि भूमि बंजर में तब्दील हो रही है। सरकार द्वारा ऐसी जमीनों में हरियाली लाने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग ने कार्य योजना तैयार की है। खरीफ मौसम में प्राकृतिक खेती के लिए जिले के पांच ब्लाकों में पांच-पांच कलस्टर बनाए गए हैं। एक हजार किसानों का चयन कर लिया गया है। किसानों को देशी अरहर, मक्का, ज्वार के साथ ही परपंराग खेती के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

### किसानों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**बलिया।** कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकी जानकारी दी जाएगी। इसके बाद किसानों को रिसोर्स पर्सन प्रशिक्षण देंगे। खरीफ की सफलता के बाद रबी में भी प्राकृतिक खेती का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। इसमें मोटा अनाज कठिया, सांवा कोदा (कटकी) काकन की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि परंपरागत व जैविक खेती में लागत कम और आमदनी अधिक है। इसमें पानी की भी कम आवाश्यकता पड़ती है। प्राकृतिक खेती में गोबर से बनी खाद व कीटनाशक का प्रयोग किया जाएगा।

### गोबर खरीदने की बनेगी योजना

**बलिया।** किसानों को 80 फीसदी सब्सिडी पर जैविक खाद व बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गांव-गांव में किसानों से गोबर खरीदने की योजना है। चयनित किसानों को गोवंश रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर उन्हें मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना से गाय दिलाई जाएगी।

### हरी खाद को दिया जायेगा बीज

**बलिया।** किसानों को गोबर के साथ ही हरी खाद उगाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए बीज दिए जाएंगे। हरी खाद में उत्पादन को 20 फीसदी बढ़ाने की क्षमता होती है। इससे खेत की मिट्टी भुरभुरी और पोली हो जाती है। जमीन के पोषक तत्व मरते नहीं हैं।

> रसायनिक खादों से कहीं अधिक ताकतवर जैविक खाद होती है। केंचुआ खाद से जमीन के अंदर के पोषक तत्व मरते नहीं हैं और जमीन एक फीट नीचे तक पोली हो जाती है। पानी को अधिक ग्रहण करती है। इससे अधिक समय तक नमी बनी रहती है। प्राकृतिक खेती करने को किसानों का चयन किया जा रहा है। विभाग बीज, खाद से लेकर हर संभव मदद करेगा। उन्हें प्राकृतिक खेती करने के तौर तरीके सिखाए जाएंगे।
>
> **इंद्राज, उप निदेशक (कृषि)**

# सीडीओ ने किया ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण

**जाना हाल**

## अभिलेखों की पड़ताल कर अधीनस्थों को दिया आवश्यक निर्देश



ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ।

**सिकंदरपुर।** मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने शनिवार को ब्लाक कार्यालय नवानगर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लाक कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों की बारीकी से पड़ताल करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीडीओ ने ब्लाक प्रांगण में बन रहे मीटिंग हाल व शौचालय, कार्यालय के अभिलेख सहित कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान पत्रावली को सही ढंग से नही रखने के कारण नराजगी ब्यक्त किये तथा आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी। वहीं, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में सही ढंग से पत्रावलियों के न होने पर नाराजगी जाहिर की। मनरेगा के सोशल आडिट को सही ढंग से कराने का निर्देश खण्ड विकास अधिकारी नवानगर कमलेश कुमार यादव व खण्ड विकास अधिकारी पंदह दीपक सिंह को दिया। कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत में किसी भी तरह की अनियमितता निकल कर सामने आती है तो उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने ब्लाक परिसर में बन रहे मीटिंग हाल की तारीफ की। कहा कि इसके बन जाने से मीटिंग लेने में सुबिधा होगी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक नन्द लाल मौर्य, लेखाकार शमशाद आलम, कम्प्यूटर आपरेटर मनरेगा मनोज तिवारी, लेखा सहायक मनरेगा राजेश यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी विवेक राव, अजय कुमार, रामभजन, सचिन्द्र कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## 24 को धूमधाम से मनेगी कर्पूरी ठाकुर की जयंती : अनिरुद्ध

**नगरा।** राष्ट्रीय नाई महासभा जनपद इकाई बलिया के जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध प्रसाद नंदवंशी ने बताया कि इस वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय नाई महासभा द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती काफी धूमधाम के साथ जनता इंटर कालेज के मैदान में मनाया जाएगा। इससे पूर्व 15 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती के उपलक्ष्य में जनपद के भीमपुरा से रथयात्रा निकाली जाएगी, जो दस दिन तक पूरे जनपद का भ्रमण करेगी। नगरा में शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि फेफना के सपा विधायक संग्राम सिंह यादव व दीपक सिंह बघेल रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि कर्पूरी ठाकुर जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजमणि शर्मा के अलावा अन्य बड़े नेता भी शामिल होंगे। जयंती समारोह में जिले के राजनैतिक दलों के नेता भी भाग लेंगे। उन्होंने स्वजातीय बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में जयंती समारोह में भाग लेने की अपील की है।

# संन्यासी को नंगे बदन देख अचंभित हुए लोग

जनसंदेश न्यूज

**गजब**

## प्रभारी निरीक्षक ने संयासी बाबा को रोक कर ली जानकारी

**बेल्थरारोड।** जिसकी सच्ची आस्था भगवान भोले में हो, उसका कोई भी बाल बांका नही कर सकता। ठण्ड तो कोसों दूर भाग जाती है। इस तरह की घटना शनिवार को देखने को मिली, जहां एक सन्यासी बाबा सभी ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करने भीषण ठण्ड में निर्वस्त्र पैदल जाते क्षेत्र के तुर्तीपार में उस समय दिखे, जब मौसम का तापमान 7 डिग्री के लगभग था और सर्द हवाएं चल रही थी। ड्यूटी के दौरान उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र को एक सन्यासी पैदल जाते मिले, जो सिर्फ एक नीचे अचला लपेटे हुए थे। उनका पूरा शरीर नंगा था और कोई वस्त्र शरीर पर नहीं मिला। वह पैर में जूता, हाथ में पानी का बोतल और मोबाइल लिए हुए थे। भीषण ठण्ड में शरीर पर वस्त्र न देखकर उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक ने सन्यासी बाबा को रोककर जानकारी ली। कहा कि तापमान 7 डिग्री है। हम लोग पूरा कपड़ा पहने हैं। आप बिना वस्त्र के है। ठण्ड नही लग रही है इस पर सान्यासी बाबा ने बताया कि सब भोले बाबा की कृपा है। हमारा नाम रंजीत सिंह है। हम गुजरात से पैदल निकले है। लगभग 9 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा करके 12 ज्योतिर्लिंगों का दर्शन कर चुके है। यहां से नेपाल पशुपतिनाथ जाना है। वहां से बद्रीनाथ-केदारनाथ का दर्शन करने के बाद यात्रा समाप्त होगी। भोजन के बारे में पूछा तो कहा कि सिर्फ रात में खाना अपने बनाकर खाते है।



**संक्षेप**

## विधायक ने 170 जरूरतमंदों में वितरित किया कंबल



**सहतवार।** स्थानीय नगर पंचायत के बीचो-बीच स्थित महपालेश्वर नाथ (पंच मंदिर) पर शनिवार को विधायक केतकी सिंह ने 170 जरूरतमंदों में कंबल का वितरण किया। कंबल लेने के लिए सहतवार नगर पंचायत के काफी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग तथा विकलांग पहुंचे थे। इस भीषण ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि योगी सरकार का सपना है कि गरीबों का उसका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। बताया कि जबसे प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है, तबसे प्रदेश में चहुंओर विकास कार्य तेजी से कराया जा रहा है। यह अब धरातल पर दिखने लगा है। कंबल वितरण के पश्चात समाजसेवी नीतू सिंह द्वारा पंच मंदिर के बगल में स्थित बगीचे की सुंदरीकरण हेतु मांग पत्र विधायक को सौंपा। तहसीलदार प्रवीण सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र किसी भी योजना से वंचित न रहे। इस मौके पर नायब तहसीलदार अंजू यादव, व्यापारी नेता अरविंद गांधी, विद्याशंकर प्रसाद, सूर्यकांत सिंह, पंकज पाठक, सुनील शाह, सुशांत सोनी, रंजन सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, जय यादव, सभासद दिलीप गुप्ता, दयाशंकर प्रसाद, रामेश्वर वर्मा, अजीत वर्मा, अजय पांडे पिंटू, लेखपाल अजीत सिंह, सुधीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## आगसा एवं गोंगपा का तहसील पर सांकेतिक धरना



**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेंट्स एसोसिएशन एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य संपूर्ण समाधान दिवस पर कार्यकर्ताओं ने मॉडल तहसील पर नारेबाजी करते हुए सांकेतिक धरना दिया। तत्पश्चात गोंड-खरवार का जाति प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी करने से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल को सौंपा। कहा कि भारत के राजपत्र संविधान (अनुसूचित जाति/जनजाति) आदेश संशोधन अधिनियम-2002 द्वारा बलिया जिले में निवास करने वाले गोंड-खरवार को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गई है। उप्र सरकार के शासनादेश द्वारा भी इन्हें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देश दिये गये है। इसका अनुपालन तहसीलदार एवं लेखपालों द्वारा नहीं किया जा रहा है। जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक रूप से हीला हवाली, परेशान एवं उत्पीड़न किया जा रहा है। डीएम ने एसडीएम सदर प्रशांत नायक को निर्देशित करते हुए शासनादेश के क्रम में जाति प्रमाण पत्र जारी करवाने में आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। वक्ताओं ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में गोंड-खरवार छात्र-नौजवानों को अगली कक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्ति एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं का फार्म भरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर मनोज कुमार शाह, अरविन्द गोंडवाना, संजय गोंड, एडवोकेट अनिल गोंड, राजा गोंड, राजा राम खरवार, भुवनेश्वर गोंड, रामसेवक खरवार, उमाकांत गोंड, शिवशंकर खरवार आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने सुनी आमजन की फरियाद



**सिकन्दरपुर।** स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 37 मामले आये, जिसमें महज तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर सबसे ज्यादा मामले राजस्व विभाग से सम्बंधित रहे। इसको निस्तारण के लिए उपजिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को आदेशित किया। जितेश कुमार वर्मा ने सिकंदरपुर नगर पंचायत में अभी तक कम्बल न वितरण करने की शिकायत किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, अधिशासी अधिकारी सीमा राय, तहसीलदार शैलेश कुमार, नायब तहसीलदार रजनीश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी पंदह दीपक कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी नवानगर कमलेश कुमार, एडीओ पंचायत पंदह प्रेमनाथ, थाना प्रभारी सिकन्दरपुर दिनेश पाठक, खेजुरी थाना प्रभारी बिंदेश्वर कुमार आदि मौजूद रहे।

## सेनानी स्व. हर्ष नारायण ने लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया: प्रवीण नारायण गुप्त

**बेल्थरा रोड।** स्थानीय नगर के बीबीडी स्मार्ट बाजार के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण नारायण गुप्त ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे स्व0 हर्ष नारायण साहब ने अपने प्रयासों से लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया, जिससे उनके परिजनों का आसानी से जीवन निर्वाह हो सकें। 6 जनवरी 1914 को उनका जन्म हुआ था। इसलिए उनकी याद में गुरुवार को जयंती मनाई जा रही है, साथ ही इस जयंती के मौके पर बीबीडी स्मार्ट बाजार में स्थापित पूर्वांचल का दूसरा राष्ट्रीय ध्वज की पहली वर्षगांठ परआयोजित गोष्ठी पर सभी को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि हमारे बाबा स्व0 हर्ष नारायण गुप्त का नाम युग-युग रखने के लिए मैंने उनकी जयंती पर पूर्वांचल के दूसरे सबसे बड़े ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का पिछले वर्ष ध्वजारोहण कराया था। इस मौके पर आयोजित एक अल्पभोज का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर दुर्गा प्रसाद मधुलाला, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार मधुर, अधिवक्ता देवेंद्र कुमार गुप्ता, भाजपा नेता धर्मेंद्र सोनी, मनीष सिंह, गौरव वर्मा, पूर्व चेयरमैन अनिल कुमार गुप्त, सूर्यकुमार शिशु, पूर्व सभासद अमरनाथ मद्धेशिया, पूर्व सभासद अंचल वर्मा, विनोद मद्धेशिया, पंडित नागेंद्र उपाध्याय, सूबेदार भाई, भूतपूर्व सैनिक शशिकांत गुप्ता आदि ने अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के जयनाथ साहू तथा संचालन प्रख्यात ज्योतिषकार एवं पत्रकार सुरेश चंद्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर बीबीडी स्मार्ट बाजार के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण नारायण गुप्त में कड़ाके की ठंड से निजात पाने के लिए गरीबों के बीच 1000 की संख्या में ऊनी कंबल का वितरण शुरू किया, जिसमें समय अभाव के कारण वंचित लोगों को अगले दिन प्रदान किए जाने के लिए बुलावा का संदेश दे दिया।

## सर रार्बट लूई ब्रेल की जयंती आज

**बलिया।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दृष्टि दिव्यांगों के मसही सर रार्वट लूई ब्रेल का जन्म दिवस समारोह दृष्टि दिव्यांगों द्वारा 8 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे स्थान साहू भवन नया चैक जापलिनगंज पर मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिले के कोने-कोने से दृष्टि दिव्यांग उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में समाज सेवियों द्वारा कम्बल वितरण एवं अंगवस्त्र देकर लाभान्वित किया जायेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में छाये रहे राजस्व विभाग के मामले

**आयोजन**

## 12 में महज दो मामलों का निस्तारण



**बैरिया।** स्थानीय तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग के छाये रहे। हाकिमों के समक्ष कुल 12 मामले प्रस्तुत हुए, जिसमें से दो का निस्तारण मौके पर हो गया। शेष मामलो को उचित कार्रवाई हेतु सम्बंधित विभागों को भेजा गया।

उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मठ योगेंद्र गिरी निवासी रामाशंकर राम ने कहा कि दबंग उनके खुद के खेत को नही बोने दे रहे है। पिछले दो समाधान दिवसों पर लगातार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नही हो पा रही है। बैरिया निवासी हरिकंचन सिंह ने ई-रिक्शा का किराया निर्धारित करने की गुहार लगाई। सुरजन छपरा निवासी लाल बिहारी वर्मा ने अपने को भूमिहीन बताते हुए अधिकारियों से खुद को बसने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। दलपतपुर निवासी ददन यादव ने बताया कि कुछ दबंगों ने सार्वजनिक रास्ता को अवरुद्ध कर दिया है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी तहसील प्रशासन उसे खाली नही करा रहा है। रेवती निवासी संजय कुमार ने अतिक्रमण हटाने के लिए उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के जनसुनवाई से लेकर तहसील दिवस तक कम से कम 10 शिकायती पत्र दे चुका हूं। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नही हुई। मिर्जापुर निवासी श्रीराम वर्मा, कर्णछपरा निवासी अशोक सिंह ने अपने-अपने गांवों में दबंगों द्वारा सार्वजनिक मार्गों को बंद करने की शिकायत की।

## ब्लॉक के सात ग्राम पंचायतों को मिला 2.50 करोड़ रुपया

**नगरा।** भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 में चयनित गांवों में कूड़ा निस्तारण संयंत्र लगाए जाने की योजना बनाई गई है, ताकि इन गांवों में सम्पूर्ण साफ-सफाई के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस सन्दर्भ में जिले के सबसे बड़े ब्लाक नगरा की सात ग्राम पंचायतों को 2.50 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं, परन्तु अभी तक इनमें से किसी भी ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इसकी पहली और सबसे बड़ी वजह है इन गांवों में अभी तक इन संयंत्रों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं होना है। इसमें डिहवां ग्राम सभा को 30.85 लाख, कसौंडर ग्राम सभा को 41.38 लाख, मलप हरसेनपुर को 44.48 लाख, नरहीं को 41.18 लाख, मेहरांव ग्राम पंचायत को 1.90 लाख, सिसवार कला को 33.75 लाख तथा ताड़ीबड़ागांव को 57.36 लाख रुपए दिए गए हैं। इसमें 16 लाख रुपए से इन कूड़ा निस्तारण संयंत्रों का निर्माण कराया जाएगा।

इस सन्दर्भ में एडीओ पंचायत प्रमोद सिंह ने बताया है कि इन संयंत्रों के लिए शीघ्र ही भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी।

# ठंड से बचाव के लिए बच्चों को घर से न निकलने दें बाहर

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** भीषण ठंडी और शीतलहर का प्रकोप बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। कड़ाके की ठंड में अभिभावकों की जरा सी भी लापरवाही बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इस मौसम में नवजात शिशु और बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। इस समय ओपीडी में अधिसंख्य बच्चे निमोनिया और कोल्ड डायरिया से ग्रसित होकर आ रहे हैं।

उक्त जानकारी जिला महिला अस्पताल प्रांगण में स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र पर तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. सिद्धार्थ मणि दुबे ने दी। बताया कि इस मौसम में नवजात शिशुओं एवं बच्चों में तेज बुखार, पेट दर्द, उल्टी, दस्त, सांस लेने में तकलीफ, बच्चों का सुस्त हो जाना जैसे लक्षण ज्यादा देखने को मिल रहे है। अचानक शुरू हुई शीतलहर के चलते बच्चों में निमोनिया व कोल्ड डायरिया का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इससे बचाव के लिए बच्चों को घर से बाहर ना निकलने दे एवं बच्चों को हाथ में दस्ताने, पैर में मोजे, सर पर टोपी एवं अन्य गर्म कपड़े अवश्य पहना कर रखें। बच्चे जिस कमरे में हो, उस कमरे का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक रखें। नवजात शिशुओं को गर्म कपड़े में लपेटकर अधिक से अधिक समय तक मां के पास रखें एवं शुरू के 6 माह की आयु तक बच्चे को सिर्फ स्तनपान कराएं। कमजोर नवजात शिशु में वसा की मात्रा कम होने के कारण गर्म होने की क्षमता कम होती है। इसलिए ऐसे नवजात शिशुओं को कंगारू मदर केयर में अधिक से अधिक रखना चाहिए।

**बोले डॉ. सिद्धार्थ मणि दूबे**

## बच्चों को कोल्ड डायरिया एवं निमोनिया से बचाएं

## तत्काल चिकित्सक की सलाह से करायें उपचार

**बलिया।** डा. दुबे ने बताया कि कोल्ड डायरिया में बच्चे को पेट दर्द, दस्त होना, तेज बुखार के साथ उल्टी जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। ऐसे बच्चों का तेजी से निर्जलीकरण होता है और बच्चा सुस्त होने लगता है। अगर किसी बच्चे में ऐसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तरल पेय पदार्थ जैसे ओआरएस का घोल, चावल का माढ़, मूंग की दाल आदि दे एवं तत्काल चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं। वहीं, बच्चों में निमोनिया के लक्षण जैसे तेज बुखार के साथ खांसी, गले में संक्रमण, तेज गति से सांस चलना, छाती या पसली में दर्द होने के साथ सांस लेने में दिक्कत होना एवं गंभीर स्थिति में बच्चे का सुस्त होना आदि भी देखने को मिल रहे हैं। निमोनिया से बचाव के लिए बच्चों को पीसीवी का टीका अवश्य लगवाएं। यह बच्चों को निमोनिया से बचाने में अहम भूमिका अदा करता है। इसके अलावा इस मौसम में बच्चों के खान-पान एवं साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें।

**संक्षेप**

## वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का करें पालन : कहकशा खातून



**मऊ।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लोगों को नए-नए प्रकार से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में षनिवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा शहर के गाजीपुर तिराहा पर वाहन चालकों को फूल-माला पहनाकर उनसे ट्रैफिक नियमों का पालन करने का रिक्वेस्ट किया गया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पहले सप्ताह में लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। बिना हेलमेट लगाए दोपहिया चलाने वालों को माला पहना कर उनसे हेलमेट लगाने का अनुरोध किया जा रहा है, इसी के साथ जो लोग हेलमेट लगाकर चल रहे हैं उनका माला पहनाकर स्वागत किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन कहकशा खातून ने शहर में बिना हेलमेट के चलने वाले दोपहिया चालकों को माला पहना कर उनसे हेलमेट लगाने का अनुरोध किया गया। इसी के साथ चार पहिया चालकों को भी रोककर उनसे सीट बेल्ट लगाकर चलने का रिक्वेस्ट किया गया।

## सरयू के पावन तट पर 15 दिवसीय अखंड हरिकीर्तन में उमड़ रहा भक्तों का रेला

**दोहरीघाट, मऊ।** दो हरियो की पावन भूमि पर सरयू नदी के पावन तट पर स्थित रामघाट हनुमान मंदिर के पास 15 दिवसीय अखण्ड हरि कीर्तन के सातवे दिन भी भक्तों की भारी भीड़ जुट रही है। भीषण ठंड के बावजूद भी भक्तों का रेला उमड़ा रहा। विदित हो कि विगत 42 वर्षों से अनवरत प्रतिवर्ष एक जनवरी से पंद्रह जनवरी तक चलने वाले पन्द्रह दिवसीय अखण्ड हरिकीर्तन हरे रामा हरे कृष्णा हरि कीर्तन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें भक्त रात दिन हरे रामा हरे कृष्णा अखण्ड कीर्तन सरयू नदी के किनारे होने के कारण क्षेत्र से भारी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान आचार्य श्याम जी पांडेय, हनुमान मन्दिर के पुजारी बबलू पांडेय, पूर्व चेयरमैन गुलाब चंद गुप्ता आदि लोगो द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसमे पूरे नगरवासियों का सहयोग जारी है।

## शातिर असलहा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से एक अवैध पिस्टल बरामद

**मऊ।** थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर नरजा पेट्रोल पंप के पास से विकारन उर्फ विकास सिंह पुत्र अनिल सिंह निवासी ताजोपुर थाना सरायलखंसी मऊ के कब्जे से एक अदद पिस्टल 32 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 07/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए: डीएम



**बलिया।** नए वर्ष के प्रथम माह के प्रथम सप्ताह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील बलिया में किया गया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने तहसील बलिया सदर में समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं सुनी। उनके सामने भूमि विवाद, बिजली, पानी, सफाई, चिकित्सा और सुरक्षा से संबंधित मामले आए। जिसे उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द सभी मामलों का निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी मामले का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुन ली जाए। भूमि और राजस्व के मामले में उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर जाकर मौका मुआयना करके ही मामले का निस्तारण करें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उसे जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न किया जाए। समाधान दिवस बलिया सदर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर, उप जिलाधिकारी प्रशांत नायक के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने चीनी मिल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**जांच**

## गन्ना किसानों को समस्त आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** जिलाधिकारी अरूण कुमार ने शनिवार को चीनी मिल घोसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चीनी मिल के जीएम से गन्ना आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जीएम ने बताया कि इस चीनी मिल में बलिया, देवरिया, गोरखपुर, मऊ एवं आजमगढ़ के कुल करीब 16 हजार किसानों से विभिन्न स्थानों पर बने 16 क्रय केंद्रों से गन्ना खरीद की जाती है। किसानों को 3 दिन पूर्व ही इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से दे दी जाती है। साथ ही अगले 72 घंटे तक उनसे गन्ना खरीद की कार्रवाई की जाती है। इस चीनी मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 25 हजार कुंटल गन्ना की है। इस पेराई सत्र में 5 जनवरी तक लगभग 4500 जारी पर्चियों के सापेक्ष 3943 किसानों से कुल 3.41 लाख कुंटल गन्ने का क्रय किया जा चुका है,जिनमें से 727 छोटे आपूर्तिकर्ता किसान हैं। पिछले पेराई सत्र के दौरान कुल 12.73 लाख कुंटल गन्ने का क्रय किया गया था। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी तक क्रय किए गए गन्ने का मूल्य 1163.38 लाख रुपए है जो गन्ना किसानों को भुगतान करना है।जी.एम. ने बताया कि पेडी गन्ना आपूर्ति के उपरांत पौधा गन्ना की आपूर्ति कर पेराई कार्य किया जाता है। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को किसानों को प्रेरित कर जनपद में गन्ना उत्पादन क्षेत्र बढ़ाने को भी कहा, जिससे पेराई सत्र के दौरान चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न ना हो एवं किसानों की भी आमदनी में वृद्धि हो। इस दौरान जीएम सुनील दत्त यादव, जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह, तहसीलदार घोसी उमेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिविर के माध्यम से लोगों को दी गई जानकारी

**मऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामेश्वर एवं अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अभिनय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को इन्डस्ट्रीयल एरिया सहादतपुरा में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित जन को जिला श्रम अधिकारी प्रभात कुमार ने असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों हेतु रोजगार, एवं न्यूनतम पारिश्रमिक के बाबत जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता हूमा रिजवी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता एवं विवादों के मंत्री पूर्व निस्तारण किये जाने के बावत मीडिएशन सेंटर द्वारा उपलब्ध निःशुल्क व सुलभ न्याय के बाबत जानकारी प्रदान की गयी। कोविड-19 से बचाव हेतु बूस्टर डोज वैक्सीनेशन से फायदे के सम्बन्ध में डा0 संजय राव द्वारा उपस्थित जन को जानकारी प्रदान कर बूस्टर डोज लगवाये जाने हेतु उपस्थित जन को जागरूक किया गया। अभिषेक कुमार गौरव ने शिविर के दौरान उपस्थित जन को जनहित सेवा मामले जैसे बिजली पानी इत्यादि के मुकदमे का स्थायी लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करने के बारे में जानकारी दी।

# राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता का महाराष्ट्र में हुआ था आयोजन

**आयोजन**

## टेक्निकल ऑफिसियल के रूप में उ.प्र. की तरफ से राजन विश्वकर्मा ने किया प्रतिनिधित्व

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा तृतीय सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय स्तर के योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के संगमनेर स्थित ध्रुव ग्लोबल स्कूल (27-30 दिसंबर 2022) तक चला। जिसमें 29 राज्यों से योगासन के कुल 750 खिलाड़ियों ने अगल-अलग इवेंट्स में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग 9 से 14 वर्ष (सब जूनियर) व 14 से 18 वर्ष (जूनियर वर्ग) में हुई। दोनों आयु वर्ग में बालक व बालिका सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में कुल पाँच प्रकार के इवेंट्स का आयोजन किया गया जिसमें ट्रेडिशनल इंडिविजुअल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेअर, रीदमिक पेअर व आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट शामिल रहा। नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष उदित सेठ व फेडरेशन के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य नें प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को मैडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय स्तर पर सभी मेडलिस्ट मध्यप्रदेश में होने वाले खेलों इंडिया के 5वें संस्करण में हिस्सा लेंगे। टेक्निकल ऑफिसियल (जज) के रूप में राजन वैदिक ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया यह एक गौरव की बात है। इसके लिए मैं उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक का आभार प्रकट करता हूँ। साथ ही एनवाईएसएफ को भी धन्यवाद करना चाहूँगा।

## एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा षनिवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान चकरा मोड़ के पास से मु0अ0सं0 178/22 धारा 420,306,406 भादवि में वांछित अभियुक्त प्रेमचंद पुत्र रामनंद निवासी सोनबरसा थाना उभांव जनपद बलिया को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# विवि का चौथा दीक्षांत नौ को, 34 मेधावियों को मेडल देंगी राज्यपाल

**तैयारी**

## परिषदीय विद्यालय के बच्चों को देंगी किट, जल भरो आन्दोलन कार्यक्रम का भी आयोजन

## मुख्य अतिथि इसरो के प्रो. वाईएस राजन व विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय होंगे शामिल

**बलिया।** जनननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षान्त समारोह 9 जनवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित होगा। इस दीक्षात समारोह में 34 मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा, जिसमें 28 छात्राएं व 6 छात्र हैं। समारोह के मुख्य अतिथि इसरो के प्रोफेसर वाईएस राजन व विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सम्मिलित होंगे। विवि की कुलपति प्रो0 कल्पलता पाण्डेय ने बताया कि राज्यपाल 12:30 बजे से 2:49 बजे तक दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाला यह दूसरा दीक्षांत समारोह होगा। मेधावियों को मेडल देने के अलावा परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी किट का वितरण करेंगी, जिसमें स्कूल बैग व पढ़ाई-लिखाई से सम्बन्धित सामग्री होगी। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी को सुबह 11 बजे भूमि पूजन के बाद राज्यपाल के कार्यक्रम का रिहर्सल होगा। पिछली बार 32 एकेडमिक मेडल दिये गये थे, जिसमें 25 छात्राएं व 7 छात्र थे। पिछली बार दो मेडल खेल के क्षेत्र में दिये गये थे। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को भी विस्तार से बताया। कहा कि इस बार भी खेलो इण्डिया में यूनिवर्सिटी के छात्र गये हैं। यूथ फेस्टिवल में भी बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। विवि में रेडियो स्टेशन चलाने की दिशा में भी हम कदम बढ़ा रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट के लिए भी लगातार कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहा है। इसरो के प्रोफेसर भी होंगे शामिल कुलपति प्रो. पाण्डेय ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान जल संरक्षण के दृष्टिगत जल भरो आन्दोलन कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।

# वर्दी का रौब दिखा ठगी करने वाला फर्जी दारोगा गिरफ्तार

**कामयाबी**

### पुलिस ने तमंचा और वर्दी किया बरामद

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना पुलिस ने फर्जी दारोगा को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी दारोगा की वर्दी पहन कर विवेचक वन क्षेत्र में धन उगाही कर रहा था। गिरफ्तार फर्जी दारोगा के पास से तमंचा, एक सेट पुलिस वर्दी व फर्जी पुलिस आईडी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक थाना दुल्लहपुर पुलिस को एक फर्जी उपनिरीक्षक की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पुलिस एक जनवरी से ही तलाश में जुटी हुई थी।



कार्यालय में फर्जी दारोगा को मीडिया के समक्ष पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

शुक्रवार को पुलिस टीम द्वारा अमारी गेट पर चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि ग्राम धामूपुर में कुछ लोगों के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया है। जो दारोगा की वर्दी पहनकर गांव में जांच के लिए आया है। वह एक व्यक्ति से दस हजार की मांग कर रहा है, उसके हाव भाव संदिग्ध प्रतीत हो रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम ग्राम धामूपुर पहुँची। जहाँ गांव निवासी रविन्द्र यादव पुत्र बृजमोहन यादव ने पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस को बताया गया कि उक्त व्यक्ति अपने आप को पुलिस उप निरीक्षक बता रहा था। मेरे पास आकर कहा की वह दारोगा संजय है और उसकी नियुक्ति थाना दुल्लहपुर में है। बताया कि तुम्हारे खिलाफ एक लड़की ने रेप का प्रार्थना पत्र दिया है। अगर तुम चाहते हो की तुम्हे जेल न भेजूं तो मुझे दस हजार दे दो। मुझे संदेह हुआ तो मैंने इसे रोक लिया। पुलिस ने अभियुक्त संजय कुमार पुत्र स्व. हरिकिसुन राम निवासी धरिया थाना मरदह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रवीण,यादव, उ.नि. यज्ञनारायण यादव ,का. कैलाश जयसवाल, रंजीत सिंह, वैभव यादव शामिल रहें।

# शनिदेव मंदिर की दान पेटिका से रुपया चोरी

### मु.बाद में लगातार चोरी से सहमे नगरवासी, पुलिस सुस्त

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत बच्छलपुर स्थित शनिदेव मंदिर की दान पेटिका का ताला तोड़कर चोरों ने शनिवार की रात्रि में पेटिका से हजारों रुपए चुरा कर रफुचक्कर हो गए। मंदिर के पुजारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। लेकिन कोतवाली पुलिस के नाक तले चोरी की वारदार हो जा रही है लेकिन पुलिस को कानो-कान खबर तक नहीं लग रही है।

विगत दिन सर्राफा की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का गहना पार कर दिया था,पंरतु अभी तक पुलिस चोरी का खुलासा करने में कामयाब नहीं हुई। जिससे क्षेत्र में लगातार चोरी होने से नगरवासियों में भय व्याप्त है। क्षेत्र के बच्छलपुर स्थित महादेवा में अति प्राचीन देवों के देव महादेव का सोमेश्वर नाथ मंदिर है। जहां रुक कर दर्शनार्थी भगवान का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।मंदिर के उत्तर की तरफ नवनिर्मित भगवान शनिदेव का भव्य मंदिर है। चोरी की सूचना पाकर मंदिर के पुजारी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा की दान पेटिका का ताला टूटा हुआ था और पैसे नदारद थे। पुजारी ने बताया कि विगत कई महीनों से दान पेटिका को नहीं खोला गया है। अतः चोरों द्वारा इसमें दान किए हुए हजारों रुपए चुरा लिए गए हैं। चोरी की सूचना कोतवाली में दी गई है।

### देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गहमर/बारा।** गहमर कोतवाली क्षेत्र के गहमर-सायर मार्ग स्थित सायर पुलिया के समीप से शनिवार की दोपहर पुलिस ने 45 शीशी देसी शराब के साथ बिहार के एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर ग्राम कोच थाना इटाढ़ी जनपद बक्सर बिहार निवासी साधु भर है। उप निरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह के नेतृत्व में गश्ती टीम ने मौके पर पहुंच कर वाहनों की जांच शुरू की। जांच के क्रम में कर्मनाशा नदी के रास्ते पैदल जा रहे एक युवक को रोका तो बोरी में भरे 45 शीशी देसी शराब को जब्त कर लिया।

## संक्षेप

### डॉ.एम.खालिद बने सफाई कर्मचारी संघ संरक्षक



**मनिहारी।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की शनिवार को बैठक नसीरपुर शिवमन्दिर पर संपन्न हुई। सफाई कर्मियों ने संगठन को धार देने के लिए समाजसेवी डा.एम खालिद को सफाई कर्मचारी संघ का संरक्षक बनाया।डा.एम खालिद ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। सफाई कर्मियों की लंबित मांगों पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानातंरण में भी मनमानी की गई है,इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अगर शासनादेश का उलंघन कर कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जाएगा तो संघर्ष करने के लिए कर्मचारी कमर कस लिए है। इस मौके पर अशोक कुमार, उपेन्द्र यादव, जयप्रकाश भारती, राजेश यादव, शैलेन्द्र कुमार, मृत्युंजय चौबे,अगेश कुशवाहा, राम किशुन राम, संतलाल यादव,सकील अहमद,गुललू राम, बनारसी राजभर,अजय कुमार,सदाबृक्ष यादव, मीरा देवी, संजय यादव, जानकी देवी, विजय कुमार, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष जयप्रकाश यादव एवं संचालन मु. इमरान अंसारी ने किया।

### छह ब्लॉकों पर आयोजित होगा रोजगार मेला

**गाजीपुर।** जनपद के छह विकास खण्ड मरदह, रेवतीपुर, सादात, देवकली, बिरनों व बाराचवर में अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से माह जनवरी में रोजगार मेला एवं प्री-कॅरियर कॉउंसलिंग के आयोजन किया गया है। जिस हेतु तिथि एवं कार्यक्रम स्थल निर्धारित की गई है। जिसमें ब्लाक मरदह में दस जनवरी, रेवतीपुर 13 जनवरी, सादात 17 जनवरी, देवकली 21 जनवरी, बिरनो 24 जनवरी तथा बाराचवर 28 जनवरी को जिला सेवायोजन कार्यालय/कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेला एवं कॅरियर-कॉउंसलिंग का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से विकास खण्ड परिसर में आयोजित किया जायेगा। जिला रोजगार सहायता अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस मेले में विभिन्न कम्पनियाँ/नियोजक प्रतिभाग करेंगे।

### पशु आरोग्य मेला का आयोजन

**सुहवल।** ब्लाक अन्तर्गत सोनवल गाँव में पशुपालन विभाग की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन रेवतीपुर राजकीय पशु चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डा. गौरव द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें 212 का चिकित्सकीय परीक्षण व दवाओं का निः शुल्क वितरण के साथ ही टीकाकरण करने के साथ ही पशुपालकों को विशेष रूप से रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। चिकित्साधिकारी डाक्टर गौरव द्विवेदी ने पशुओं को कुर्मी नाशक,बांझपन, गर्भ न होना, बुखार, खुरपका, गलाघोंटू, मुंहपका ,लगंडी, जैसी बीमारी से बचाव की जानकारी देते हुए टीका समय पर लगवाने एवं समय से उपचार की कराने का आह्वान किया।

### ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

**दिलदारनगर।** बिहार से उत्तर प्रदेश में मजदूरी करने के लिए आया मजदूर ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। गायघाट बक्सर बिहार निवासी चांदी पासवान (35) शुक्रवार को मजदूरी करने के लिए धीना गया हुआ था।वहां से अपने घर लौटने के लिए रात्रि करीब 10 बजे मेमो पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के दौरान गिर गया। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई।सूचना पर दिलदारनगर जीआरपी चौकी प्रभारी दिलदारनगर शिवसागर ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर परिजनों को अवगत कराते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया गया है।

### आज निकाली जायेगी विश्व शांति संदेश पदयात्रा

**दिलदारनगर।** कुशवाहा विचार एवं विकास मंच के सौजन्य से विश्व शांति संदेश एवं धाम पदयात्रा का आयोजन 8 जनवरी को सुबह 10 से 3 तक तथागत बौद्ध विहार दिलदारनगर गांव परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री लंका से सद्धर्म कृति वेन डा. भदन्त डी रेवत थेरो होंगे। इसकी जानकारी कार्यक्रम प्रभारी कन्हैया कुशवाहा होंगे।

### गणतंत्र दिवस पर परेड में शाामिल होंगे एनसीसी छात्र

**दिलदारनगर।** गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आयोजित परेड के लिए क्षेत्र के दो छात्रों का चयन होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्यास है। नेवी एनसीसी अधिकारी डा. हेमंत शुक्ला ने बताया कि स्वर्गीय चंद्रशेखर स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवराई के दो छात्र बृजेश मौर्य और मनीष सिंह यादव का चयन हुआ है। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड में दोनों छात्र शामिल रहेंगे। यह जनपद का एक गौरव की बात है जो दिल्ली के परेड में होना क्षेत्र के लोग दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दिए हैं।

### मेजबान सुहवल की टीम ने अगले चक्र में बनायी जगह

**सुहवल।** स्थानीय गाँव स्थित इण्टर कालेज के खेल मैदान में आजाद स्पोर्टिंग क्लब सुहवल के तत्वावधान में 52 वीं अन्तर्राज्यीय स्व गणेश राय एवं प्रभुनारायण राय मेमोरियल फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित है।शुक्रवार की शाम खेले गये एकमात्र मुकाबलें में मेहमान पखनपुरा ने ट्राईब्रेकर में मेजबान सुहवल को 5-4 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया ।मुकाबलें के शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच काफी काटें का मैच देखने को मिला।मध्यान्तर से पहले मैच के 14 वें मिनट में पखनपुरा के राजू ने गोलकर टीम को 1 - 0 की बढत दिला दी।मध्यान्तर तक मेहमान ने बढत को कायम रखा,इसके उपरांत मुकाबलें के 53 वें मिनट में पखनपुरा के आदित्य ने गोलकर स्कोर 2-0 कर दिया। वहीं वापसी की कोशिश में जुटी मेजबान सुहवल के शिवम राय ने मैंच के 78 वें मिनट में शानदार गोलकर स्कोर 2-1 कर दिया।इसके तुरंत बाद ही मेजबान सुहवल के हरेराम यादव ने मैंच के 89 वें मिनट में गोलकर टीम को 2 - 2 की बराबरी पर ला खडा किया। निर्णय निकलता न देख निर्णायक ने ट्राईब्रेकर का सहारा लिया। जिसमें मेहमान पखनपुरा ने मेजबान सुहवल को 5-4 से शिकस्त देकर मुकाबला जीत लिया। मुकाबले में निर्णायक बृजेश मिश्रा व उद्घोषक की भूमिका सुरेन्द्र नाथ राय ने निभाई।

# पिता को मृत घोषित कर पुत्र ने जमीन का कराया वरासत

### छोटे पुत्र ने समाधान दिवस में एसडीएम से न्याय की लगाई गुहार

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवराई।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर समाधान दिवस के पर धन के लालच के पीछे बड़े पुत्र द्वारा अपने ही पिता को मृत घोषित कर उनकी संपत्ति को फर्जी तरीके से वरासत कराने का मामला प्रकाश में आया है। छोटे पुत्र द्वारा बड़े भाई के द्वारा किए गए कथित फजीर्वाड़े के खिलाफ समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया।

गहमर थाना क्षेत्र के लहना गांव निवासी राहुल राय पुत्र कमलाकांत ने समाधान दिवस पर एसडीएम सेवराई को एक प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें उसने अपने बड़े भाई के खिलाफ घर की संपत्ति को पिता को मृत घोषित कर वरासत कराने का आरोप लगाया है। राहुल राय द्वारा आरोप लगाया गया है कि हल्के के लेखपाल उसके भाई विनय कुमार सहित कुल छह लोगों ने उसके पैतृक जमीन को पिता की झूठी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया है एवं जब राहुल द्वारा इस बात की विरोध किया गया तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित का आरोप है की पुश्तैनी जमीन का फर्जी तरीके से वरासत कराकर बैनामा कराए जाने के साथ-साथ उनके पुस्तैनी घर के हिस्से को भी एक लाख रुपये में विक्रय कर दिया गया है।

इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। आरोप सही पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वरासत को खारिज कराकर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाई किया जायेगा।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को मिला प्रांत टोली में दायित्व

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** जनपद से सात कार्यकर्ताओं को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रान्त इकाई में दायित्व मिलने से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पत्रकार वार्ता में संगठन मंत्री विपुल ने कहा कि राष्ट्र और समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत के पास 62वे प्रांत अधिवेशन में प्रान्त अध्यक्ष सुचित्रा त्रिपाठी ने घोषणा कर विभिन्न दायित्व प्रदान किया। जिसमें पीजी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शैलेंद्र सिंह को प्रांत उपाध्यक्ष, पूर्व विभाग सहसंयोजक सारंग राय को एसएफडी प्रांत सह संयोजक,काजल वर्मा को प्रांत राष्ट्रीय कला मंच सह संयोजक, शिवम चौबे प्रांत कार्यसमिति सदस्य, जिला संयोजक शिवम पांडे को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उनके साथ ही संकल्प राय और नेहा शर्मा को भी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व मिला है।

# बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठंड सूरज का नहीं दिखा असर

### घरों में ही कैद रहे लोग, हीटर, ब्लोअर व लकड़ी जलाकर किया बचाव

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** पहाड़ों पर हुई बर्फबारी ने मैदानी क्षेत्रों में ठंड बढ़ा दी है। छह किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली शीत लहर ने शनिवार को भी गलनभरी ठंड से राहत नहीं मिली। यहां न्यूनतम पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना जताई है। बफीर्ली हवाओं से जिला कांप रहा है। ज्यादातर लोग घरों में ही कैद रहे और हीटर, ब्लोअर व लकड़ी जलाकर गर्मी से बचाव करते रहे। वहीं, जरूरी काम से घरों से बाहर निकले लोग भी जगह-जगह जल रहे अलाव पर हाथ सेकते रहे। दोपहर में हल्की धूप खिली मगर शीतलहर चलने की वजह से ज्यादा असर नहीं दिखा पाई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दो दिनों तक यही हालात रहेंगे। न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है। मगर हल्की बदली और कोहरा छाया रहेगा। अधिकतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस रहा। ट्रेनें और रोडवेज बसें गंतव्य को घंटों विलंब से पहुंचीं।

### विद्यालयों में अवकाश और बढ़ाने की मांग

कड़ाके की ठंड व कोहरे के चलते उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) ने विद्यालयों में अवकाश में और बढ़ोतरी करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा है कि ठंड के चलते विद्यालयों में बहुत कम छात्र-छात्राएं आएंगे। आसपास के जिलों में 10 अथवा 12 जनवरी तक विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। इसलिए जिले में भी अत्यधिक ठंड के चलते अवकाश को मकर संक्रांति पर्व तक बढ़ाने की मांग की गई है।

### सुहेलदेव, गोंदिया एक्सप्रेस घंटों लेट

कोहरे के कारण सुहेलदेव और गोंदिया एक्सप्रेस का संचालन सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। शनिवार को सिटी रेलवे स्टेशन आने वाली सुहेलदेव एक्सप्रेस आठ घंटे, गोंदिया एक्सप्रेस सवा नौ घंटे विलंब से पहुंची। इसके अलावा सद्भावना, पवन एक्सप्रेस, डीएमयू, सारनाथ एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें घंटों विलम्ब से चल रही थी।

# योगी सरकार से कर्मनाशा पैकेज की घोषणा की मांग

**इंतजार**

### 1979 में नक्सवादियों ने देवकली गांव में बरपाया था कहर

**जनसंदेश न्यूज**

**बारा।** यूपी-बिहार सीमा पर स्थित गहमर थाना का इलाका भौगोलिक दृष्टिकोण से बेहद चुनौतीपूर्ण है। इस क्षेत्र से दो नदियां गंगा एवं कर्मनाशा प्रवाहित होती हैं। नदियों की तलहटी में दर्जनों गांव हैं,जिसमें 24 किलोमीटर कर्मनाशा नदी का तटवर्ती इलाका है। दो प्रांतों की सीमा तथा विषम भौगोलिक स्थिति के कारण यहां अंतरराज्यीय अपराधियों की आमदरफ्त भी अक्सर रहती है।




यूपी-बिहार को जोड़ने वाला कर्मनाशा रेलवे पुल।

गहमर थाना क्षेत्र के देवकली गांव में वर्ष 1979 में नरसंहार जैसी बड़ी वारदात भी हो चुकी है। जमानियां एवं सेवराई तहसील क्षेत्र से गुजरने वाली कर्मनाशा नदी के लिए विशेष पैकेज की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसकी फाइलें शासन में धूल फांक रही हैं। कई सरकारें आई और गईं लेकिन किसी भी सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। गहमर थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव कर्मनाशा नदी से जुड़े हुए हैं। बिहार की सीमा होने से हमेशा नक्सलियों का भय यहां की जनता में बना रहता है। वर्ष 1979 में क्षेत्र के देवकली गांव में नक्सलियों ने खूब कहर बरपाया था। नक्सलियों द्वारा 16 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने गांव में कैंप लगाकर कर्मनाशा पैकेज की घोषणा की थी। कर्मनाशा पैकेज के तहत पुलिस गश्त के लिए नदी के तट तक सड़क निर्माण, गहमर थाना में अत्याधुनिक हथियार, बुलेटप्रूफ वाहन, सर्च लाइट, बारा, भतौरा, देवल सहित दस पुलिस चौकियां भी स्थापित की जानी थी। इसके तहत बारा व देवल में पुलिस चौकी की स्थापना कर दी गई। कर्मनाशा पैकेज लागू कराने के लिए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डीके चौधरी की ओर से तत्कालीन बसपा शासनकाल में 16 नवंबर 2011 को पत्र भेजा गया था, लेकिन शासन ने पुलिस अधीक्षक की ओर से भेजे गए डिमांड पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया। प्रदेश की योगी सरकार यदि कर्मनाशा पैकेज लागू कर दे तो अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पुलिस को आसानी होगी।

# पुरानी पेंशन नीति बहाली के लिए होगा आर-पार का संघर्ष

**रोष**

### सरकार ने कर्मचारियों पर थोपी एनपीएस, सरकार ने की वादाखिलाफी

**गाजीपुर।** प्रदेश के कर्मचारी इतिहास के कठिन दौर से गुजर रहे है। उस पर जिम्मेदारियां पहले से अधिक बढ़ी है, लेकिन अधिकार लगातार छीने जा रहे हैं। बुढ़ापे की लाठी पेंशन का लाभ हासिल करने के लिए जल्द ही आर-पार का संघर्ष किया जाएगा। यह बातें शनिवार को विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण करते हुए महासंघ के संयोजक बालेन्द्र त्रिपाठी ने कही। महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष रामलाल यादव के निर्देश पर जिला ईकाई का चुनाव और पुनर्गठन 13 जनवरी को किया जाना है। इसके लिए कर्मचारी सक्रिय हों गये है। अधिक से अधिक संख्या में जिला पंचायत सभागार में पहुंचने की अपील कर रहे है। भ्रमण के दौरान कर्मचारियों को बताया जा रहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार पुरानी पेंशन नीति बहाली को तैयार नहीं है। कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए सचेत हो, पुरानी पेंशन नीति लागू करने की मांग को लेकर चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन चलाया जाएगा। 2023 में पुरानी पेंशन बहाली की जोरदार मांग की जाएगी, आवश्यकता पड़ेगी तो कर्मचारी सड़क पर भी उतरने को मजबूर होंगे। भ्रमण के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि अगर नेताओं को नई पेंशन स्कीम इतनी ही अच्छी लग रही है तो अपने ऊपर लागू कर लें। कहा कि विधायक और सांसद खुद इतनी अधिक पेंशन रहे हैं। कर्मचारियों पर नई पेंशन स्कीम थोपी गई है। कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग कर रहे हैं। जब तक की मांग पूरी नहीं होगी वे पीछे भी नहीं हटेंगे। राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड व पंजाब में पुरानी पेंशन नीति बहाल हो चुकी है। भ्रमण टीम में अनिल त्रिपाठी, कृष्णा नन्द यादव, रंगनाथ सिंह, उमेश कुमार, प्रदीप, चन्दन सोनकर, अमित कुमार, गोरख सिंह यादव आदि मौजूद रहे। **मुख्य मांगे...:** राज्य कर्मचारीयों को केन्द्र की भांति भत्ते, पंडित दीन दयाल उपाध्याय कैसलेश सुविधा, बाबुओं का वेतन विसंगति दूर करने, रसोईया को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, संविदा कर्मियों को समायोजित करने, आशा बहुओं, पीआरडी, आगनबाड़ी, ग्रामीण चौकीदार, आदि को न्यूनतम 24000 एवं राज्य कर्मचारी का दर्जा देने के साथ ही चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति खोलने की मांग मुख्य हैं।



ग्रामीण अभियंता विभाग के कार्यालय में जिला संयोजक बालेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में भ्रमणकारी टीम के सदस्य।

# क्रूज गंगा विलास पहुंचा गाजीपुर

**गाजीपुर।** क्रूज गंगा विलास शनिवार की दोपहर बाहर बजे बक्सर से वाराणसी के लिए निकला। शाम करीब चार घंटे से अधिक का सफर तय कर चार बजकर पच्चीस मिनट पर रजागंज चौकी समीप गंगा किनारे पहुंचा। फ्लूटिंग जेट्ट पर 32 विदेशी व अन्य सैलानियों सहित 37 क्रू मेंमर सवार थे। एडीएम अरूण कुमार सिंह, एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी, एसडीएम प्रतिभा मिश्रा सीओ आदि ने सैलानियों का स्वागत किया।

बतादें, सैलानी रविवार की सुबह सड़क मार्ग से लार्ड कार्निवल पहुंच घूमने के बाद सड़क मार्ग से ही वाराणसी के लिए निकल जायेगें। जबकि यह सभी 37 क्रू मेंमर गंगा क्रूज बिलास को लेकर वाराणसी के लिए निकलेगें। जहाँ 13 जनवरी को प्रधानमंत्री विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए वाराणसी से कोलकाता तक चलने वाले इस क्रूज को हरी झंडी दिखायेगें।

इस अवसर पर डायरेक्टर भारतीय जल मार्ग प्राधिकरण वाराणसी राकेश कुमार, कनिष्ठ जलीय सर्वेक्षक भारतीय जल मार्ग प्राधिकरण गाजीपुर/ चुनार संजय कुमार सिंह, क्रूज गंगा विलास जितेन्द्र सिंह,यातायात प्रभारी, सीओ कोतवाल, समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

**उत्सुकता**

### प्रधानमंत्री विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए वाराणसी से दिखाएंगे हरी झंडी

### फ्लूटिंग जेट्ट पर 32 विदेशी और 37 क्रूज मेंमर थे सवार

### दुनिया की सबसे लंबी यात्रा होगी

राज सिंह ने बताया कि गंगा विलास क्रूज 3200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। क्रूज द्वारा जाने वाली यह दुनिया की सबसे लंबी यात्रा होगी। यह सफर कुल 50 दिनों का होगा और इस दौरान यह जलयान भारत और बांग्लादेश की 27 नदी प्रणालियों से होकर गुजरेगा। रास्ते में यह क्रूज 50 से अधिक जगहों पर रुकेगा, जिनमें विश्व विरासत स्थल भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह जलयान राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभयारण्यों से भी होकर गुजरेगा, इनमें सुंदरबन डेल्टा काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान भी शामिल हैं।



# सरकारी जमीन से अतिशीघ्र हटवाएं अतिक्रमण:जिलाधिकारी

**निर्देश**

### संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतों का तत्काल निस्तारण

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुहम्मदाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें 139 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर नौ का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 499 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 42 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया।



मुहम्मदाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनती डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह।

तहसील जमानियाँ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 38 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके 10 का निस्तारण किया गया।

तहसील कासिमाबाद में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 65 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर आठ का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 106 शिकायत प्राप्त दो का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय।

उन्होंने सार्वजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को आगामी तीन दिवस में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद हर्षिता तिवारी , क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद, तहसीलदार मुहम्मदाबाद एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



सेवराई तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में खाली पड़ी कुर्सियां व मोबाइल में व्यस्त अधिकारी।

### संपूर्ण समाधान दिवस में नदारत रहे अधिकारी


**सेवराई।** संपूर्ण समाधान दिवस को लेकर शासन के निर्देश के प्रति सेवराई तहसील के अधिकारी कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बार-बार अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध एसडीएम सेवराई द्वारा जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्यवाही करने के बावजूद भी अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार को भी सेवराई तहसील सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आमजनों की समस्याओं के निस्तारण करने के लिए अधिकारियों की लगाई गई अधिकतर कुर्सियां खाली पड़ी हुई थी। वही कुछ अधिकारी समाधान दिवस के दौरान ही मोबाइल में व्यस्त थे या इसे यूं कहें कि प्रदेश के योगी सरकार के फरमान को सेवराई तहसील के अधिकारी बार-बार कार्यवाही के बावजूद भी ठेंगा दिखाते नजर आ रहे हैं। इस संदर्भ में जब एसडीएम राजेश प्रसाद से जानने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध बार-बार कार्यवाही की जा रही है। आठ अधिकारी अनुपस्थित पाए गए जिनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए जिलाधिकारी को लिखित रूप से भेजा जा रहा है ।

### जिला कृषि अधिकारी पर धनउगाही का लगाया आरोप


**सेवराई।** स्थानीय तहसील पर आयोजित समाधान दिवस पर किसानों के हस्ताक्षर युक्त लिखित शिकायत में जिला कृषि अधिकारी पर डीलरों से अवैध धन उगाही कर यूरिया खाद की कालाबाजारी करने का किसानों ने गंभीर आरोप लगाया । एसडीएम ने मामले को संज्ञान लेकर यूरिया की कालाबाजारी के पूरे प्रकरण की जांच कराने का किसानों को आश्वासन दिया। सेवराई तहसील क्षेत्र में यूरिया खाद का बाजारों में भारी किल्लत होने के वजह से दुकानदारों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया कि 266.50 रुपये प्रति बोरी बिकने वाली यूरिया को दुकानदार 400 रुपए प्रति बोरी बेच रहे हैं। सेवराई गांव के किसान डा. वशिष्ठ सिंह ने एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में जिला कृषि अधिकारी पर सीधा डीलरों से अवैध धन उगाही करने का आरोप लगाते हुए बताया कि जिला कृषि अधिकारी की मिलीभगत से डिलर व दुकानदार यूरिया खाद मनमाने तरीके से रुपये प्रति बोरी बेच रहे हैं।

## जनसंपादकीय

# असहाय प्रार्थनाओं के दौर का दस्तावेज है 'वाया नई सदी'



कविता केवल ज्ञान का मार्ग ही नहीं है, बल्कि यह उससे कहीं अधिक जीवन का मार्ग है। उसकी संपूर्णता में ही जीवन की पूर्णता निहित है। मनुष्य के अन्दर आस्था की स्वप्न दृष्टि को जगाने व सामाजिक तथा नैतिक मूल्यों के प्रति वफादार बने रहने के साथ ही सम्पूर्ण मानवता के प्रति संवेदनशील एवं जीवन के प्रति आशावान बने रहने की प्रेरणा भरना कवि धर्म है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने तो कविता क्या है निबंध में लिखा है 'कविता वह साधन है जिसके द्वारा शेष सृष्टि के साथ मनुष्य के रागात्मक सम्बन्ध की रक्षा और निर्वाह होता है।' कवि श्रीप्रकाश शुक्ल भी इन समस्त परिस्थितियों से तारतम्य स्थापित करते और उसके इर्द गिर्द रहते हुए एक नए रचना संसार का निर्माण करने वाले नब्बे के दशक के महत्त्वपूर्ण कवि हैं।



हिन्दी कविता के परिक्षेत्र में कवि श्रीप्रकाश शुक्ल का आगमन तब हुआ, जब राजनीति व संस्कृति और सामाजिक सभ्यता में एक बड़ा बदलाव हो रहा था। जिसके चलते मानवीय संवेदना के क्षरण में एक व्यापक तीव्रता दिखाई दे रही थी। उस वक्त सोवियत संघ का विघटन और शीत युद्ध की समाप्ति के साथ ही विश्व में नव-अधिनायकवाद की स्थापना का एक अलग ही वर्चस्व था। देश के आर्थिक ढांचे की सुधार के चलते उदारीकरण और निजीकरण के नए मॉडल को अपनाने की विवशता के साथ ही पूंजी और संस्कृतियों के वैश्वीकरण तथा संचार क्रांति, तकनीकी और विश्व-बाजार एवं अर्थव्यवस्था के एकीकरण की विवशताओं ने आम आदमी को एक नए युग में धकेल दिया था। इस चुनौतीपूर्ण समय में उन्होंने घबराये बिना उसका डट कर सामना किया और हुए उस पर तीखा प्रहार भी किया। अपने परिवेश से बहुत कुछ सीखते हुए उसकी नब्ज को टटोलना और उस परिवेश की संलग्नता को अपनी रचनात्मकता का हिस्सा बनाना कवि श्रीप्रकाश शुक्ल की विशेषता है। जो न केवल उन्हें संवेदनशील बनाती है बल्कि उन्हें लोक से भी जोड़े हुए महत्त्वपूर्ण कवि होने का दर्जा भी देती है।

नयी सदी की चुनौतियों एवं खतरों के बीच कवि सम्पूर्ण मानवता के प्रति संवेदनशील बना रहता है। वह प्रकृति के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए निरन्तर सृजनशील भी रहता है। कवि की यह जिम्मेदारी है कि वह समाज में हो रहे अन्याय व अनीति की मुखालिफत करे। श्रीप्रकाश शुक्ल इन सभी चुनौतियों को स्वीकारते हुए अपने आसपास व बाह्य एवं आन्तरिक परिवेश के इर्द-गिर्द की हलचलों के प्रति चौकन्नी दृष्टि रखने वाले साहसिक कवि हैं।

'वाया नई सदी' राधाकृष्ण प्रकाशन से हाल ही प्रकाशित उनका सातवां काव्य संग्रह है। जो अपने अनूठे कहन शैली और कोरोजीविता के लिए जाना जाता है। श्रीप्रकाश शुक्ल को कोरोजीवी कविता का सिद्धांतकार भी माना जाता है। सेतु प्रकाशन से प्रकाशित 'महामारी और कविता' में उन्होंने इस सैद्धान्तिकी पर विस्तार से बात की है। क गद्य संकलन है। नये संग्रह में तमाम कोरोजीवी कविताएं हैं। इसमें उत्तर-कोरोना, असहाय प्रार्थनाओं के इस दौर में, बाढ़ और उसके बाद, इंतजार, गुरु के नाम, लौटना, कोरोना में किचन, यह धूप सेंकने का समय नहीं, गुलमोहर, कोईलिया जल्दी कूको ना, बच्चा, रोटी, आदमी जहां टैग है, हरा पपीता, बहुत मृत्यु बहुत जीवन की शुरूआत है और कचकचिया जैसी कविताएं संकलित हैं, जिनमें कोरोजीवी पक्षों को आसानी से देखा और महसूस किया जा सकता है। ऐसा लगता है कि कवि को कोरोनाकाल का पूवार्भास मिल चुका था। एक वर्ष पहले प्रकाशित कविता संग्रह 'क्षीर सागर में नींद' में एक कविता है... बादल बरस रहे हैं/ मेरे भीतर धूल उड़ रही है/ धरती पर चारों ओर हरियाली है/ मेरे भीतर मणिकर्णिका दहक रही है/ सबकुछ विकासमय है/ और मैं स्मार्ट होते शहरों में जंगल की हत्या देख रहा हूं!


वे कोरोनाकाल के ठीक बाद प्रकाशित इस संग्रह में लिखते हैं...

आक्सीजन में घुसी हुई उंगलियों ने अब गिनती बन्द कर दी है/ दिन रात वे अपनी ही धडकनों को मापने में व्यस्त हैं/ हवा में हाहाकार है/ पानी में खदबदाहट है/ जंगल जल रहे हैं/ आकाश में बहुत गहरा धुआं है! इन दोनों कविताओं में कोरोजीवी तत्व के साथ पर्यावरणीय चिन्ता भी विद्यमान है। इससे साफ जाहिर होता है कि कवि सम्पूर्ण मानवता के साथ-साथ अपने पर्यावरण के प्रति भी सजग एवं संवेदनशील है। इस संग्रह में कोरोनाकाल के अलावा रिश्तों, चुप्पी व उसके पीछे छिपे राज एवम्-जीवन जगत के साथ ही समय समाज की तमाम परिस्थितियों पर लिखी गई कविताएं भी हैं।

संग्रह की 'गाय' शीर्षक कविता बरबस ही ध्यान खींच लेती है। यह कविता महा करुणा का एक आख्यान रचती नजर आती है।

आज जिस तरह से हमारे समाज मे हिंसा व धार्मिक उन्माद बढ़ रहा है, यह वाकई चिन्ता का विषय है। जिस गाय को लेकर समाज के बीच दो पक्षों में इतना बड़ा बखेड़ा खड़ा होता है, गाय उससे बिल्कुल अन्जान बनी हुई है । वह वैसी तो बिलकुल नहीं है, जैसी 'गाय' की छवि होती है। कवि के ही शब्दों में... एक सीधी- सादी गाय अपने सीधे होने के मुहावरे के विपरीत/किस तरह से हिंसक पशु में बदल जाती है/और नाना प्रकार की पशुता को छूट देती हुई/ अपने ही मुहावरे की हत्या कर बैठती है...। कवि गाय के प्रचलित मुहावरे को बदल देता है। इस संग्रह में सत्ता के खिलाफ प्रतिरोधी तेवर भी आपको देखने को मिलेगा। जहां चुप्पा आदमी भी बहुत कुछ कहता नजर आएगा...लेकिन बोलता आदमी जब चुप हो जाए/ तो समझिए कि इस व्यवस्था में/ एक तानाशाह का आगमन हो चुका है/ तानाशाह सीधे सादे वेश में नहीं आता/ वह हमारे मुंह से प्रवेश करता है और जीभ को चीरता हुआ/अंतड़ियों में उतर आता है! श्रीप्रकाश शुक्ल सत्ता के राजनीतिक नारों, वादों और नीतियों के सच की परतों को खोल कर रख देते हैं, उसकी चालाकियों एवं पाखण्डों का भंडाफोड़ कर देते हैं। महामारी के बाद के जीवन को भी कवि का द्रष्टा देखने की कोशिश करता है, बादल होंगे लेकिन नमी नहीं होगी/ आग रहेगी लेकिन ताप नहीं होगा/...रक्षक होंगे लेकिन रक्षार्थ कुछ नहीं होगा/... और तब वे अपने वर्तमान से मुक्त होकर/एक शानदार विरासत का जश्न मनाएंगे/ मानव-मुक्त विकास का जश्न!

संग्रह में तमाम ऐसी कविताएं हैं जो नयी सदी के परिवर्तनों पर सजग निगाह रखती हैं। ढेला, झींगुर, नवता, मित्रता, गुलर, माहताब, समुद्र, चाहत, नियम, जन्मदिन, तुम न बदले, यादें, तो क्या करूं, बादल वंदन मणिकर्णिका, नागनथैया, देव दीपावली व सुबह-ए - बनारस जैसी कविताओं को पढ़ते वक्त लोक में गहरे उसके धंसे होने का भान होता है। कवि अपनी जड़ों की ओर लौटने के लिए भी प्रेरित करता है। 79 कविताओं के इस संग्रह का आवरण पृष्ठ लहूलुहान होते मानवीय अंतसंबंधों की सच्चाई को उजागर करता प्रतीत होता है। इस संग्रह की कविताएं आपको तमाम वर्जनाओं, यातनाओं के विरुद्ध सहती आवाज को बुलंद रखने का साहस प्रदान करेंगी।



**मनकामना शुक्ल पथिक**
**(लेखक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शोधार्थी है)**

# स्त्री-अंतर्मन की सूक्ष्म कोमलता बाह्य संसार

## आकलन

**योगेश प्रताप शेखर**

रजा फाउंडेशन, नई दिल्ली की 'रजा पुस्तकमाला' के अंतर्गत नए रचनाकारों की पहली किताब भी प्रकाशित होती है । इस में कई कविता-संग्रह, आलोचना की पुस्तकें, उपन्यास आदि प्रकाशित हो चुके हैं । इसी श्रृंखला में समकालीन कवयित्री पूनम अरोड़ा का कविता-संग्रह 'कामनाहीन पत्ता' छपा है । इस कविता-संग्रह में स्त्री-जीवन के विविध आयाम अत्यंत सूक्ष्म रूप से दर्ज किए गए हैं । बचपन, प्रेम, देह, स्मृति, अस्तित्व और संघर्ष से जुड़ी तमाम अनुभूतियाँ बिना किसी आवरण के यहाँ महसूस की जा सकती हैं ।

'कामनाहीन पत्ता' किताब हाथ में लेते ही जिस बात पर ध्यान जाता है वह यह है कि इस में बिना शीर्षक के 139 कविताएँ संकलित हैं । इस दृष्टि से शायद यह पहला कविता-संग्रह है जिस में किसी भी कविता का कोई शीर्षक नहीं है । पहली नजर में यह बात हमें चौंकाती है । फिर यह सवाल मन में आता है कि ऐसी कौन-सी रचनात्मक विवशता है जिस ने इन सभी कविताओं को शीर्षकहीन ही रहने दिया ? क्या कवयित्री के मन में कहीं यह था कि शीर्षक कविता को सीमित करता है ? क्या शीर्षक किसी भी रचना के पूरे वितान को अपनी सीमा में बाँध देता है ? दूसरी बात यह भी मन में आती है कि यदि इन कविताओं के शीर्षक नहीं हैं तो इस से इन की ग्रहणशीलता में कोई परेशानी होती है ? पूरी कविताओं को पढ़ने से ऐसा तो नहीं लगता । इस दृष्टि से इस कविता-संग्रह का शुक्रिया अदा करना चाहिए कि यह रचना और उस के शीर्षक के संबंध पर दुबारा सोचने को हमें प्रेरित करता है । एक समय था जब रचना के साथ शीर्षक को अनिवार्यतः जुड़ा माना जाता था बल्कि ज्यादातर आज भी माना जाता है लेकिन इस संग्रह ने इस अनिवार्यता को शिथिल किया है ।

पूनम अरोड़ा की कविताओं में स्त्री-जीवन की उपस्थिति सहज ही और बार-बार लक्ष्य की जा सकती है । इन कविताओं में उल्लिखित स्त्री जीवन के बहुविध अनुभवों को सहेजती हुई प्रतीत होती है । ऐसा लगता है कि बाहर की दुनिया का हर अनुभव चाहे वह एक स्त्री के रूप में उसे हुआ हो या सामान्य मनुष्य की तरह उसे भीतरी यात्रा पर ले कर निकल जाता है । भीतर की यह यात्रा अत्यंत गहरी जैसे किसी सुरंग में चलती हुई लगती है । ऐसा कई बार लगता है कि बाहर की दुनिया उसे बार-बार एक 'स्त्री' के रूप में सीमित करना चाहती है और वह भीतर की यात्रा में अपने मनुष्य मात्र के रूप को बचाए रखना चाहती है । 10 वीं कविता की अंतिम दो पंक्तियों में इसी सीमित किए जाने का अंकन है :

काश ! कि अपने जीवन के हर फैसले से पहले
मैं याद नहीं करती अपनी गुँथी हुई दो चोटियाँ

ये 'दो चोटियाँ' श्रृंगार-साधन नहीं हैं बल्कि एक स्त्री या लड़की को सीमित किए जाने का उपक्रम है । जीवन के हर निर्णय में यह एहसास होना कि वह लड़की है अत्यंत यंत्रणादायक है । इसीलिए 111 वीं कविता में स्पष्ट घोषणा हमारे सामने आती है :

अब मेरे पास बहुत विकल्प हैं
केवल एक विकल्प त्याग दिया है मैंने
स्त्री होना

वैसे तो किसी भी मनुष्य को समझने में यह सहायक होता है कि उस का बचपन किस प्रकार बीता है लेकिन लड़कियों के मामले में यह अलग से विचारणीय है । ऐसा इसलिए कि बचपन ही वह समय है जब पितृसत्ता की बारीक लकीरें लड़की के मन पर खिंचने लगती हैं और यह पितृसत्ता उसे एक भिन्न रूप में गढ़ने लगती है । 'कामनाहीन पत्ता' की कविताओं में बचपन के अनेक प्रसंग तथा बिंब हैं । इन में से अधिकांश यंत्रणा भुगतती लड़की के बयान हैं । क्रूर पितृसत्ता की उपस्थिति किसी भी लड़की को किस प्रकार चूर-चूर कर देती है उस का विवरण इस संग्रह की कई कविताओं में चित्रित है । उदाहरण के लिए संग्रह की दूसरी कविता की पंक्तियाँ है :

मुझे घर के सब रंग पता थे
फिर भी
मैं उन्हें किसी और रंग में रँगना चाहती थी
किसी ऐसे रंग में जिसमें पिता के दुश्चरित्र होने की जंगली खुम्ब-सी गंध न हो
न हो उसमें माँ की वहशी नफरत पिता के लिए

इसी प्रकार सातवीं कविता में बचपन, इतिहास और स्मृति के रिश्ते को जीती हुई एक लड़की कहती है :

मेरा बचपन गले तक भरा है
रक्तिम विभाजन के जख़्मों से
मैंने इतनी कहानियाँ सुनी हैं नानी से सात बरस की उम्र से
कि अब वो गदराये मृत लोग चुपचाप बैठे रहते हैं मेरी पीठ से पीठ टिकाकर
सूरज रोज एक तंज करता है
कि मैंने कितनी कहानियाँ और अपने पुरखों की पीली आँखें भुला दी
मैं सोचती हूँ
क्या सच में ऐसा हुआ है

ऊपर की कविता की अंतिम पंक्ति में जो सवाल है उस का जवाब इस संग्रह की कविताएँ देती हैं और हम यह कह सकते हैं कि ऐसा बिलकुल नहीं हुआ है कि एक लड़की ने अपने पुरखों की पीली आँखें भुला दीं ।

'कामनाहीन पत्ता' की कविताओं में प्रेम की उपस्थिति बहुतायत है । इस प्रेम में एक वयस्क लड़की की पूरी दुनिया पैवस्त है । उद्दाम लालसा, समर्पण, देह के साथ एवं देह के परे रचा गया साझा सुख और इन सब के बावजूद एक रिक्तता का एहसास इन कविताओं में हमें महसूस होता है । जिस प्रेम के बारे में यह माना जाता है कि वह व्यक्ति को पूर्णता की अनुभूति कराता है उसी प्रेम के बारे में ये कविताएँ हमें ध्यान दिलाती हैं कि प्रेम में शत-प्रतिशत भागीदारी के बाद भी एक रिक्तता और अपूर्णता का एहसास होता है जो अत्यंत विदीर्ण करने वाला है । यह रिक्तता और अपूर्णता क्यों है ? इस सवाल की बेचैनी पाठक को भी झकझोरती रहती है । आखिर क्या वजह है कि :

मेरे स्त्री होने की सतह पर
तुम्हारी कई खण्डित आकृतियाँ स्वप्नों की तरह बिखरी हुई हैं
मेरी बेचैनी उन्हें मानवीय होने नहीं देती
और तीक्ष्ण अनुभूतियाँ उन पर परिहास करती हैं

या फिर :

मैं मारी जाने से पहले भी
केवल प्रेमिका थी
और मारी जाने के बाद भी

इस से यह स्पष्ट है कि प्रेम स्त्री के जीवन का महत्त्वपूर्ण अनुभव है लेकिन इतना महत्त्वपूर्ण नहीं कि उस का अपना अस्तित्व ही उस में समाप्त हो जाए ।

स्त्री के लिए उस की देह एक अलग अनुभव है । इस का एक कारण तो प्राकृतिक है क्योंकि स्त्री-देह की संरचना बिलकुल ही अलग और विशिष्ट है । पर इस के साथ यह बात भी है कि पूरा पुरुष-प्रधान समाज एक स्त्री को प्रथमतः और अंततः एक देह में ही सीमित कर देना चाहता है । आखिरकार जब एक लड़की एक सड़क पर निकलती है तो उस की देह को न जाने कितनी और कैसी नजरों से देखा ही नहीं बल्कि जाँचा-परखा जाता है । इसलिए देह स्त्री के अनुभव संसार का सघन बिंदु है । इस अनुभव को अभिव्यक्त करने के लिए एक निर्भीकता और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है । इस कविता-संग्रह में देह को ले कर न तो किसी प्रकार की कुंठा है और न ही लज्जायुक्त गोपन भाव । यह एक साहस है जो इन कविताओं की एक विशेषता है । ऐसा इसलिए भी कि देह से जुड़े अनुभवों को अभिव्यक्त करने के लिए अत्यंत सावधानी जरूरी है । थोड़ा-सा सन्तुलन बिगड़ा कि सब भरभराकर गिर जाता है । प्रेम की स्मृति से ओत-प्रोत 11 वीं कविता में देह और प्रेम एक साथ सधे रूप में प्रकट होते हैं :मेरी भाषा के


घुमावदार अवयवों में
वो सब आरोपित रातें हैं
जिसकी पहेली को सुलझाने की
तुम्हारी तमाम कोशिशें
लगातार बुखार बन कर मेरी देह पर
केसरी धागे छोड़ जाती थीं

प्रेम से जुड़ी इन कविताओं की एक विशेषता और है कि इन के संदर्भ में बुद्ध का जिक्र बार-बार आता है । इस पूरे संग्रह में बुद्ध की आवृत्ति अनेक बार हुई है । यहाँ तक कि इस कविता-संग्रह का शीर्षक 'कामनाहीन पत्ता' पदबंध भी एक कविता में बुद्ध के संदर्भ में ही आया है । 19 वीं कविता की शुरू की दो पंक्तियाँ हैं :

तुम इतने बोधगम्य हो
जैसे समाधिस्थ बुद्ध के पास पड़ा एक कामनाहीन पत्ता

इस का कारण क्या यह समझा जा सकता है कि समाज द्वारा या जीवन द्वारा मिले हर दुख तथा दर्द के बाद विद्रोह के स्थान पर करुणा इन कविताओं का स्थायी भाव है ? ऐसा नहीं है कि इन कविताओं में सत्ता का रूप अभिव्यक्त नहीं है लेकिन उस के प्रति विद्रोह की जगह एक व्यापक करुणा इन कविताओं में अनुस्यूत दिखाई देती है ।

इस संग्रह की एक और अनूठी विशेषता है कि इस में सूक्तियों की तरह अनेक पंक्तियाँ हैं । उन में कई बार बेध देने वाली तुलना होती है या रूपक होता है तो कई बार मन को छू लेने वाले बिंब । अलग-अलग कविताओं से कुछ ऐसी ही पंक्तियाँ नीचे दी जा रही हैं । पहले तुलना और रूपक :



मेरी उम्र की ईर्ष्या से मैं हार जाती थी (कविता संख्या 2)
या तुम्हारी सर्प-सी कविताएँ (कविता संख्या 8)
निर्वाण और नींद
इनकी पंखुड़ियों को मैंने कब का नोच डाला है (कविता संख्या 9)
उँगलियों की बत्तखी भाषा सीखी (कविता संख्या 14)
उसे कविताओं के ईश्वर से घृणा है
मुझे यथार्थ के ईश्वर में दिलचस्पी नहीं (कविता संख्या 41)

और अब कुछ बिंब-विधान से जुड़ी पंक्तियाँ :

सत्ता एक सांस्कृतिक पोस्टमार्टम है (कविता संख्या 47)
जिसके पास फन वाला एक साँप हो
जो मुँह अँधेरे
नहाती हो नग्न तालाब पर जाकर
लपेटती हो साँप को अपनी कमर के इर्द-गिर्द (कविता संख्या 48)
देह के कमल रहस्यों में खुद को खोजते
जैसे कोई अधूरी कविता को दुहराता है बार-बार (कविता संख्या 51)
मेरी सड़कें बहुत लम्बी नहीं
गहरी हैं बहुत
कब्र जितनी (कविता संख्या 77)

'कामनाहीन पत्ता' की कविताओं में हमारी भेंट एक ऐसी स्त्री से होती है जिस के भीतर संवेदना का बहुत अधिक हाहाकार है । बाहर की यंत्रणा उसे भीतर की यात्रा पर ले जाती है जो अनेक तरह की दुर्गम खाइयों तथा घाटियों की तरह है । मानवीय अनुभूति का शायद वह ऐसा लोक है जहाँ तक भाषा की पहुँच संभव नहीं हो पाई है या हुई भी है तो अत्यंत थोड़ी ! इस यात्रा और उस लोक को अभिव्यक्त करने के लिए एक अत्यंत सशक्त भाषा की जरूरत होगी जिस की तलाश शिद्दत से कवयित्री को करती रहनी होगी । ऐसा नहीं होने से अमूर्त का प्रकटन अमूर्त भाषा में ही रह जाने की संभावना है जिस के कुछ संकेत इस कविता-संग्रह में भी हमें मिलते हैं । इस से इस कविता-संग्रह के महत्त्व पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता । 'कामनाहीन पत्ता' स्त्री कविता के प्रति उम्मीद और आश्वस्ति की कामना जगाता है ।

**(सहायक प्राध्यापक (हिंदी), दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

# आदिवासियों को मृत्यु का शोक भी ज्यादा परेशान नहीं करता

## 'बस्तर-बस्तर' उपन्यास के लेखक लोकबाबू जी से नीरज की बातचीत

## साक्षात्कार

**आदिवासी समाज की संस्कृति के प्रति हमारे सुसंस्कृत समाज का व्यवहार कैसा है? इस सम्बंध में आपके अनुभव क्या हैं?**

हरेक समाज की अपनी अलग संस्कृति होती है, आदिवासी समाज की भी अपनी अलग संस्कृति है। सभी को अपनी संस्कृति भली और बेहतर लगती है, मगर आदिवासी अपनी संस्कृति की उच्चता का डिंडोरा नहीं पीटते। शहरी सुसंस्कृत समाज दम्भ से भरा समाज है जो आदिवासी समाज को निचली श्रेणी के मनुष्य का समाज मानता है। उसका व्यवहार आदिवासी के प्रति तरस खाती हेय दृष्टि से भरा होता है। उन पर अपने कर्मकाण्ड लादने, अपना धर्म अपनाने और जोर जबरदस्ती से उसे 'सुधरने' के लिए बाध्य करने की कोशिश करता है। असफल होने पर कहता है- तुम्हारा भगवान ही भला नहीं कर सका तो कोई और क्या कर लेगा?

**आदिवासी समाज में उत्सवधर्मिता का कितना महत्व है?**

आदिवासियों में समय की कमी का रोग अभी फैला नहीं है, क्योंकि उनके मन में न सम्पत्ति संग्रह का लालच है न कोई भारी महत्वाकांक्षा ही बसती है। जो थोड़ा मिल गया उसी में संतुष्ट हो जाने के कारण उनके पास समय काफी निकल आता है। उनके पास दीगर मनोरंजन के साधनों भी नहीं हैं। जीवन में आई हर घटना को वे प्रकृति प्रदत्त मानते हैं और सहज स्वीकार लेते हैं। बस्तर में 'गोटुल' के रहते तक हर शाम से उनका नाच गाना आरंभ हो जाता था, लेकिन अब 'गोटुल' के न रहने पर भी समाज में उपस्थित किसी भी अवसर को वे उत्सव की तरह मनाते हैं। मंद पीते हैं और नाच उठते हैं। गाने लगते हैं। मृत्यु का शोक भी उन्हें अधिक दिनों तक शोकसंतप्त नहीं रख सकता।

**आदिवासी जीवन और साहित्य में विद्रोही आन्दोलनों या अभियानों की क्या भूमिका रही है ?**

एक आदिवासी का सम्पूर्ण जीवन ही जीवनयापन के लिए संघर्ष करता बीतता है। प्रकृति का प्रकोप, जंगली जीवों का डर और अब शहरी आबादी के बढ़ते दबाव से वह अपने जीवन को बचाता फिरता रहता है। उसका घर (झोपड़ी ही सही) है, मगर स्थायी नहीं है। जीवनयापन के लिए वह वनोपज पर ही निर्भर है।

सदियों से वह जंगल को अपना समझता रहा है, मगर जब अंग्रेजों के शासनकाल (1910) में अतिक्रमण हुआ तो वह अपने राजा के खिलाफ भी उठ खड़ा हुआ था। समय समय पर अनेक ऐसे मौके आये, उसने देखा, सहा। उसकी कल्पना में ये संघर्ष उसकी रचती-बनती-संशोधित होती कल्पनाओं में, मिथकों की शक्ल में उसके जेहन में बस गई, जो उसकी बोली में, साहित्य में, कथाओं/गीतों के रुप में प्रकट होती रहती है।

**बस्तर समस्या की ओर आपका ध्यान कैसे गया और इस पर उपन्यास लिखने के बारे में कब और क्यों सोचा? साथ ही थोड़ा इसकी रचना प्रक्रिया के बारे में बतलाइये।**

बस्तर मेरे अपने गृहजिले राजनांदगांव से लगा हुआ जिला रहा। बस्तर के समाचार मुझे मिलते रहे। बस्तर के संबंध में लिखी कुछ किताबे भी मैंने पढ़ी, जिनमें वहां की समस्याएँ तो थीं, प्रशासन और नक्सलियों के विचार भी दिखते थे, मगर वहां के आदिवासी लोगों के विचार और जीवन नदारत था। शायद इसकी आवश्यकता भी नहीं समझी गई।

मैंने इस पर शुरू में एक कहानी लिखने की कोशिश की, फिर लगा कि बस्तर की जो भारी समस्या है, आदिवासी जीवन का जो संघर्ष है उसे एक कहानी में समेट पाना मुश्किल है। वह शुरूआती कहानी ही थी जो बढ़ते-बढ़ते उपन्यास की शक्ल पा गयी। इस हेतु मैंने दसकों बार वहां की यात्रा की। आदिवासियों से मिला, उन्हें सुना। वर्जित जगहों पर भी गया। पुराने अखबारों की खबरें पलटीं। फिर एक एक अध्याय को कई बार लिखा, सुधारा तब ही कुछ बनने जैसा आभास हुआ। अब यह उपन्यास कितना अपील करता है यह पाठक ही बता पायेंगे।

**बस्तर समस्या पर आपके उपन्यास से पहले भी अनेक उपन्यास आये हैं, उनकी चर्चा प्रशंसा भी खूब हुई। ऐसे में 'बस्तर बस्तर' उपन्यास किस तरह से अन्य उपन्यासों से अलग है?**

दुर्भाग्य से मैंने दो-तीन को छोड़कर ज्यादा कुछ नहीं पढ़ा। मुझे उपलब्ध भी नहीं थे और मैंने भी ज्यादा प्राप्ति की कोशिश नहीं की। असल में मैं ज्यादा कुछ लिखना चाहता भी नहीं था। वह तो एक कहानी ही थी, जो अपनी एक रौ में बहते-बहते उपन्यास में तब्दील हो गई। फिर जो पढ़ा भी तो उनमें बस्तर की समकालीन मूल समस्या, आदिवासियों का पक्ष, उनकी संस्कृति, लोकजीवन की कमी मुझे नजर आयी। मैं इस कमी को दूर करना चाहता था। संभव है अब भी कुछ कमी रह गई हो!

**इस उपन्यास की नायिका 'इरमा' न चाहते हुए भी तात्कालिक परिस्थितियों के कारण 'गुफा पल्टन' का हिस्सा बनने के लिए मजबूर हो जाती है, जबकि बस्तर में 'गुफा पल्टन' से जा मिलने का सीधा मतलब होता है सरकार/प्रशासन की नजरों में दुश्मन बन जाना। ऐसे में एक महिला की दृष्टि से इस तरह फैसला लेना कितना चुनौतीपूर्ण होता होगा?**

बस्तर में महिलायें यूं भी उतनी कमजोर नहीं हैं जितनी शहरी संस्कृति की महिलाएं। इरमा की माँ हिड़मा भी सारे निर्णय खुद लेती है और बाद में कुछ हद तक इरमा भी वैसा ही करती है। बस्तर का आदिवासी अपने जीवन में न प्रशासन का दखल पसंद करता है न नक्सलवादियों का। मगर जब एक को चुनने की मजबूरी हो और अपना, परिवार का, समाज का जीवन दांव पर लगा हो और फिर हर हाल में मृत्यु को वरण करना ही हो तो वह निर्णय लेना ही पड़ता है। प्रशासन की गतिविधियों ने तो उसे लगभग मार ही डाला था। उसे नक्सलियों ने नया जीवन दिया था। इसलिए वह अपना बाकी जीवन भी नक्सलियों को समर्पित कर देती है।

**बस्तरिया जीवन और आपके उपन्यास दोनों में ही 'सलवा जुडुम' का विशेष महत्व है। इसके बारे में थोड़ा बतलाइये।**

'सलवा जुडुम' कहने को एक 'शान्ति अभियान' था, मगर असल में वह एक युद्ध का शंखनाद ही था। आदिवासियों को नक्सलियों का भय दिखाकर उनके गांव-घरों से, जंगल से निकालकर सड़कों के किनारे कैम्पों में छोड़ देना और फिर नक्सलियों को असहाय समझ उनका उन्मूलनकर उपयोगी जंगलों को, खनिजों से भरे पहाड़ों को बड़े पूंजीपतियों के हवाले कर देना। ऐसा अभियान दुनिया के और देशों में भी चला। कहीं शासन को सफलता मिली और कहीं नहीं भी।

आरंभ में प्रचारित यही किया गया था कि यह आदिवासियों का स्वस्फूर्त आन्दोलन है, मगर वह झूठ था। दिग्भ्रमित आदिवासी किशोरों को एसपीओ (रढड) बनाकर उनके हाथों में प्रशासन द्वारा बंदूकें थमा दी गई थीं। आदिवासी आदिवासी का नरसंहार करने लगा था। कोर्ट के दखल के बाद ही इस 'सलवा जुडुम' को रोका गया। मगर आज भी अनेक जगहों पर वे कैम्प हैं और आदिवासी वहां से पूरी तरह अपने गांव नहीं लौट पाये हैं। नक्सलियों ने उन्हें अपना गांव छोड़कर न जाने की हिदायत दी थी, मगर वे चले गये थे, अब डर है कि लौटने पर नक्सली उन्हें नहीं छोड़ने वाले!

**उपन्यास में तेंदूपत्ता के ठेकेदारों का उल्लेख अनेक जगह आया है। आपकी दृष्टि में आदिवासी लोगों की बदहाली के लिए ये ठेकेदार(सेठ) किस हद तक जिम्मेदार हैं?**

बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य (सीमित दिनों के लिए ही सही) बड़े पैमाने पर होता रहा है। आदिवासी नकद राशि पाने की आशा में बड़ी संख्या में उसमें जुड़ते रहे। मगर उन्हें आसपास के राज्यों की बनिस्बत बहुत कम मजदूरी मिलती रही। उन्हें अन्य राज्यों के बराबर मजदूरी का लाभ मिले, इस हक की लड़ाई में नक्सलियों ने उन्हें आन्दोलित किया। बाद में मजदूरी बढ़ा भी दी गई। शुरूआत में नक्सलियों के प्रति आदिवासियों के मन में जो संदेह की भावना थी, तब दूर हो गई थी। इस आन्दोलन से नक्सलियों को दण्डकारण्य के विशाल भूभाग में पांव पसारने का अवसर भी मिल गया था।



मगर सिर्फ तेंदूपत्ता संग्रहण में ही नहीं, उनके द्वारा संग्रहित अन्य वनोपज में भी अन्य ठेकेदारों/व्यापारियों/शहरी दलालों द्वारा शोषण होता रहा था। नक्सलियों की सह पाकर आदिवासी अब थोड़े सतर्क हुए। आदिवासियों की बदहाली के लिए सिर्फ तेंदूपत्ता ठेकेदार ही जिम्मेदार नहीं थे। वनोपज की दूसरी चीजों के ठेकेदारों के अलावा सरकारी कर्मचारी, अधिकारी और स्वयं सरकार की लम्बे समय तक अनदेखी भी इसकी जिम्मेदार रही है।

**इस उपन्यास को पढ़कर लगता है लिखने से पहले लेखक ने पर्याप्त तैयारी की है। लेकिन मेरा सवाल है कि आपके इस उपन्यास में कितना हिस्सा यथार्थ और कितना कल्पना से निर्मित है?**

बिना तैयारी के यह लिखा जाना संभव भी नहीं था। तैयारी के साथ ही साथ इसे लिखने में मुझे साढ़े चार साल भी देने पड़े। अनेक संशोधन भी करने पड़े। कुछ छोड़ता तो कुछ जोड़ता रहा सालों। मैं चाहने लगा था कि इस उपन्यास में 'बस्तर' को व्यापक फलक में प्रस्तुत किया जाये, जिसमें नक्सली, प्रशासन, मुख्यधारा के वामपंथी, सामान्य नागरिक और आदिवासियों की दृष्टि का भी समावेश हो।

यह बताना तो मुश्किल है कि इसमें कितना हिस्सा यथार्थ है और कितना कल्पना का है। मोटे तौर पर इतना कहा जा सकता है कि यथार्थ की जमीन पर मैंने कुछ कल्पना के बीज रोंपे हैं। बस्तर को जानने समझने की कोशिश में वहां विचरण के अवसर पर जो भाव फिजा में तैरते रहे, उन्हें लपक कर मैंने उपन्यास की शक्ल में सामने रख दिया।

**(लोकबाबू , 'बस्तर-बस्तर' उपन्यास के लेखक का सम्पर्क नम्बर 9977030637, साक्षात्कार कर्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधछात्र हैं, संपर्क 9716632367)**

# अनामिका सिंह के गीत



### 1. रूढ़ियों की बेड़ियाँ

दूर तक छाया नहीं है , धूप है,
पाँव नंगे राह में कीले गड़े ।
लोक-हित, चिंतन बना,
साधन हमें
खोदना है रेत में,
गहरा कुआँ ।
सप्तरंगी स्वप्न देखे
आँख हर,
दूर तक फैला
कलुषता का धुआँ ।
कर रहे पाखण्ड
प्रतिनिधि बैर के ।
हैं ढहाने दुर्ग
सदियों के गढ़े,
रूढ़ियों की बेड़ियाँ
मजबूत हैं ।
भेड़ बनकर
अनुकरण करते रहे,
स्वर उठे कब हैं
कड़े प्रतिरोध के ।
जो उठे असमय वही
मरते रहे ।
सोच पीढ़ी की
हुयी है भोथरी,
तर्क चिंतन में
हुए पीछे खड़े
हो सतह समतल
सभी के ही लिए
भेद न हो , वर्ग में
अब न बँटें
खोज लें समरस
सभी निष्पत्तियाँ
शाख रूखों से नहीं
ऐसे छँटें
काट दें नाखून
घातक सोच के ,
चुभ रहे सद्भाव के
बेढब बढ़े ।

### 2. गंगी खड़ी उदास

बीती सदियाँ कुएँ जगत पर,
गंगी खड़ी उदास,
मिटी न जोखू प्यास ।
छल से बल से सामंतों के,
रहा सदा आधीन ।
मंद हुई कब गति शोषण की ,
हुआ दीन अति दीन ।
हर विमर्श के नाम
दमन का,
बढ़ता रहा परास ।
पैरहन बदले
नित सत्ता ने,
बढ़ते गये विकार ।
रहे समानांतर
दूरी पर,
शोषित के अधिकार ।
ऊँच -नीच की
पटी न खाईं,
हुए नहीं आयास ।
सद्भावों के
दृश्य लुप्त हैं,
बन्ध्या हर उम्मीद ।
समरसता की,
भेदभाव ने
की तस्वीर पलीद ।
ऐसे दोजख से
की जाती है
क्या कोई आस ?

### 3. न बहुरे लोक के दिन

मूँद कर आँखें
भरोसा था किया,
न बहुरे लोक के दिन ।
खेत चलकर आ गये
चकरोड पर ।
और फसलों ने रखा
व्रत निर्जला,
रेंगती मुंसिफ के जूँ
न कान पर ।
दाँव बदले चाँद,
ज्यों षोडश कला ।
न्याय पैंताने डुलाता
है चँवर,
न टरते शोक के दिन ।
आवरण में नित
ककहरे झूठ के,
हैं परोसे तंत्र ने
जन के लिए ।
चेतना के पाँव
कीले हैं गये ।
सत्य का हर
स्वर
विलोपन के
लिए ।
रोकनी हैं मिल
दमन की पारियाँ,
न हैं अब धोक के दिन ।
हर कलम का जो,
असल दायित्व है ।
धार पर चल
चेतना का स्वर भरे ।
क्यों कहेगी बात
न ईमान की,
डर बिगाड़े का कलम
कब मन धरे ।
जो जबर बन छल रहे
लो ,आ गये
उन्हीं की टोक के दिन ।

### 4. जीवन के अनुभव झुर्री में

जीवन के अनुभव झुर्री में
कर्मठता की खान ।
खेत सिवाने उम्र कटी है ,
संतति की खातिर ।
धूप ओढ़कर छाँव उगाई ,
जिसने नंगे सिर ।
विषम हाल में चढ़े जतन से,
जीवन के सोपान ।
कामगार , मजदूर , लिपिक हैं ,
इनके अनगिन रूप ।
संतानों ने फटक दिये
ज्यों फटके थोथा सूप ।
वृद्धाश्रम में गाड़ दिये जा
होकर मुक्त मचान ।
कल तक ये छतनार वृक्ष थे
जब भारी थी जेब ।
सेवा निवृत्त हुये आँख के तारे
करें फरेब ।
ये शुभता के बोधिवृक्ष हैं
वक्त रहे पहचान ।

### 5. मौन रहना हम सभी का अब भयानक है !

न्याय की पलटी तराजू
सत्य की हँस डाँड़ मारे ,
वंचितों का स्वर बने जो
दण्ड के खोले किवारे ।
न्याय के अन्याय से कब
सच गया छक है !
बाँटते संकेत पर भय
तान बन्दूकें दरोगे ,
और रख झूठी दलीलें
फैसले दें श्याम चोगे ।
कोई भी उम्मीद
इनसे झूठ
नाहक है ।
डंक जहरीले चुभातीं
नव पनपती आस्थाएँ ,
और पुजती जा रहीं हैं
मुँह सिले फिर भी शिलाएँ ।
आग है,
धर्मांधता के हाथ
चकमक है !

**कवयित्री विज्ञान एवं समाज-शास्त्र की परास्नातक हैं। संपर्क 9639700081**

# 108 के सापेक्ष मौके पर महज आठ मामले का निस्तारण

**आयोजन**

## तहसील दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

जनसंदेश न्यूज


फूलपुर तहसील में सुनवाई करते डीएम व एसपी।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की देख रेख में किया गया। इस दौरान 108 मामले आये जिसमे 8 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया। कई फरियादी ऐसे मिले जो कई बार से तहसील दिवस का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन निस्तारण अभी तक नहीं हो सका।

तहसील दिवस पर कंदरी अतईपुर गांव के लालबहादुर यादव ने कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने राशन कम देने और राशन पर अधिक पैसा लेने को लेकर 5वीं बार शिकायती पत्र दिया। सुदनीपुर के महेंद्र प्रसाद द्वारा बक्सपुर पिच मार्ग से सुदनीपुर अनुसूचित बस्ती तक 2008 में स्वीकृत हुए पिच मार्ग का अभी न बन पाने के सम्बंध में 10 बार शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन निस्तारण के नाम पर कुछ नही हुआ। माहुल नगर के फैज मेंहदी ने शिकायती पत्र में भाभी की जमीन को दूसरे के नाम फर्जी ढंग से बैनामा करने का आरोप लेखपाल पर लगाया है। शेखवलिया मटियार में खेल मैदान और ग्रामसभा की जमीन पर अवैध कब्जा को हटवाने के लिए प्रधान प्रतिनिधि सुबास चैहान द्वारा 6 बार में 3 बार डीएम के तहसील समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन अभी तक तहसील प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा नही हटाया गया। फरियादी तहसील के चक्रमण लगाते रहते हैं, वहीं तहसील प्रशासन निस्तारण करने के मामले में फिसड्डी साबित हो रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार संजय कुमार कुशवाहा, नायब तहसीलदार सुशील कुमार, राजेश पाण्डेय, इंदु दुबे, रामसूरत गौड़, पूजा पाठक, राजीव यादव, बाबूराम पाल, सीओ अनिल कुमार, कोतवाल अनिल सिंह, विनोद कुमार, बिजय बहादुर आदि मौजूद रहे।

### बिना कोरोना की जांच कराये नहीं मिला प्रवेश

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आवेदकों को कोरोना की जांच के बिना सभागार में प्रवेश की अनुमति नहीं थी। कोरोना की जांच के बाद ही प्रवेश मिल रहा था। काफी संख्या में लोग कोरोना की जांच कराते रहे। सुबह से कोरोना की जांच के लिए लाइन में खड़े लोग अधिकारियों को कोसते हुए अपने घरों को वापस गए। इस संबंध में बहादुर, अमित सिंह, विरेन्द्र, नदीम, कलीम, हसीब आदि का कहना है कि कोरोना की जांच में ही सब समय चला गया जिससे प्रार्थना पत्र नहीं दिया जा सका।

# ट्रक से कुचल कर युवक की मौत


रोते बिलखते परिजनों को ढांढ़स बंधाते ग्रामीण।

जनसंदेश न्यूज

**बिलरियागंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शांतिपुर गांव निवासी मुकेश कुमार 27 वर्ष पुत्र नाथे की शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।

बिलरियागंज थाना क्षेत्र के शांतिपुर गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र नाथे साइकिल से बिलरियागंज मरीज देखने जा रहा था। इसी दौरान गोरिया बाजार में सामने से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने धक्का मार दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके से ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता की मौत 25 दिन पहले हुई थी। लेकिन पिता के गम से अभी छुटकारा नहीं मिल पाया तब तक दूसरा परिजनों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक दो भाइयों में छोटा था। मृतक के पास तीन बच्चे है।

# आलाकत्ल के साथ हत्यारोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## जहानागंज थाने के बड़ौरा खुर्द गांव का मामला

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जहानागंज थाने की पुलिस ने बड़ौरा खुर्द गांव में रंजिशन हुई मारपीट में घायल पूर्व महिला प्रधान की मौत के मामले में नामजद पांचवें आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद कर लिया।


जहानागंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

बड़ौरा खुर्द गांव में बीते तीन जनवरी की सुबह भूमि विवाद के चलते दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल पूर्व प्रधान कौशिल्या देवी की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए थे। मृतक पक्ष के राजेश कुमार पुत्र लालचंद की तहरीर पर राजकुमार पुत्र भगेलू, दीपक उर्फ अमित, मनीष उर्फ डम्पी व सतीश उर्फ पम्पी पुत्रगण राजकुमार, आशा पत्नी राजकुमार निवासी बड़ौरा खुर्द तथा अलका के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने चार जनवरी को नामजद आरोपी राजकुमार, मनीष, आशा तथा अलका को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस मामले में वांछित आरोपी सतीश को पुलिस ने शनिवार की सुबह गोधौरा स्थित पुलिस बैरियर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### शिक्षक अपने दायित्व एवं अधिकार के प्रति जागरूकः शैलेश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय मंत्री शैलेश राय के नेतृत्व में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलपति प्रो.प्रदीप कुमार शर्मा से उनके कार्यालय पर मिला। प्रांतीय मंत्री शैलेश राय तथा जिलाध्यक्ष बालकेश दूबे ने कुलपति को आगामी दस जनवरी को सम्पन्न होने वाले सम्मेलन, शैक्षिक गोष्ठी, बाबू विश्राम राय की जयंती जो गांधी गुरूकुल इंटर कालेज भवरनाथ में सम्पन्न होगा उसमें शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। कुलपति ने कहा कि हम शिक्षक समाज से हमेशा जुड़े रहने में ही अपने को धन्य समझते हैं। प्रांतीय मत्री व जिलाध्यक्ष ने वार्ता के दौरान बताया कि शिक्षक अपने दायित्व एवं अधिकार के प्रति काफी जागरूक हैं। नेताद्वय ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि पुरानी पेंशनको समाप्त करके सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है जबकि इस समय नौजवान धीरे-धीरे भाजपा सरकार से नाराज होते जा रहे हैं जो इनके झूठे वादों का पदार्फाश करेंगे। इस मौके पर शेषनाथ मिश्र, साकेत चतुवेर्दी, प्रिया तिवारी, नागेंद्र कुमार, बलवंत सिंह, दिनेश सिंह, रविशंकर लाल उपस्थित रहे।

# स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

**बैठक**

## बैठक कर बनायी रणनीति दिया गया दिशा निर्देश

जनसंदेश न्यूज



बैठक को संबोधित करती प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शकुंतला चौहान।

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी आजमगढ़ व लालगज इकाई की बैठक शनिवार को संयुक्त रूप से बागेश्वर नगर स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर-अयोध्या चुनाव की तैयारियों पर चर्चा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शकुंतला चौहान मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि का स्वागत जिलाध्यक्षद्वय ध्रुव कुमार सिंह व ऋषिकांत राय ने किया।

मुख्य अतिथि शकुंतला चैहान ने कहा कि खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर-अयोध्या चुनाव महत्वपूर्ण है जिसके लिए मतदाता सूची का गहन अध्ययन किया जाय। साथ ही चुनाव के बाबत पदाधिकारियों को पोलिंग स्टेशनवार दायित्व प्रदान किया जाना है।

पूरे जनपद के लिए मतदाता सम्पर्क योजना बनाना व जिला स्तर पर एक प्रमुख तय करना होगा और अनुमानित प्रचार सामग्री एवं जिला स्तर पर एक प्रमुख तय करना होगा। मतदान से संबंधित अन्य विन्दुओं पर भी गहना से विचार विमर्श किया गया। प्रदेश कार्यालय से आए हुए निदेर्शों का पालन करते हुए पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ लग जाएं। जिले में उक्त चुनाव के निमित्त चुनाव संयोजक हनुमंत सिंह एवं संजय राम को सह चुनाव संयोजक महेश्वरी कांत व डा.शैलेन्द्र नाथ यादव को बनाया गया। इस अवसर पर तीजाराम, पवन त्रिपाठी, राजवीर सिंह, संजय राय, दयाशंकर यादव, अभिषेक सिंह, दिलीप सिंह, योगेन्द्र राय, ठाकुर प्रसाद आदि मौजूद रहे। संचालन महेश्वरीकांत पांडेय ने किया।

# कार्यशाला में नाबार्ड की योजनाओं की दी गयी जानकारी


कार्यशाला को सम्बोधित करती हिना देसाई।

**अंजानशहीद आजमगढ़।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के रामानंद सरस्वती पुस्तकालय जोकहरा के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा जनपद की सामाजिक ग्रामीण स्तर पर काम कर रही संस्थाओं के लिए नाबार्ड मीट उनके क्षमता वर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य विकास प्रबंधक मिथिलेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहम्मद आरिफ खान ने नाबार्ड की योजनाओं और नाबार्ड के दायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीण एवं कृषि के माध्यम से ग्रामीण कम्युनिटी के लिए कार्य करने के लिए जोड़ने का आह्वान किया। संस्था के कार्यकारी निर्देशक हिना देसाई ने कार्यशाला का संचालन किया। कार्यशाला में एनजीओ का सुझाव संचालन करने हेतु सत्रों का आयोजन किया गया। इस प्रकार कार्यशाला में ग्रामीण पुर्ननिर्माण संस्था बढ़या बिलारी, जन सेवा संस्थान वरदह, मेजवां वेलफेयर सोसाइटी, मुबारकपुर वेलफेयर सोसाइटी, रामधनी जन सेवा संस्थान जमसर लाटघाट, बाबा विश्वनाथ सेवा समिति, श्रीजन शिक्षण संस्थान कप्तानगंज, मुबारकपुर वेलफेयर सोसाइटी सहित दर्जनों एनजीओ के संचालक उपस्थित रहे।

बता दें कि इस कार्यशाला में विजय लक्ष्मी अहरौला, कमला सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, अखिलेश, रविंद्र चौहान, अनीता सिंह, जयंती राजभर आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला की अध्यक्षता डीडीएम नाबार्ड मोहम्मद आरिफ खान ने किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि यूनियन बैंक के एलडीएम मिथिलेश कुमार ने सभी एनजीओ के संचालकों से कहा कि आप सभी लोग एनजीओ का संचालन जनहित में करें ।जिससे पूर्व में हुए कोरोना का हाल में किए गए अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुचारू रूप से हुआ था। इसी तरह से आगे भी काम करने की जरूरत है और और किसी भी आवश्यक आवश्यकता ओं की जरूरत हो उसमें अपनी सहभागिता हो।

# सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना मुबारकपुर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

बीते 24 नवम्बर को वादिनी मुकदमा द्वारा शिकायत किया गया था कि अभियुक्त रियाज पुत्र सरवर, इजहार पुत्र फरीद व उमर पुत्र फरीद निवासीगण कुकुरसण्डा थाना मुबारकपुर द्वारा वादिनी के साथ सामुहिक दुष्कर्म किया गया है। जिसके आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। शनिवार को उक्त मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त रियाज पुत्र सरवर उर्फ सरदार निवासी कुकुरसण्डा थाना मुबारकपुर को रोडवेज चैराहा कस्बा मुबारकपुर से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# निर्धारित रेट से ज्यादा पर खाद बेचने पर दो दुकानदारों का लाइसेंस निरस्त

## जिला कृषि अधिकारी ने किया खाद की दुकान का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिला कृषि अधिकारी डॉ.गगनदीप सिंह द्वारा फूलपुर एवं बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खाद के दुकानदारों का निरीक्षण किया गया तथा सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि खाद पॉइंट ऑफ सेल (पोस) मशीन से ही बिक्री किया जाए तथा स्टॉक रजिस्टर एवं विक्री रजिस्टर प्रतिदिन पूर्ण किया जाए। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अपूर्ण होने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध लाइसेंस निलंबित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने दुकानदारों को निर्देशित किया कि खाद निर्धारित दर पर ही बिक्री होनी चाहिए। डीएपी का निर्धारित दर 1350 रुपए प्रति 50 किग्रा बोरी तथा यूरिया का निर्धारित दर 266.50 रूपए प्रति 45 किग्रा बोरी हैं। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए किसान सहकारी समितियों के अधिकारी के मोबाइल नंबर 9451302740, 97933 72403 तथा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 9450753720, 9453072429, 7839882455 पर संपर्क कर अपनी कठिनाई, परेशानी का निस्तारण आसानी से करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि खाद खरीदने के लिए आधार कार्ड एवं खतौनी अनिवार्य है। एक किसान एक समय में एक ही बोरी खरीदें। किसान किसी भी प्रतिष्ठान पर भीड़ ना लगाएं और नाही कानून व्यवस्था को हाथ में ले।

फूलपुर एवं बूढ़नपुर क्षेत्र में खाद की दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा जबरदस्ती जिंक वितरण करने तथा किसानों से निर्धारित दर से अधिक दाम पर यूरिया बिक्री करने के कारण 2 खाद के दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित किया जिसमें यादव खाद भंडार बस्ती भुजबल एवं डीसीएफ उर्वरक बिक्री केंद्र सैनपुर सम्मिलित हैं।

# जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों को बांटा कम्बल

जनसंदेश न्यूज


जरूरतमंद व्यक्ति को कम्बल देते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कड़ी ठंड एवं शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव एवं रैन बसेरों का देर रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन, रोडवेज, पहाड़पुर तिराहा, मंडलीय जिला चिकित्सालय व रैन बसेरा सदर एवं भंवरनाथ चैराहे सहित शहर के कई प्रमुख स्थलों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी को सभी जगह अलाव जलते हुए मिले।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निराश्रित एवं बेसहारा लोगों को शेल्टर होम्स में रखा जाय। जिलाधिकारी ने रैनबसेरा में आए बेसहारा और निराश्रित व्यक्तियों से उनका हाल पूछा कि आप से यहां ठहरने का कितना पैसा लिया गया है इस बात पर सारे व्यक्तियों ने कहा कोई पैसा नहीं लिया गया है जिलाधिकारी ने कहा आप लोगों को खाने और रहने में कोई समस्या हो तो बताएं इस बात पर व्यक्तियों ने मिली सुविधाओ की सराहना की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को निर्देशित किया की रैन बसेरा के बाहर नोटिस बोर्ड पर निःशुल्क व्यवस्थाओं की लिखित जानकारी अंकित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति रात्रि में बाहर न रहे। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि का वितरण किया।

इसी के साथ ही मंडलीय चिकित्सालय में आकस्मिक वार्ड का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार दवाओं की उपलब्धता एवं मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं को सुनिश्चित कराएं। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को निर्देशित किया कि अपने निर्धारित ड्रेस में ड्यूटी करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी को ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने अवगत कराया कि दवाओं के साथ ही अन्य आकस्मिक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दवाएं एवं आवश्यक सुविधाएं चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन का जो निर्देश एवं गाइडलाइन प्राप्त हुआ है, उसके अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आजमगढ़ उपस्थित रहे।


पुण्यतिथि के अवसर पर कम्बल देते विद्यालय प्रबंधक।

### शारदा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर बांटा कम्बल

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील अंतर्गत मां शारदा ब्रम्हदेव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल पर स्व. शारदा देवी की पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविन्द सिंह ने दीप जलाकर व धूप दिखाकर माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात एकेडमी हेड आरएस शर्मा सहित सभी ने एक-एक कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मां की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अन्त में जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया गया। गायत्री परिवार द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ करके स्व.शारदा देवी की पुण्य तिथि मनायी गयी व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। स्व.शारदा देवी बहुत ही धर्मिक प्रवृत्ति की थी। दो बार चारों धाम की यात्रा के साथ ही तमाम साधु संतो का घर पर प्रसाद ग्रहण कराने के साथ ही दान पुण्य करती थी। इसी क्रम में निज आवास सिधारी पर परिवार के सदस्यों व पड़ोसियों द्वारा सभा कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके साथ ही बनवासी छात्रावास में सभी बच्चों के साथ भोजन कर स्व.शारदा देवी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर ब्रम्हदेव सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, प्रेम सागर सिंह, डॉ.डीडी सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, मनोज सिंह, श्रीराम तिवारी, अनिल राय, शिवम सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने अलाव के लिए दिया ज्ञापन

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** शीतलहर और कड़ाके की ठंड को देखते हुए जहां जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों व नगर पालिका में अलाव की समुचित व्यवस्था कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं वहीं नगर पंचायत अतरौलिया के अलाव और लकड़ी की व्यवस्था को देख नगर वासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है, जिसे लेकर शनिवार को व्यापार संगठन के दर्जनों लोग नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचे। नगर व्यापार संगठन के अध्यक्ष नवनीत जायसवाल ने बताया कि यहां व्यापार संगठन के लोग उपस्थित हुए हैं। नगर पंचायत में अब तक जो भी आलाव और लकड़ी की व्यवस्था की गई है वह बहुत कम है। नगर पंचायत के कुछ स्थानों पर ही अलाव जलाए जा रहे हैं जिसे लेकर नगर पंचायत कार्यालय से यह जानकारी दी गई कि अलाव जलाने के लिए इस समय कोई बजट नहीं है। नगर पंचायत में जो भी अलाव की व्यवस्था की गई है वह नगर कर्मचारियों के अपने बजट से अलाव जलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि नगर पंचायत कार्यालय द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं कराई जाती तो व्यापार मंडल स्वयं अलाव की व्यवस्था करेगा, क्योंकि निकाय चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद नगर अध्यक्ष का अधिकार समाप्त हो जाता है और सारी जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी की होती है।

## संक्षेप

### अंडरआर्म क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन



**लालगंज (आजमगढ़)।** शनिवार को सलहरा व देवगांव में अंडरआर्म क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सलहरा में आयोजित नेशनल फिलिंग सेंटर टूनार्मेंट का उद्घाटन जहां सामाजिक कार्यकर्ता इमलाक अहमद सलहरा व पूर्व प्रधान बनारपीर मुहम्मद आरिफ ने किया वहीं देवगांव में आयोजित आजमी ट्रैवल्स क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन नंदापुर प्रधान आनंद यादव ने किया। सलहारा में उद्घाटन मैच बैरीडीह और बसही के बीच खेला गया। इस मौके पर कमेटी के अजफर, काशिफ, आदिल, महताब, साजिद, अरसलान, अरबाज, यासिर, शहजाद, जमशेद, वसीम बेग, आमिर, डॉ. शमीम, सोहराब, सुफियान व सालिम आदि मौजूद रहे। वहीं देवगांव में आयोजित आजमी ट्रैवल्स क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन नंदापुर प्रधान आनंद यादव ने किया। इस अवसर पर अरकम, मआज, शहबाज, अमन, मोहीबुल्लाह, अली शायान, अहमद, आता आदि उपस्थित रहे।

### पं.अनिल कुमार पाण्डेय का निधन अपूरणीय क्षतिः कुन्दन



**आजमगढ़।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष और जनपद के कई शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक अनिल कुमार पाण्डेय का हृदय गति रुकने से असामयिक निधन हो गया। उनकी पत्नी गीता पाण्डेय रघुपुर ग्राम की प्रधान हैं। उनके निधन की जानकारी मिलते ही ग्राम रघुपुर में शोक की लहर व्याप्त हो गई तथा उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने परिजनों को ढ़ाढस बंधाते हुए कहा कि पंडित अनिल कुमार पाण्डेय के निधन से एक अपूर्णनीय क्षति हुई है। वे शिक्षा जगत के धरोहर थे। राष्ट्रीय सचिव संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि उनके सामाजिक कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में प्रधान हरीश पाठक, सभा के प्रदेश महामंत्री अशोक कुमार तिवारी, मण्डल अध्यक्ष सौरभ उपाध्याय, पूर्व एमएलसी राकेश यादव, अजय कुमार पाण्डेय, दीना मिश्रा, बंशीधर पाठक, अभिषेक पाण्डेय, सवार्नंद पाण्डेय, रमेश सिंह, पंचदेव पाण्डेय, अनिल श्रीवास्तव, डॉ.ओके मिश्रा आदि शामिल हैं।

### एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने की बैठक



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर अतरौलिया समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सेक्टर प्रभारियों की एक बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में सपा राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव मौजूद रहे। अध्यक्षता रामकवल वर्मा तथा संचालन जयप्रकाश यादव ने किया। बैठक में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की अपील की गई। सपा राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तानाशाही की सरकार चल रही है। बुलडोजर के नाम पर लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। गरीबों की बात को कोई सुनने वाला नहीं है। किसान खाद को लेकर परेशान है। इस ठंड के मौसम में किसान सुबह से ही खाद के लिए लाइन में लग रहा है फिर भी उसको खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार हर मोर्चे पर फेल है। गरीब नौजवान मजदूर किसान सब अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्नातक चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से कार्यकर्ता जिताने का कार्य करें। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुभाषचंद जायसवाल, पूर्व प्रमुख बर्मन यादव, चंद्रजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य शीतला निषाद, जिला पंचायत सदस्य लछिराम वर्मा, कन्हैया गौड़, कमला यादव, रणविजय यादव, घनानंद गिरी आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य कर्मचारी ने दिव्यांग बच्चों संग मनाई पिता की पुण्यतिथि



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कैलाशी महिला विकास समिति आजमगढ़ द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय ध्यानीपुर, लोहरा में अंजनी त्रिपाठी सौ शैय्यायुक्त संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया ने शनिवार को अपने पिता जी की छठवीं पुण्य तिथि मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर अंजनी त्रिपाठी ने बच्चों में चिप्स, टॉफी, बिस्किट, कुरकुरे, ठण्ड से बचने के लिये बच्चों के लिए दो ब्लोवर, टोपी साबुन, पेस्ट, दवा और शैम्पू इत्यादि सामग्री का वितरण किया। विद्यालय के सभी दिव्यांग बच्चों ने संगीत और नाच गाने का भी कार्यक्रम किया। इस अवसर पर अंजनी त्रिपाठी के परिवार के सदस्य व विद्यालय की सुनीता देवी, प्रियंका राय, बिपिन, गंगा प्रसाद, लीलावती, विनीता, रेनू, नीलम मौर्या, निलेश, प्रवीन गिरी, विजयमणि, सुमित आदि उपस्थित रहे।

### प्रमोशन के बाद किया गया सम्मानित



**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में मुख्य अभियंता कार्यालय स्थित परिसर में समारोह आयोजित कर सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति हुए राधेश्याम यादव व राजीव कुमार का सम्मान किया गया। मुख्य अभियंता कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर सहायक अभियंता से अधिशासी अभियन्ता के पद पर पदोन्नति होने पर राधेश्याम यादव व जू.ई. से सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति होने पर राजीव कुमार का सम्मान किया गया। मुख्य अभियंता ने प्रतिक चिन्ह देकर राधेश्याम यादव एवं राजीव कुमार को सम्मानित किया और दोनों लोगों की सराहना की। अधिक्षण अभियंता अजय मिश्रा ने कहा कि आज के माहौल में राधेश्याम यादव एवं राजीव कुमार का कार्य सहाहनीय है। कार्यक्रम संयोजक प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि जनपद की जा`एक परम्परा है कि सब लोग मिल जुल कर काम करते हैं, वह आज के समय के लिए बहुत बड़ी बात है। इन लोगों ने काम करने का एक माहौल बनाया है। इनके यहां से जाने से हमें बहुत दुख है परंतु खुशी इस बात की है कि यहां से प्रोन्नति होकर जा रहे हैं।

### 586 छात्र-छात्राओं को बांटा गया स्मार्ट फोन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के खुरासो स्थित रामबचन यादव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समारोह आयोजित कर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा व पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया। फूलपुर तहसील क्षेत्र के खुरासो स्थित रामबचन यादव स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री व स्कूल प्रबंधक रामआसरे विश्वकर्मा ने 586 छात्र छात्राओं को वितरित किया। स्मार्ट फोन पाते ही छात्र एवं छात्राओं के चेहरे खिल उठे। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह स्मार्ट फोन सरकार द्वारा वितरित किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि समस्त छात्र और छात्राएं इस डिजिटल युग में स्मार्ट फोन के जरिए ऑनलाइन डिजिटल शिक्षा ग्रहण करें जिससे सभी छात्र-छात्राएं इस डिजिटल युग में अपनी पहचान बना सकें। पूर्व विधायक श्याम बहादुर यादव ने कहा कि रामबचन यादव महाविद्यालय के बीएड बीएससी के फाइनल छात्र एवं छात्राओं के लिए 586 स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है। सभी छात्र एवं छात्राएं स्मार्टफोन का सदुपयोग करते हुए अपनी शिक्षा में गुणवत्ता लावें। इस अवसर पर सुरेन्द्र बहादुर यादव, योगेश उपाध्याय, संतोष गिरी, डॉ.कनीज फातिमा, मनोज यादव, अजरा आदि मौजूद रहे। संचालन रामानन्द सिंह ने किया।

### ददरा भगवानपुर गांव में जरूरतमंदों को बांटा गया कम्बल

**आजमगढ़।** तहबरपुर ब्लाक क्षेत्र के ददरा भगवान पुर गांव में समारोह आयोजित कर इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए 50 जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए ठंड से बचने के लिए जहां जिला प्रशासन द्वारा जगह जगह कम्बल वितरण का कार्य किया जा रहा है तो वहीं समाज सेवी भी इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरण का कार्य कर रहे हैं।

# हमलाकर हत्या का प्रयास करने वाले पांच गिरफ्तार

**कामयाबी**

## पुलिस ने कानूनी कार्यवाई कर आरोपियों को भेजा जेल

जनसंदेश न्यूज



जानकारी देते एसपी सीटी

**मिजार्पुर।** विन्ध्याचल थाना पुलिस ने हत्या करने की नियत से गैपुरा में विजय मिश्र के साथ मारपीट करने वाले 5 अभियुक्त को आज गिरफ्तार किया। जिसका खुलासा एसपी सिटी श्री कांत प्रजापति ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान किया। पकड़े गए आरोपी अकोढ़ी गाँव के निवासी हैं। पुलिस ने नामजद बऊ सिंह उर्फ नागेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0अमर बहादुर सिंह, अतुल सिंह उर्फ मृगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह, नीतीश सिंह उर्फ गोलू सिंह पुत्र कोमल सिंह, नीरज सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह एवं मिन्टू सिंह उर्फ आशीष पुत्र विरेन्द्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया गया। थाना विन्ध्याचल में 22 दिसम्बर को क्षेत्र के अकोढ़ी ग्राम निवासी विजय मिश्र ने नामजद अभियुक्तों के खिलाफ एक राय होकर जान से मारने की नियत से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर विन्ध्याचल थाना में हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। गैपुरा चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक रविकान्त मिश्रा ने घटना से सम्बन्धित 5 अभियुक्तोंबऊ सिंह उर्फ नागेन्द्र प्रताप सिंह .अतुल सिंह उर्फ मृगेन्द्र प्रताप सिंह, नीतीश सिंह उर्फ गोलू सिंह, नीरज सिंह तथा मिन्टू सिंह उर्फ आशीष को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी अकोढ़ी गाँव के रहने वाले हैं। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपी बऊ सिंह पर दो मामले पहले से दर्ज हैं। जबकि मिन्टू सिंह पर भी मामला दर्ज हैं। अकोढ़ी ग्राम निवासी विजय मिश्र ने पूर्व प्रधान के कराए गए विकास कार्यों की जांच के लिए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा था। जिस पर खार खाए लोगों ने गैपुरा बाजार से लौटते समय विजय मिश्रा की पिटाई कर दी थी। कोर्ट से अंतरिम राहत मिलने पर पुलिस की पकड़ से दूर थे। अंततः कोर्ट से राहत न मिलने पर पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा ।

# रेलवे कॉरिडोर में चोरी करने वाले 2 गिरफ्तार, कब्जे से मिला सामान

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पडरी पुलिस ने चोरी करने वाले गैंग का पदार्फाश किया हैं । जिसका खुलासा पुलिस लाइन में एसपी सिटी श्री कांत प्रजापति ने किया। निमार्णाधीन रेलवे कारिडोर स्थल से चोरी की 13 सटरिंग प्लेट, सरिया कटिंग मशीन व ट्रैक्टर के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



पड़री थाना पर 6 जनवरी को कार्यदायी संस्था कर्मी प्रयागराज निवासी अंकित मिश्र ने लिखित तहरीर दी थी। कहा था कि धनही गाँव के पास रेलवे लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। वहा रखे 13 सटरिंग प्लेट तथा सरिया कटिंग मशीन चोरी कर लिया गया हैं। जिस पर पैड़ापुर पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार व आशुतोष सिंह ने पुलिस बल के साथ पड़री क्षेत्र से गिरजा शंकर पुत्र बिहारी राम तथा राजनाथ गुप्ता पुत्र गिरधारी गुप्ता को गिरफ्तार किया।अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की 13 सटरिंग प्लेट तथा एक सरिया कटिंग मशीन जिसकी कीमत करीब 2.10 लाख हैं। चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए प्रयोग किए गए ट्रैक्टर-ट्राली को भी बरामद किया गया । कानूनी कार्यवाही करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने ने कहा कि रेलवे कारिडोर निर्माण स्थल से सामानों के चोरी की शिकायत मिल रही थी। जिस पर पड़री पुलिस सक्रिय हुई। गायब हुए सामानों को जप्त कर दो लोग गिरफ्तार किया गया। कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेजा गया ।

## संक्षेप

### 50 ट्रकों पर लगाया गया रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप



**लालगंज।** पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज एवं थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा 2023 अभियान के क्रम में ट्रक व अन्य वाहनों पर रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगाकर 50 ट्रकों पर लगाया गया। और ट्रक ड्राइवर को जागरूक किया गया। जागरूक करते हुए थाना प्रभारी ने ट्रक ड्राइवर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना क्षेत्र के एफसीआई केंद्र पगार गोदाम पर 50 ट्रकों पर रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगाकर यातायात संबंधी नियमों का पालन करने तथा शीत ऋतु में पडने वाले कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगाने तथा अन्य लोगों को भी इसका पालन करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए अपील की गई की इसका प्रचार प्रसार ज्यादा से ज्यादा लोगों तक किया जाए। इस अभियान के दौरान उपाधीक्षक दीक्षांत राज के साथ थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक इरफान अली मय पुलिस स्टाफ के साथ उपस्थित रहे।

### बीएचयू के छात्रों ने सौंपा पत्रक



**मीरजापुर।** राजीव गांधी दक्षिण परिषद के छात्रों ने ग्रंथालय के समय को बढ़ाने को सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन किया, जहां पर प्राचार्य को पत्र सौंपा। राजीव गांधी दक्षिणी परिसर के छात्र लगातार लाइब्रेरी के समय बढ़ाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में शुक्रवार को छात्रों ने ग्रंथालय के सामने प्रदर्शन किया था, जहां पर शनिवार को प्रचार्य को पत्र सौंपा। इस दौरान छात्रों ने मांग किया कि परिसर में ग्रंथालय का समय सुबह 8:00 से रात के 8:00 बजे तक किया जाए, जो कि पहले से लागू है। पहले यह नियम ही लागू था। ग्रंथालय में वाई-फाई की सुविधा कराया जाए, जहां पर किताबों की प्रतिपूर्ति कराया जाए। सभी संकाय के छात्र व छात्राओं को पुस्तकालय कार्ड बनाया जाए। छात्रों ने कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो आगे वह धरने पर बैठेंगे। इस मौके पर हिमांशु पाल, दीपक झा, आदित्य महतो आदि मौजूद रहे।

### नवयुवक अधिवक्ताओं को दिलायी गयी शपथ



**चुनार।** तहसील प्रांगण में नवयुवक अधिवक्ता समिति में चुने गए अध्यक्ष राजेश मिश्र, उपाध्यक्ष राज्य पाल यादव व महामंत्री राहुल सिंह को मुख्य अतिथि आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश विधान परिषद तकनीकी शिक्षण व उपभोक्ता बाट माप मंत्री ने चुने गए सदस्यों को शपथ दिलाई। पदाधिकारियों में मनोज कुमार यादव कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई व एसडीएम चुनार नीरज पटेल ने सदस्यों को शपथ दिलाई बार एसोसिएशन के तरफ से मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि वाराणसी के करीब चुनार होने से चुनार क्षेत्र को नए ग्रेडेड वाराणसी के रूप में विकसित करने का प्रयास करूंगा और जिले में जितने भी तहसील हैं। सभी अधिवक्ताओं को कोशिश करूंगा। उनके हक के लिए प्रयास करूंगा। इस दौरान मेघनाथ सिंह, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामकृष्ण द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष प्रशांत, सुरेंद्रनाथ द्विवेदी, अभय सिंह, गुरदास सिंह, ज्योति प्रकाश सिंह, समर्थ सिंह, अखिलेश सिंह, दिनेश सिंह, कुमार, गजेंद्र नारायण सिंह गुरदास सिंह, एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस ने लोगों किया जागरूक

**हलिया।** पुलिस ने शनिवार को हलिया लालगंज मार्ग स्थित हलिया बाजार में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु स्थानीय लोगों तथा राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने लोगों से सड़क पर यात्रा करने के दौरान यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि आए दिन यातायात नियमों का पालन नही करने से सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण मोटरसाइकिल चालक व चार पहिया वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन नही किया जाना है। मोटरसाइकिल चलाने के दौरान हमेशा हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। जिससे सड़क दुघर्टना में कमी लाई जा सकती है और लोग सुरक्षित यात्रा कर सकते हैं। सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली में चौकी प्रभारी मतवार लल्लन यादव, एसएसआई सुभाषचंद्र यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ कांस्टेबल दीपक यादव, महिला कांस्टेबल पूजा सिंह, राधा, मोनिका शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

### अवारा पशुओं के आंतक से किसान परेशान

**लालगंज।** भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष इंजीनियर बीडी सिंह ने उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा को पत्र देकर अवगत कराए कि क्षेत्र में किसानों की फसल आवारा पशुओं द्वारा चर कर नष्ट कर दिया जा रहा है। पत्रक लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने समस्या का समाधान करने के लिए आश्वासन दिए। पत्रक लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किसानों की समस्या का समाधान करने के लिए अश्वस्त किए। इस अवसर पर बृजराज, जगनारायण, राम शिरोमणि, कमला शंकर आदि पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर की गई दो एम्बुलेंस की तैनाती

**मीरजापुर।** एनएचआई के अधिकारी के द्वारा बताया गया कि दो एम्बुलेंस एवं एक क्रेन 24 घण्टे के लिये उपलब्ध रहता है। किसी भी समय अल्पकालिक सूचना में वहाँ पहुँचकर अथवा टोल फ्री नम्बर 1033 डायल कर सहयोग लिया जा सकता हैं। अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि स्कूलों में विभिन्न माध्यमों के द्वारा विशेष प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाय। स्कूलों खलनें पर बच्चों की रैली निकाली लाय व पम्पप्लेट का वितरण किया जाय।

### स्कूली वाहनों की कराई जाए जांच

**मीरजापुर।** प्राइवेट अथवा सरकारी स्कूलों में संचालित वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर फिटनेस एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम पर विशेष बल दिया जाय। जिसमें जिला प्रशासन पुलिस विभाग, यातायात, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय के अलावा ट्रांसपोर्ट एसोशियन एवं टैम्पो चालक संगठन से समन्वय स्थापित करते हुये जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय।

### करंट की चपेट में आने से महिला अचेत

**मीरजापुर।** विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला अचेत हो गई। परिजनों ने उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि कंतित निवासी 25 वर्षीय पूजा पत्नी श्यामलाल शनिवार की दोपहर घर में पानी गरम करने के लिए वाटर हीटर का तार लगा रही थी। तभी वह करंट की चपेट में आ गई, जिससे महिला अचेता अवस्था में जमीन पर गिर पड़ी। महिला को अचेत अवस्था में परिजनों ने उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय भर्ती कराया।

### आज बलिया व मऊ के बीच होगा फाइनल मैच

**कछवां।** स्पोर्टींग क्लब के मैदान पर आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को दो सेमीफाइनल प्रतियोगिता खेला गया। जोकि प्रथम सेमीफाइनल मैच बलिया व पटना के बीच खेला गया। जिसमें बलिया 3-0 से विजय रहा। वही दूसरा सेमीफाइनल मैच मऊ व चंदौली के बीच खेला गया। जोकि दोनों टीमों के बीच बेहद ही रोमांचकारी मैच खेला गया। दोनों टीमों ने तीन तीन गोल दागकर बराबरी पर अंत तक बने रहे। जिसके पश्चात दोनों टीमों को पांच पांच मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया। लेकिन दोनों टीमें बराबरी पर बनी रही। और अंत में ट्राई ब्रेकर का सहारा लेकर मऊ की टीम 4-3 से विजय हासिल कर फाइनल में जगह बना लिया। इस दौरान बेहद ही रोमांचकारी मैच देखने को दर्शकों में भारी भीड़ उमड़ा रहा जिनमें उत्साह देखने को मिला। वहीं सेमीफाइनल मैच का उद्घाटन विधायक मझवां विनोद बिंद व समाजसेवी हरेश सिंह ने किया। खेल में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए समाजसेवी हरेश सिंह के द्वारा नगद पुरस्कार भी दिया गया। जिसके पश्चात संतोष ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की टीम से चयनित कछवां निवासी राधारमण यादव को भी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दिया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष कछवां मनोज पांडेय, विजय सोनी, अनवर हुसैन, जितेन्द्र कन्नौजिया, नरेश यादव व अरशद समेत आयोजकों की टीम मौजूद रही। आज राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बलिया और मऊ के बीच फाइनल मुकाबला दो बजे से खेला जाएगा।

# बिजली विभाग का चला चेकिंग अभियान

**मचा हड़कंप**

## एक दिन में 149 कनेक्शन काट कर वसूले 20 लाख 32 पकड़ी गई बिजली चोरी

**मीरजापुर।** जिले के विभिन्न इलाको में चलाये गए बिजली चेकिंग अभियान में विभाग को बड़ी सफलता मिली। 149 लोगों का कनेक्शन काटा गया। बकायेदारों से 19.53 लाख की वसूली की गई। बिजली चोरी के 22 मामलों को पकड़ा गया। अभियान के दौरान 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। बिजली विभाग का यह अभियान 23 जनवरी तक चलेगा। अधिशासी अभियंता शहर अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में बिजली विभाग ने पुलिस और प्रवर्तन दल के साथ अभियान चलाया। पांडेयपुर, विंध्याचल, वीरशाहपुर, सेमरी, अमोई पुरवा एवं धनावल आदि क्षेत्र में सघन बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। एसडीओ प्रताप भार्गव एवं थाना विंध्याचल के सब इंस्पेक्टर विजेंद्र गिरी व चार कांस्टेबल के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान 25 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन की जांच की गई। जिसमें चार लोगों को अवैध रूप से बिजली का प्रयोग करते पाए जाने पर उनकी केबिल को जब्त किया गया। उन्हें नष्ट कराने के साथ ही उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। अवर अभियंता रमन चतुर्वेदी ने बताया कि शासन के निर्देश पर चलाये गए अभियान के तहत बकाया, अवैध कनेक्शन और बड़े बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। टीम मे शंकर, त्रिलोकी, अजय मौर्या, फारुख आदि मौजूद रहे। विद्युत वितरण खंड प्रथम में 44 कनेक्शन काटा गया । इस दौरान18 विद्युत चोरी पकड़ी गई। 138 बी में 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए 6.80 लाख रुपए की वसूली की गई। इसी प्रकार विद्युत वितरण खंड दो में 105 विद्युत कनेक्शन विच्छेदन कर 14 चोरी पकड़ी गई। 338 बी में 3 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराते हुए 12.73 लाख वसूला गया। बिजली विभाग के अधिकारी रमन चतुर्वेदी ने बताया कि चेकिंग और बकाया वसूली अभियान 23 जनवरी तक जारी रहेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की हुई मौत

जनसंदेश न्यूज

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के अंतर्गत कलवारी निवासी 58 वर्षीय अधेड़ रामनरेश पुत्र मगरू की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक रामनरेश बीती रात को कलवारी स्थित ठेका से शराब लेकर पी रखी थी। देर रात पैदल घर जाते समय रास्ते में गिर पड़ा। रात भर ठंड में गिरे रहने से मौत हो गयी थी। सुबह टहलने के लिए निकले राहगीरों ने औंधे मुंह गिरे रामनरेश को देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही मृतक का दाह संस्कार कर दिया। मृतक राम नरेश को 2 लड़के और 3 लड़कियां हैं, सभी विवाहित हैं।

# लालगंज में प्राप्त हुए 55 प्रार्थना पत्र, एक का हुआ निस्तारण



फरियाद सुनते उप जिलाधिकारी

**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान 55 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि पैमाइश सरकारी भूमि अतिक्रमण एवं आवारा पशुओं से फसल बचाने के संबंध मे छाया रहा। फरियादी कटाई गांव निवासी इंद्रजीत पुत्र रामधारी ने पत्र देकर आरोप लगाया कि इंडियन बैंक लालगंज में लोन का रुपया जमा होने के बाद कर्मचारियों द्वारा नोडीज सर्टिफिकेट नहीं दिया जा रहा है। जिसमें संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया। ऊटी निवासी हरि राम सिंह पुत्र रामकरन सिंह ने पत्र देकर आरोप लगाया कि आवारा पशुओं से हम किसान की फसल को बचाया जाए। जिसमें वीडियो एवं एसएचओ को निर्देशित किया गया। सेमरी कला निवासी राजेश कुमार पुत्र मदन गोपाल ने पत्र देकर आरोप लगाया कि आवास बने बिना ही पैसा निकाल लिया गया है। समाधान दिवस के बाद उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लें, फरियादियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने के लिए टीम के साथ मौके पर जाकर समस्या का समाधान करें और समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक दीक्षांत राज, तहसीलदार शशांक शेखर राय, नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा, मधु जैन, खंड विकास अधिकारी शिव नारायण सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी संजय सिंह आदि संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा की बैठक कलेक्ट्रेट में संपन्न

## दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्रों में की जाय सुधारात्मक कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज



बैठक में मौजूद एडीएम शिव प्रताप शुक्ल

**मीरजापुर।** शासन द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह में प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल के द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में लिये निर्णय की अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग के द्वारा बताया गया कि जनपद में दुघर्टना बाहुल्य क्षेत्रो में चिन्हित कुल 24 ब्लैक स्पाट पर 21 में सुधारात्मक कार्यवाई यथा-संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफलेक्टि टेप आदि का प्रयोग निर्माण एजेंसियों द्वारा करते हुये सुधारात्मक कार्यवाई की गयी है। तीन स्थलों पर सुधारात्मक कार्यवाही किये जाना अवशेष हैं, जिन पर अविलम्ब कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 135, 135ए, राज्य सड़क मार्ग 5, 5ए व राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर आवश्यकतानुसार संकेतक व रिफलेक्टि टेप लगाया गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु पर्याप्त एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी हैं। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी संतोष कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक हरिशंकर पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय एवं निर्माण खण्ड देवपाल व ए0के0 सिंह के अलावा ट्रासपोर्ट एशोसिएशन के अध्यक्ष उपस्थित रहें।

# हरियाणा की टीम ने हासिल की जीत

जनसंदेश न्यूज

**चुनार।** डॉ सविता मेमोरियल चल रहे नेशनल बालीवाल चैंपियनशिप का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। बालक वर्ग में फाइनल मैच कर्नल एकेडमी हरियाणा व दुदलोद विद्यापीठ झुनझुनु राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम 3-0 से विजय हासिल कर जीत का परचम लहराया। जबकि बालिका वर्ग में मिलेनियम नेशनल स्कूल पुणे व निशान एकेडमी पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें पुणे की टीम 3-2 से विजेता हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीओ चुनार मंजरी राव रही, जहां स्कूल के अध्यक्ष डॉ तेजबली सिंह ने प्रमाण पत्र, मेडल व कप देकर सम्मानित किया। इस मौके पर रेफरी सुरेश कुमार खुराना, प्रिसिंपल वेद प्रकाश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, आदि मौजूद रहे।

# जिले में 410 स्थानों पर जलवाया गया अलाव

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में अलाव जलाया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रशासन के द्वारा अलाव को लेकर व्यवस्था किया गया है। जिले में 410 स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। गातार एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ठंड का जायजा ले रहे हैं। एडीएम शिव प्रताप शुक्ला के द्वारा लगातार रेन बसेरा वालों जगहों का निरीक्षण किया जा रहा है, जहां पर मुकम्मल इंतजाम को लेकर निर्देश भी दिए जा रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में जगह-जगह पर अलाव जलाए गया है। नगर के वासलीगंज, घंटाघर, संकटमोचन, अस्पताल समेत 410 जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। वही लोगों ने कहा कि सरकार के द्वारा जो व्यवस्था किया गया है। वह बहुत ही बेहतर है। सरकार अगर ध्यान ना दे तो कोई उनकी तरफ ध्यान ही नहीं देगा। जिले में न्यूनतम तापमान जहां 8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है ऐसे में सूर्य देव के दर्शन न होने से लगातार गलन बना हुआ है। एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि जिले में 410 स्थानों पर अलाव जलाया गया है। लगातार व्यवस्था की मॉनिटर हम खुद कर रहे हैं। इसके साथ ही जहां पर अलाव जलाने की जरूरत दिख रही है वहां पर तत्काल अलावा को लेकर व्यवस्था कराया जा रहा है।



अलाव तांपते लोग

# मंडलायुक्त व उप पुलिस महानिरीक्षक ने सुनी समस्याएं

## मंडलायुक्त ने लेखपालों को दी हिदायत, गांवों में अवैध जमीन कब्जा प्रकरण पर करे कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज



फरियाद सुनते अधिकारीगण।

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी, उप पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने जन सुनवाई किया। विभिन्न विभागों से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों को एक-एक सुनकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों निर्देशित करते हुये कहा कि प्रेषित प्रार्थना पत्रों को समयबद्धता का ध्यान रखते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया।

अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जमीनों पर अवैध कब्जा, पैमाइश, तालाबों/ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जा से सम्बन्धित मामलें तहसील दिवस में अधिक प्राप्त हो रहे हैं। उन्होने कहा कि ग्राम सभाओं में तालाबों व ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जा की शिकायत तहसील दिवसों में प्राप्त होती है तो सम्बन्धित लेखपाल के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

उन्होने लेखपालों व राजस्व निरीक्षको को कड़ी हिदायत देते हुये कहा के अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी अवैध कब्जा को मुक्त करायें यदि कोई विशेष समस्या आती है तो अपने तहसीलदार व उपजिलाधिकारी को अवगत करायें।

मण्डलायुक्त यह भी कहा कि यदि अवैध कब्जा से सम्बन्धित व्यक्ति बार-बार शिकायत करता है और उसकी शिकायत जॉचोपरान्त गलत पायी जाती है तो शिकातयकर्ता के विरूद्ध भी कार्यवाही की जायेगी। बिजली के गलत बिलिंग में भी सुधार लाया जाय। उप जिलाधिकारी सदर निस्तारित प्रकरणों की रिपोर्ट को स्वंय अध्ययन करते हुये उसका फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा विगत तहसील दिवसों के लम्बित प्रार्थना की भी समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को तीन दिवस के अन्दर निस्तारित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त के समक्ष तहसील सदर में कुल 147 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। कुछ जरूरतमन्द महिलाओं को ठंड व शीतलहर से बचने के लिये कम्बल भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, तहसीलदार अरूण गिरी, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### तालाब कब्जा की शिकायत पर जांच का आदेश

पवन शुक्ला पुत्र लालजी शुक्ला निवासी धौरहरा के द्वारा यह शिकायत दर्जकराया गया कि ग्राम सभा में स्थित तालाब के भीटा पर कतिपय लोगों के द्वारा कब्जा कर निर्माण करा लिया गया हैं। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी शिकायत के उपरान्त राजस्व कर्मियों द्वारा मना करने के उपरान्त भी पुनरावृत्ति की जा रही है, जिस पर मण्डलायुक्त ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि तहसील दिवस के बाद स्वंय मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त द्वारा उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि मौके पर पुनः जांच कर कार्यवाई करें। ग्राम प्रधान नरोईया अशोक कुमार द्वारा कूड़ा घर पर कतिपय लोगों के द्वारा अनाधिकृत रूप से उक्त जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा हैं। मण्डलायुक्त द्वारा उपजिलाधिकारी को मौके पर भेज कर कार्यवाई करने का निर्देश दिया गया। ग्राम राजपुर एवं धौरूपुर के कुछ ग्रामीणों के द्वारा गाँव के तालाब पर कब्जा करने की शिकायत पर मण्डलायुक्त द्वारा उप जिलाधिकारी को स्वयं मौके पर निस्तारण का निर्देश दिया गया।

# चुर्क में बनेगा अत्याधुनिक बस डिपो

**बोले दयाशंकर सिंह**

## राजधानी लखनऊ समेत लंबी दूरी की बसों का होगा संचालन

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार को चुर्क डिपो का निरीक्षण किया और कहा कि जल्द ही यहां आधुनिक बस डिपो का निर्माण होगा। राजधानी तक जाने वाली बसें यहां से होकर गुजरेंगी। राजधानी तक जाने के लिए यहां के लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। चुर्क डिपो से उन्हें लंबी दूरी की बस सेवा मिलेगी।

चुर्क नगर पंचायत व परिवहन विभाग के बीच जमीन विवाद के चलते डिपो भवन नहीं बन पा रहा था। हाल ही में आधे आधे जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। ऐसे में मंत्री के दौरे को लेकर लोगों में यहां जल्द डिपो भवन बनने की उम्मीद बढ़ गयी है। बताते चलें कि सीमेंट फैक्ट्री निर्माण के साथ यहां रोडवेज डिपो बनाया गया था और लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, कानपुर तक जाने वाली बसें इस स्टेशन से होकर गुजरती थीं। लेकिन सीमेंट फैक्ट्री के बिकने के बाद डिपो भवन खंडहर में बदल गया और रोडवेज बसों का यहां से परिचालन बंद हो गया। लंबी जद्दोजहद के बाद नपं चुर्क व परिवहन विभाग के बीच भूमि विवाद का समझौता हो गया है। परिवहन मंत्री के दौरे के बाद यहां डिपो भवन बनने की उम्मीद बढ़ गयी है। डिपो बनने के बाद यहां से लंबी दूरी की बस सुविधा मिलने लगेगी। परिवहन राज्य मंत्री दो दिन के दौरे पर जनपद आये थे। उन्होंने दौरे के दूसरे दिन रोडवेज बस स्टेशन चुर्क का निरीक्षण करने के बाद भाजपा नेता ब्रम्हदेव दूबे के यहां पहुंचकर उनके पुत्र की मृत्यु पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

इसके बाद उनका काफिला संत कीनाराम पीजी कालेज के प्रबंधक डा. गोपाल सिंह के आवास पर पहुंचा। वहां



चुर्क डिपो परिसर का निरीक्षण करते परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह

उन्होंने चाय पर चर्चा की। इसके बाद वे सांई हास्पिटल पहुंचे, जहां डा. संजय सिंह ने उनका स्वागत किया। तत्पश्चात बीजेपी नेता संजय तिवारी के यहां दोपहर का भोजन कर लखनऊ रवाना हो गये। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सदर विधायक भूपेश चौबे, अशोक मिश्र, एसडीएम रमेश कुमार, ओम प्रकाश यादव, अभिषेक सिंह चंदेल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, धर्मवीर तिवारी, अजीत रावत, सुनील सिंह, संतोष शुक्ला, मनोज सिंह, मनोज सोनकर, संजू तिवारी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनपद न्यायाधीश से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

**दुद्धी।** सिविल बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडलअध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में शनिवार को जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव से मिलकर दुद्धी कोर्ट से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने दुद्धी में रिक्त पड़े कोर्ट की मांग किया। एमबी एक्ट की ई चालान से संबंधित आईपीसी के मुकदमे जो मुंसिफ न्यायालय क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं, उसे जिला मुख्यालय के बजाय दुद्धी कोर्ट में सुनवाई करने की मांग किया। वहीं कोर्ट की स्थापना से संबंधित एवं अन्य और समस्याओं से अवगत कराया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सूरज मिश्रा से मिलकर कचहरी परिसर की समस्याओं से अवगत कराते हुए आमंत्रित किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रतिनिधिमंडल के बातों को गंभीरता से सुन निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल अग्रहरि, शिव शंकर प्रसाद, विष्णु कांत तिवारी, सत्यनारायण यादव, अनिल कुशवाहा मौजूद रहे।

# केंद्रीय रेल मंत्री से मिले राज्यमंत्री संजीव गोड़, सौंपा समस्याओं का पुलिंदा

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़ ने केंद्रीय रेलमंत्री व दूर संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर सोनभद्र की रेलवे से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पत्रक सौंपा। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु राज्यमंत्री के पहल की जनपदवासियों ने सराहना की है। राज्यमंत्री ने बताया कि ओबरा विधानसभा का बहुत हिस्सा जंगल पहाड़ों से घिरा हुआ है, जहां आजादी के 75 साल बाद भी मोबाइल का नेटवर्क नही पहुंच सका है, जिसके कारण सरकार द्वारा जारी डिजिटली कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

रेलमंत्री को सौंपे गए पत्रक में राज्यमंत्री ने बताया कि रावर्ट्सगंज के पन्नूगंज रामगढ़ मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग, नगर पंचायत चोपन एवं चोपन गांव को जोड़ने के लिए रेलवे क्रॉसिंग के पास फ्लाईओवर, ग्राम पंचायत पनारी के अंतर्गत कड़िया फफरा कुंड एवं ग्राम पंचायत हथवानी अंतर्गत जोगीडीह



केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़

रेलवे स्टेशन के पास के लिए अंडरपास न होने के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जनपद के लोगों को दिल्ली व लखनऊ जाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिसके लिए एक सीधी सुपर फास्ट ट्रेन चलाई जाय जो लखनऊ व दिल्ली को जोड़ती हो। सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टापेज कराया जाय, जिससे आमजनता को समस्याओं से निजात मिल सके।

## संक्षेप

### प्राची का प्रदेश की टीम में चयन होने से हर्ष

**करमा।** 66वीं प्रदेश स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय तिरंदाजी प्रतियोगिता में हंसवाहिनी इंटर कालेज कसयां की इंटर की छात्रा प्राची श्रीवास्तव ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय के साथ जिले व मंडल का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता एंग्लोबंगाली इंटर कालेज इलाहाबाद में सात जनवरी को संपन्न हुई। इसमें विंध्याचल मंडल का प्रतिनिधित्व कर रही प्राची श्रीवास्तव ने 40 मीटर में इंडियन राउंड में गोल्ड तथा 30 मीटर में ब्रांज मेडल हासिल किया। प्राची अब उप्र टीम की तरफ से नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कालेज के प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्र ने प्राची को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय टीम में चयन होने से केवल विद्यालय ही नही अपितु विंध्याचल मंडल को गौरवान्वित किया है।



गोल्ड मेडल के साथ प्राची श्रीवास्तव

### चोरी का 4650 किलो कोयला बरामद, दो गिरफ्तार

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में चोरी के कोयले के परिवहन के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने एवं इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस ने क्षेत्र में चोरी का कोयला बिना नम्बर प्लेट के ट्रैक्टर-ट्राली से परिवहन करते हुए बजरंगी सिंह पुत्र स्व. बिहारी सिंह चौहान व देव शरन पनिका पुत्र राम सनेही पनिका, निवासीगण कहुवानाला, अनपरा को गिरफ्तार कर 4650 किग्रा कोयला जब्त करते हुए संगत धाराओं में आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नागेश कुमार सिंह अनपरा, विनोद यादव, चन्द्रभान सिंह, अजीत कुमार, राबिन्स तिवारी शामिल रहे।

### यूपीएससी में 20वां रैंक लाने वाली नेहा सम्मानित

**डाला।** राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार की देर सायंकाल स्थानीय निवासी नेहा सिंह को सम्मानित किया गया। नेहा सिंह ने यूपीएससी में 20वां रैंक लाकर पूरे जिले का सम्मान बढ़ाया है। दयालु ने कहा कि जितना आप अपनी बेटी को दहेज देने के लिए सोच रहे हैं, उतना पैसा लगाकर उसको अच्छे से पढ़ाई कराएं। नेहा बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। नेहा ने कहा कि पढ़ने की उम्र में राजनीति एकदम ना करें, क्योंकि राजनीति में योग्यता नहीं है। इस मौके पर महताब आलम, शरीफ खान, दिनेश केसरी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### 450 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दुद्धी।** मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने शनिवार को एक तस्कर को खजूरी रेलवे क्रासिंग किराने की दुकान से गांजा के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि दीपक कुमार छोटू हरिजन पुत्र घनश्याम दास निवासी दुद्धी के पास से 450 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उप निरीक्षक संजय सिंह, हेड कांस्टेबल संजय यादव, ओम प्रकाश यादव शामिल रहे।

### ग्राम पंचायत सदस्यों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** ब्लॉक क्षेत्र के गुलालझारिया ग्राम पंचायत में नल जल योजना, लघु सिंचाई महिला मेट चयन सम्बन्धित कई कार्यो में मनमाने ढंग से करवाने व चयन कराने का आरोप लगा कर ग्राम पंचायत गुलालझारिया के सदस्यों ने शनिवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुन रहे एडीएम सहदेव मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। हुए कहा कि गांव के विकास में सदस्यों से किसी भी प्रकार का कोई विचार विमर्श नही किया जा रहा। उन्होंने कार्यों की जांच करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने की मांग किया। इस मौके पर रामप्रसाद, रामवृक्ष यादव, पंकज सिंह, उमेश कुमार, रजवन्ति देवी, देवंती देवी, लीलावती देवी, जशोमती देवी, श्याम बिहारी, अजय यादव मौजूद रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध हो निस्तारण: डीएम

**सुनी गई फरियाद**

## जिले की चारों तहसीलों में संपन्न हुआ समाधान दिवस

**सोनभद्र।** जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।

डीएम ने जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विवादित जमीन वाले स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जांच कर कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम, एसपी, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह, तहसीलदार ने 37 शिकायतें सुनते हुए मौके पर पांच मामले निस्तारित किये।




ओबरा में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम, एसपी

बाकी 32 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, सीएमओ डा. आरएस ठाकुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार, रमाशंकर यादव, नायब तहसीलदार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी तरह तहसील राबर्ट्सगंज में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे आशुतोष दूबे की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीएम, तहसीलदार सुनील कुमार ने 75 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 9 मामले निस्तारित किये। बाकी 66 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं तहसील घोरावल में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सीडीओ, एसडीएम श्याम प्रताप सिंह व तहसीलदार ने 21 शिकायतें सुनते हुए मौके पर चार मामले निस्तारित किये। वहीं तहसील दुद्धी में अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान एडीएम, तहसीलदार, बीडीओ ने 23 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 5 मामले निस्तारित किये। बाकी 18 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## जरूरतमन्दों में बांटे गए तीन हजार कम्बल



जरूरत मन्द को कम्बल देते डीएम चंद्र विजय सिंह व अन्य

**ओबरा।** स्थानीय शारदा मंदिर पर शनिवार को जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह द्वारा जरूरतमंदों में तीन हजार कंबल वितरित किया गया। इस दौरान खनन व्यवसाई रमेश सिंह के नेतृत्व में व्यवसायियों द्वारा कम्बल वितरण कराया गया। संचालन कर रहे अजय सिंह ने बताया कि लगातार बढ़ रही ठंड और गलन को देखते हुए जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया है। बताया कि खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूरों व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया है। सर्व प्रथम कंबल वितरण की शुरूआत जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगों से किया गया। तत्पश्चात पंडाल में उपस्थित जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह, सीओ शंकर प्रसाद, खान अधिकारी आशीष सिंह, खनन इंस्पेक्टर ईश्वर चंद्र, पत्रकार राहुल श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, अयोध्या दुबे, मिंटू राय, देव प्रकाश मौर्या, चंद्र भूषण गुप्ता, एस.के. चौबे, सुरेश केशरी, देवेंद्र केशरी, राजकुमार सिंह, सतेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# डॉजबॉल चैंपियनशिप में संत जोसेफ स्कूल को मिला तृतीय स्थान



ट्राफी के साथ विजेता टीम

**शक्तिनगर।** पानीपत में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में संत जोसेफ स्कूल की प्रदेश स्तर की डॉजबॉल की विजेता टीम के छात्राओं वैष्णवी श्रीवास्तव, आकांक्षा गरी, सौम्या श्रीवास्तव ने प्रशिक्षक प्रकाश मरांडी के नेतृत्व में कर्नाटक के साथ संयुक्त रूप में उत्तर प्रदेश की टीम के रूप में तृतीय स्थान पर कब्जा किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर आचीर्बाल्ड डिसिल्वा ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराकर छात्राओं ने हमें गौरवान्वित किया है।

## सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**दुद्धी।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चांद प्रकाश जैन ने शनिवार की दोपहर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजो के भर्ती के जनरल वार्ड इमरजेंसी कक्ष ,एनआरसी सेंटर आदि का बारी बारी से निरीक्षण कर मरीजो का हाल जाना। उन्होंने चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम से प्रसूताओं को टमाटर का चोखा रोटी खिलाये जाने का मामले की जानकारी ली और इसे घोर विभागीय लापरवाही बताया। कहा कि इस प्रकार के कृत्य से सरकार की बदनामी हो रही है जो बर्दास्त नहीं किया जाएगा। यह अस्पताल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में है जहां आदिवासी जनता इलाज के लिए आती है साथ ही पड़ोसी राज्यों के मरीज भी उपचार हेतु आते हैं,जिन्हें बेहतर उपचार मुहैया कराया जाए इसमें लापरवाही क्षम्य नही की जाएगी। इस मौके पर वाल्मीकि त्रिपाठी के पीएस शशिभूषण मल के साथ शिवप्रताप उर्फ रिंकू सिंह मौजूद रहे।

# सपा नेता पर आवास बनवाने में अड़चन डालने का आरोप



पीड़ित का अधूरा पड़ा आवास

**दुद्धी।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के जोरुखाड़ निवासी एक आदिवासी ने गांव के ही एक सपा नेता पर जमीन जबरन हड़पने का आरोप लगाते हुए एडीएम सहदेव मिश्रा को शिकायती पत्र सौंपा। पीड़ित रामप्यारी चेरो पुत्र स्व. नाधीर निवासी ग्राम जोरुखाड़ ने शिकायती पत्र में कहा कि वह 2815 क 500 वर्ग मी व 2802 क 1100 वर्ग मी पर जोत कोड़ करता चला आ रहा है तथा वर्षो से काबिज दाखिल है। वह अपनी भूमि पर मुख्यमंत्री आवास का निर्माण करा रहा है, जिसमें गांव के एक प्रभावशाली सपा नेता द्वारा बार-बार अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे वह भयभीत और मानसिक तनाव में है। निर्माण के दौरान कभी पुलिस कभी अपना आदमी भेजकर तो कभी खुद आकर परिवार के सदस्यों को जातिसूचक गालियां भी देता है। आरोप लगाया कि उक्त नेता कई गरीब आदिवासियों की भूमि भी हड़प लिया है। पीड़ित ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसका आवास बनवाये जाने में सहयोग किये जाने की मांग की है।

## विभिन्न मांगों को लेकर लेखपालों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** खसरे का फार्म प्रिंट आउट उपलब्ध करवाए जाने सहित तमाम मांगों को लेकर शनिवार को लेखपालों ने आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम सहदेव मिश्रा को सौंपा। कहा कि अगर उनकी मांग नही मानी गयी तो खसरा तैयार करने सहित आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य बंद कर देंगे। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि खसरे के फार्म का प्रिंट आउट नही मिलने से फसली के खसरा तैयार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके प्रिंट आउट प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर से निकलवाने पर 10 से 30 हजार रुपये तक का भुगतान लेखपालों द्वारा अपने वेतन से देकर कराया जा रहा है। फसली 1429 की फीडिंग खसरा 1428 में पूछताछ के आधार पर संसोधन करके करायी गयी है। अधिकारियों के दबाव बनाये जाने से 1429 का खसरा फीडिंग त्रुटिपूर्ण किया जा चुका है, खरीफ 1430 फसली के पड़ताल के समय भी समाप्त हो चुका है, खसरे के प्रिंट आउट के अभाव में 1430 फसली की स्थानीय पड़ताल भी नहीं हो पायी है। इस मौके पर विनय कुमार गुप्ता, मकबूल अहमद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रत्येक गांव में हो माइक्रो लेवल प्लानिंग-बीडीओ

**कार्यशाला**

## माईक्रो लेवल प्लानिंग को लेकर मनबसा में आयोजित हुई कार्यशाला

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर।** बनवासी सेवा आश्रम सहभागिता आधारित ग्रामीण अंकेक्षण व सूक्ष्म स्तरीय प्लानिंग करने के उद्देश्य से सामुदायिक विकास कार्यक्रम से जुड़े कार्यकताओं व स्वयसेवकों का प्राकृतिक संसाधन मैपिंग कार्यशाला का आयोजन शनिवार को मनबसा गांव में किया गया। इस दौरान बीडीओ दुद्धी सुनील वर्मा ने जीपीडीपी को लेकर ग्रामीणों के साथ चर्चा की। उन्होंने बताया कि ब्लॉक का 65% पैसा जल और स्वच्छता को लेकर ही खर्च करना है अगर गांव में पेयजल या जल प्रबंधन को लेकर कोई भी कार्य हो तो हमें पत्र लिख कर अवगत कराएं।

उसको प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जायेगा। एडीओ पंचायत और प्रधान को इसके लिए निर्देशित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां प्रत्येक गांव में होनी चाहिए। इसके बाद प्रतिभागियों ने चार्ट के माध्यम से गांव का अवस्था चित्रण, सामाजिक, संसाधन, मौसमी चित्रण किया। कार्यशाला में लोक विज्ञान संस्थान देहरादून के वैज्ञानिक राजेश कुमार शर्मा व अजय जोशी मुख्य सुगमकर्ता रहे। सुगमकर्ता वैज्ञानिकों ने कहा कि पीआरए के माध्यम से गांव के कमजोर व अन्तिम व्यक्ति के विकास के लिए सही योजना बन सकती है। शुभा बहन ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान के साथ ग्रामीणों के सहयोग की जरूरत है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत समर बहादुर, विमल भाई, केवला दूबे, देवनाथ भाई, सुरेश कुमार, सुभाष चन्द्र, बिहारी लाल, बाबू लाल शर्मा, अमरजीत, उमेश कुमार चौबे, रघुनाथ भाई, संगीता, मंजूदेवी, जगमोहन आदि मौजूद रहे।

# सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

**जागरूकता शिविर**

## एडीजे ने विधिक साक्षरता के प्रति लोगों को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में दिशा स्कीम के अन्तर्गत तहसील सभागार में शनिवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन एडीजे सत्यजीत पाठक की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग ,विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए न्याय को सुगमता से दिलाने को लेकर जागरूकता प्रदान की। एडीजे श्री पाठक ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण लोगों को सुलभ न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

महिलाओं को न्याय दिलाने को लेकर सरकार भी दृढ़ संकल्पित है। कहा कि जानकारी के अभाव में जो लोग इसका लाभ नहीं ले पाते है, उन्हें हम शिविर के माध्यम से जागरूक करेंगे। जिला विधिक




जागरूकता शिविर को संबोधित करते एडीजे सत्यजीत पाठक

सेवा प्राधिकरण के माध्यम से हम पीड़ितों को उचित सलाह के साथ जरूरत पड़ने पर त्वरित न्याय भी देते हैं। न्यायालय में पुराने मामले जो लंबित है उनका भी निपटारा किया जाता है। एडीजे ने कहा कि पुलिस अगर पीड़ितों का आवेदन लेने में कोताही करे तो इसकी शिकायत भी आप समय समय पर लगने वाले विधिक शिविर के अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण में कर सकते हैं। तीन लाख से कम सालाना आय वाले पीड़ित परिवारों को न्यायालयों में मुकदमे की पैरवी के लिए वकील भी मुहैया कराये जाते हैं। लोक अदालतों के माध्यम से राजस्व, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, श्रम मामलों का निस्तारण किया जाता है। एडीएम सहदेव मिश्रा ने लोगों को जागरूक करते हुए कानूनी आधार पर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। संचालन तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा ने किय। इस मौके पर पूर्ति अधिकारी निर्मल सिंह, एबीएसए महेंद्र मौर्या, बीडीओ सुनील सिंह, शुभम अग्रवाल, प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय, साधना मिश्रा, रामप्यारे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# डिबाए चुनाव : महामंत्री उपाध्यक्ष के लिए चार प्रत्याशियों ने लिये पर्चे




**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव सत्र 2022-23 के लिए शनिवार से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हुई। पहले दिन चार प्रत्याशियों ने पर्चा लिया। 19 जनवरी को मतदान व उसी दिन मतगणना के बाद विजयी पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही एल्डर कमेटी अध्यक्ष की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हीरालाल पटेल ने बताया कि पहले दिन चार प्रत्याशियों जिसमें महामंत्री पद हेतु विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए अनिल कुमार सिंह एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए मनोज कुमार जायसवाल एडवोकेट एवं लवकुश कुमार केसरी एडवोकेट ने नामांकन पत्र लिया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट पवन कुमार सिंह ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री 9 व 10 जनवरी को भी की जाएगी। नामांकन प्रपत्र 9 से 10 जनवरी तक जमा किए जाएंगे। नामांकन सूची का प्रकाशन नामांकन पत्रों पर आपत्ति नामांकन पत्रों की जांच एवं निस्तारण 11 जनवरी एवं नामांकन पत्रों के बाद वापसी के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन 12 जनवरी को किया जाएगा। इसके बाद 13 को मतदाता सूची का वितरण होगा तथा 19 को मतदान और उसी दिन मतगणना कराकर परिणाम घोषित किया जाएगा।

# समाधान दिवस: डीएम ने सुनी जनता की फरियाद

**सकलडीहा।** जिलाधिकारी ईशा दुहन ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सकलडीहा तहसील में जनता की समस्याएं सुनी और त्वरित निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारी को आदेशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 103 मामले आए जिसमें से 11 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। दो प्रकरण में टीम गठित कर मौके पर त्वरित निस्तारण हेतु भेजा गया। शेष प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने वरासत के प्रकरणों में शिथिलता नहीं बरतने के निर्देश दिए। कहा कि तय समय में विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित हो। इस अवसर पर जिलाधिकारी ईशा दुहन ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप कार्य करें, नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी समस्या को त्वरित निदान करने की कोशिश करें, उसमे कत्तई हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा लोगों को जानकारी दी गई। कहा कि प्रत्येक तहसील दिवस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर शासन के साथ मिलकर लोगों जागरूक कर उनको प्रशिक्षण दिया जायेगा। लोग जानकारी के अभाव में उनको उनका हक नहीं मील पता। डीएम ने कहा की जनपद में आयोजित 11 फरवरी को मेगा राष्ट्रीय लोक अदालत तक अधिक से अधिक उन वादों को चिन्हित कर ले जिसका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किया जा सके साथ ही लोग शासन की योजनाओं का उपभोग कर सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाईके राय आदि उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस**

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में 103 मामलों में 11 का मौके पर हुआ निस्तारण**



सकलडीहा समाधान दिवस में फरियाद सुनती डीएम व अन्य अधिकारी।

### 35 में तीन प्रार्थना पत्र निस्तारित

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित सदर तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें राजस्व एवं पुलिस सहित कुल 35 मामलों में मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। दिवस की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी सीडीओ लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि संबंधित अधिकारी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। खासकर राजस्व के मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद ही किसी भी निर्णय पर पहुंचे ताकि विवाद की स्थिति न पैदा होने पाए। सदर एसडीएम अजय मिश्र, तहसीलदार सतीश कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाएं कल्याणकारी योजनाएं

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में को देर सायं शासन की प्राथमिकताओं एवं विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का पूरी पारदर्शिता व समयसीमा के अंतर्गत क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाय। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समस्त पात्र व्यक्तियों मिलना सुनिश्चित हो। निमार्णाधीन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति व कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान योजनान्तर्गत छूटे हुए लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए जाने की प्रगति अत्यन्त धीमी पाए जाने पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए सटीक रणनीति बनाकर आशा कार्यकर्त्रियों तथा पंचायत सहायकों को सक्रिय कर तेजी से गोल्डेन कार्ड बनाए जाने के कड़े निर्देश दिए। कहा कि ऐसे परिवार जिनमे एक भी गोल्डन कार्ड नहीं बना है प्राथमिकता के आधार पर उनका आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाया जाय। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व की बैठकों में बार बार निर्देशित किए जाने के बाद भी गोल्डन कार्ड बनाए जाने की खराब प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिम्मेदार आशाओं व प्रभारी चिकित्साधिकारियों का वेतन रोकने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को कठोर चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष हेल्थ एवं वेलनेस केंद्रों का निर्माण तेजी से पूर्ण कराकर हैंडओवर कराने के निर्देश संबंधित कार्यदाई एजेंसी को दिया। निमार्णाधीन सामुदायिक शौचालयों के अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर अविलंब हैंडओवर कराने के निर्देश देते हुए कहा कि समस्त सामुदायिक शौचालय पूरी तरह से फंक्शनल होने चाहिए। जिलाधिकारी ने अमृत योजना के अंतर्गत विभिन्न पार्कों में कराए जा रहे कार्यों को तेजी से पूर्ण कराए जाने तथा कराए गए कार्यों का टेक्निकल टीम गठित कर सत्यापन कराने के निर्देश दिए।



मनरेगा से प्रत्येक विकास खंडों में मिनी स्टेडियम बनाए जाने हेतु कॉमन डिजाइन अविलंब तैयार कराकर प्रस्तुत करने तथा उपयुक्त भूमि को चिह्नित करने के निर्देश परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास को दिया। जिलाधिकारी ने आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में कराए जाने वाले निर्धारित कार्यों को तेजी से पूर्ण कराकर संतृप्त कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वृद्धा, निराश्रित विधवा, दिव्यांग्जन पेंशन आदि योजनाओं के लंबित पात्र आवेदन पत्रों के नियमानुसार स्वीकृति की कार्यवाही अविलंब किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने एआर कापरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खाद वितरण का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनपद में निमार्णाधीन सेतुओ के निर्माण कार्य में तेज प्रगति लाने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अभियंता को कठोर चेतावनी जारी करने के साथ ही अपेक्षित प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यों में हीलाहवाली व टालमटोल करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही किया जाय। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत स्वीकृत दावों के सापेक्ष किसानों को भुगतान की कार्यवाही किए जाने के संबंध में जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया।

### ऋण आवेदनों को करें स्वीकृत

**चंदौली।** प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थियों को ऋण वितरण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित किए जाने, श्रमिक पंजीयन में और अधिक प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने, श्रमिक योजनाओं में प्राप्त आवेदन पत्रों की स्वीकृति की कार्यवाही समयान्तर्गत करा लिए जाने, सहकारी देयों की वसूली में अपेक्षित प्रगति लाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## संक्षेप

### पुलिस ने बड़े पैमाने पर बरामद किया चाइनीज मांझा



पड़ाव क्षेत्र में पतंग की दुकान पर छापेमारी करती पुलिस।

**पड़ाव।** चाइनीज मांझा से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के कारण स्थानीय पुलिस चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई दुकानों से चाइनीज मांझा बरामद किया। विदित हो कि शुक्रवार के दिन वाराणसी निवासी एक व्यक्ति मालवीय पुल से आ रहा था जिसका चाइनीज मांझा से गर्दन कट गया जिस से लहूलुहान होकर गिर पड़ा था। क्षेत्र में लगभग सभी पतंग की दुकानों पर चाइनीज मांझा बड़े ही धड़ल्ले से बेचा जा रहा है जिसे संज्ञान में लेते हुए जलीलपुर चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र में पतंग की दुकानों पर चेकिंग अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में चाइनीज मांझा बरामद किया और दुकानदारों को हिदायत दिया की दोबारा चाइनीज मांझा पकड़े जाने पर सीधे कार्रवाई की जाएगी।

### रोमांचक मुकाबले में तिरगांवा ने बलिया को हराया

**चहनियां।** बाबा कीनाराम खेल मैदान मारूफपुर पर चल रहे शहीद चंदन राय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल तिरगावा और बलिया की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें पहले खेलते हुए बलिया की टीम ने 17 ओवर में 107 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए तिरगावा की टीम ने 5 विकेट खोकर शानदार 117 रन बनाकर मैच को जीतकर फाइनल में जगह बनाई। मैच के मैन ऑफ द मैच महरूम बने। इसके पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. विवेक सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास दोनों होता है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कमरुजमा ने कहा कि मेरे क्षेत्र के बच्चे खेल में आगे जाएं तो मुझे दिली खुशी होगी। इसके लिए मुझे जो भी सहयोग करना होगा करूंगा। इस अवसर पर राकेश यादव रौशन, प्रधानपति मारूफपुर श्रवण यादव, ग्राम प्रधान शेतपुर सरैया बनफल यादव, शिक्षक वीरेंद्र यादव, डा.राजेश निषाद, सचिन यादव आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन अनिल प्रवक्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष जनाब शौकत अली ने किया।

### प्रायोगिक परीक्षा 29 जनवरी से

**चंदौली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित वर्ष 2023 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 से पांच फरवरी तक सम्पन्न की जाएगी। प्रभारी डीआईओएस डा. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इसके अलावा हाईस्कूल की विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रोजेक्ट आधारित परीक्षा (आंतरिक मूल्यांकन) के अंक एवं नैतिक, योग, खेल व शारीरिक शिक्षा का ग्रेड और इंटरमीडिएट की नैतिक, योग, खेल व शारीरिक शिक्षा को विद्यालय के प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट पर 25 जनवरी तक आनलाइन अपलोड किए जाएंगे। इसके लिए 10 जनवरी से वेबसाइट क्रियाशील हो जाएगी।

### व्यापार मण्डल अध्यक्ष की भाभी के निधन पर शोक

**चहनियां।** कस्बा स्थित व्यापार मण्डल अध्यक्ष भानू प्रताप यादव के भाभी 65 वर्षीय प्रेमा देवी के निधन पर कस्बा में शोक व्याप्त है। कस्बा में व्यापारियों ने गतात्मा की शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, सरिद्वार यादव, रामविलास गुप्ता, गोपाल गुप्ता, जय प्रकाश यादव, आनन्द सिंह, जयशंकर जायसवाल, सतीश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, शिवलाल जायसवाल, मनोज सोनकर आदि लोग उपस्थित थे।

### संस्कार भारती के संस्थापक की मनी जयंती

**डीडीयू नगर।** संस्था संस्कार भारती के संस्थापक बाबा योगेंद्र का 100वां जन्म दिवस शनिवार को मना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संस्कार भारती के रवि नगर स्थित कैंप कार्यालय पर पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम बाबा जी के जन्म दिवस 7 जनवरी से 26 तक मनाए जा रहे। आराधना कार्यक्रम के क्रम में आयोजित था। इस कड़ी में संगोष्ठी व भारत माता पुजानोत्सव का भी कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुधीर भास्कर राव पाण्डेय, डा.मनोज सिंह, शरदचंद्र मिश्र, रवि प्रसाद, चंद्रभूषण लाल श्रीवास्तव, सुरेंद्र राजदीप, सुनील केशरी, भानू शंकर चौबे, अनिता कुशवाहा उपस्थित रहे। अध्यक्षता सुधीर भास्कर राव पाण्डे व संचालन सुरेश अकेला ने किया।

### गंगा में उतरी एनडीआरएफ की टीम

**धानापुर।** गंगा में शनिवार को पंकज पांडेय को ढूढने के लिए एनडीआरएफ की टीम उतरी। टीम के साथ थानाध्यक्ष विपिन सिंह भी हमराहियों के साथ लगे हुए हैं। ज्ञात हो कि शुक्रवार को प्रातः 8 बजे प्रसहटा निवासी पंकज पांडेय पुत्र राजेश पांडेय गंगा स्नान करने गांव के सामने घाट पर गया था। नहाने के दौरान पैर फिसल जाने से वह डूब गया। ग्रामीणों सहित पुलिस गोताखोरों के साथ बहुत ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार को एन डी आर एफ की टीम बुलाई गई जो प्रातः से उसे ढूंढने में लगी हुई है लेकिन खबर लिखे जाने तक सफलता नहीं मिल पाई थी।

### प्री-बोर्ड की परीक्षा 16 जनवरी से

**चंदौली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देश पर जनपद में कक्षा 10 एवं 12वीं की प्री-बोर्ड की लिखित परीक्षा 16 से 20 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी डीआईओएस सत्येंद्र कुमार सिंह ने जिले के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि परीक्षा के संबंध में बालक व बालिकाओं को अवगत करा दें, ताकि विद्यार्थी परीक्षा मे सम्मिलित हो सकें। विलंब की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय प्रधानाचार्यों की होगी।

### अगलगी में रिहायशी मड़ई जली

**इलिया।** थाना क्षेत्र के खखड़ा गांव निवासी अवध नारायण खरवार के मड़ई में शुक्रवार की रात लगभग 12 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे देखते ही देखते सारी गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गई। बताते हैं कि अवध नारायण खरवार गांव के पश्चिम सिवान में एक मड़ई लगा कर निवास करते थे। मड़ई में रखे धान, चावल, गेहूं, आटा, कपड़ा, बिस्तर, रजाई, चौकी, खटिया, सोलर पैनल बैट्री सहित नगद आठ हजार रुपए जल कर राख के ढेर में तब्दील हो गया।

# गंदे पानी की निकासी के लिए इलिया के ग्रामीण लामबंद

**प्रदर्शन**

**धरना-प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे एडीओ पंचायत व सेक्रेटरी**



गंदे पानी की निकासी के लिए इलिया में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**इलिया।** कस्बा के उत्तरी मोहल्ले में गंदे नाले के पानी निकासी की व्यवस्था न होने से गली में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वहीं गलियों में पानी जाम रहने के कारण उठते दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को गली के बीच खड़ा होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास निकाली तथा धरना दिया। सूचना मिलने पर एडीओ पंचायत तथा सेक्रेटरी धरनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किए। मगर ग्रामीण उपजिलाधिकारी के आने की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि शहाबगंज विकासखंड का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत होने के बाद भी गांव के अधिकतर गलियों में नाली का निर्माण ना होने से गली के बीच गंदी नाली का पानी बहता रहता है। जिससे बरसात के दिनों में स्थिति और भी नारकीय हो जाती है। वहीं जलभराव के कारण संक्रामक रोग के फैलने का खतरा बराबर बना रहता है। उत्तरी मोहल्ले के इस गली में जलभराव की निकासी हेतु दो माह पूर्व भी समाजसेवी एकलाख जिद्दी के नेतृत्व में आंदोलन किया गया था। बावजूद आज तक किसी ने भी समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दिया। जिससे दिन पर दिन गली की स्थिति और भी नारकीय होती जा रही है। जिससे आजिज आकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए धरना पर बैठे गए और सक्षम अधिकारी के आने तक धरना जारी रखने की मांग पर डटे रहे। इसी बीच धरना स्थल पर एडीओ पंचायत अरविंद कुमार तथा सेक्रेटरी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया तथा पंचायत निधि से नाली निर्माण कराए जाने की बात कही। बावजूद ग्रामीण नहीं माने और उपजिलाधिकारी के मौके पर आने तक धरना जारी रखने की बात पर अड़े रहे। धरना प्रदर्शन करने वालों में पिंटू गुप्ता, एकलाख जिद्दी, भरत गुप्ता, मंसूरी, बुल्लू, हसामुद्दीन, मखचू ,सहाबुद्दीन और बसावन सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### उत्पीड़न को लेकर पत्रकारों ने किया मंथन-चिंतन

**डीडीयू नगर।** के कैलाशपुरी स्थित केसरी नंदन वाटिका लान भारतीय मीडिया फाउंडेशन द्वारा बैठक किया गया जिसमें पत्रकारों की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा। भारतीय मीडिया फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप नारायण चौबे के नेतृत्व में शनिवार को को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के कैलाशपुरी में भारतीय मीडिया फाउंडेशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान भारतीय मीडिया फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप नारायण चौबे द्वारा माल्यार्पण कर सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर कर सम्मानित किया गया। बैठक में पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न उनकी समस्याओं को लेकर पत्रकारों व अतिथियों ने अपनी अपनी समस्याओं और बिचार ब्यक्त किया इस दौरान भारतीय मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष केंद्रीय मैनेजमेंट अफेयर्स कमेटी के ए.के बिंदुसार संचालन अशोक कुमार जायसवाल, प्रदीप गुप्ता एवं गरिमामयी उपस्थिति मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष मदन मोहन पाठक, जगदीश मौर्य, कमलेश पाठक, डा. आलोक शर्मा, प्रदीप गुप्ता, राम जन्म सिंह चौहान, ऋषि कुमार पांडेय मौजूद रहे।

# गोदाम में अगलगी से अंदर रखा सामान जलकर खाक



मढ़िया स्थित गोदाम में आग लगने के कारण जला पड़ा सामान।

**पड़ाव।** जलीलपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड किनारे मढ़िया गांव में जिम संबंधित सामान के थोक विक्रेता की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण लाखों का नुकसान हुआ। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को मुगलसराय रोड पर व्यामशाला (जिम) संबंधित सामान के गोदाम मे रखा लगभग दस लाख रुपए से ऊपर का माल जलकर राख हो गया। गोदाम के मालिक पवन कुमार का कहना है कि लगभग पांच साल पुराना हमारा दुकान व गोदाम है रोज की भांति शुक्रवार की रात आठ बजे गोदाम दुकान बंद कर अपने घर बॉसफाटक वाराणसी आ गए। कुछ लोग गोदाम के बाहर ठंड से बचने के लिए अलाव अलाव जलाकर ताप रहे थे, तभी किसी तरह गोदाम मे आग पकड़ लिया और कुछ समय मे ही आग गोदाम मे विकराल रूप ले लिया। इसके बाद आस पास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना के साथ लगभग 11 बजे गोदाम मालिक को भी सूचना दिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़िया आग पर काबू पाया पर गोदाम मे रखे सारे स्पोर्ट की सामान जलकर राख हो चुकी थी।

# दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने दबोचा



पकड़े गए आरोपी युवक संग मुगलसराय कोतवाली पुलिस।

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने एक किशोरी संग दुष्कर्म के आरोपी युवक को दबिश देकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को मुगलसराय के आईपी माल के समीप से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में निरूद्ध कर जेल भेज दिया।

विदित हो कि मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत चौकी चंधासी अंतर्गत एक इलाके की किशोरी से चंधासी निवासी एक दबंग युवक व उसके सहयागियों द्वारा सामूहिक का मामला सामने आया। पीड़िता ने मुगलसराय कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस आरोपी युवक की धर-पकड़ के लिए निरंतर दबिश दे रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी युवक आईपी मुगल के पास मौजूद है, जिसे पुलिस ने धर-दबोचा।

## बच्चों के अपहरण की सूचना पर पुलिस रही हलकान

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के महुअर कला गांव में दो बच्चों के अपहरण की सूचना पर पुलिस हलकान रही। बलुआ पुलिस के पसीने छूट गये। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ करने में जुट गयी। कुछ देर बाद बच्चे आ गये, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। महुअरकला गांव में पुलिस चौकी के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे, तभी वहां एक मैजिक आकर रुकी। जिसमें दो बच्चे 9 वर्षीय सत्यम प्रजापति व 8 वर्षीय अंकित यादव खेलते खेलते मैजिक के पीछे से दूसरे तरफ चले गये। तभी मैजिक वाला भी गाड़ी लेकर चला गया। इतने में बच्चो ने शोर मचाया कि गाड़ी वाले दोनों को लेकर भाग गए। देखते ही देखते गांव में अपहरण की शोर मच गयी। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने बलुआ पुलिस को दी। पुलिस चारों तरफ नाकेबंदी करने में जुट गयी। उधर, बलुआ थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ कर रहे थे कि बच्चे खेलते खेलते पहुंच गये। दोनो बच्चों का बयान लेकर पुलिस अधिकारियों को सूचना दिया।

# साहित्य के पुरोधा रहे पूर्णमासी राय: डा. अवधेश प्रधान

**कमालपुर।** हरिद्वार राय इंटर कालेज बभनियांव के परिसर में शनिवार को प्रोफेसर पूर्णमासी राय पूर्व आचार्य व अध्यक्ष मगध विश्वविद्यालय बोधगया तथा साहित्यकार व आलोचक की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व व जीवनी पर प्रकाश डाला गया। साथ ही प्रोफेसर पूर्णमासी राय ग्रंथालय का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत भाजपा के वरिष्ठ नेता डा.हरेंद्र राय, डा.अवधेश प्रधान डा. प्रदीप कुमार संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी, डा.रामसुधार सिंह, डा.उदय प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, हरिद्वार राय व पूर्णमासी राय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्वलित व ग्रंथालय का उद्घाटन कर किया गया। मुख्य अतिथि डा. अवधेश प्रधान ने कहा कि प्रोफेसर पूर्णमासी राय का साहित्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा की अलख को जलाने का काम किया था। वह हमेशा परिवार व अपने लोगों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रयास करते रहे। जो परिवार अपने पूर्वजों को सम्मान देने का काम करता है। वह परिवार जीवन भर बुलंदियों को छूने में कामयाब होता है। डा.रामप्रताप सिंह ने कहा कि अच्छे व्यक्तित्व को चिरकाल तक याद किया जाता है। साहित्यकारों में पूर्णमासी राय का नाम सर्वोपरि माना जाता है। डा.प्रदीप कुमार ने कहा कि उन्होंने जीवन को आगे बढ़ने के लिए अपने साहित्य में लिखने में काम किए थे। आज उनकी लेखनी को पढ़कर जीवन मे आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर डा.रामप्रताप राय, सुनील सिंह, राजेश सिंह, अनुपम राय, राजेश तिवारी, जयप्रकाश सिंह, विपिन राय, सुबास राय, जयप्रकाश उपाध्याय, श्यामसुंदर बिंद, कामेश्वर राय, अनिल सिंह, डा.संजय सिंह, सत्यवान मौर्य आदि रहे। अध्यक्षता डा. राम सुधार व संचालन डा.हरेंद्र राय ने किया।



हरिद्वार राय इंटर कालेज बभनियांव में प्रोफेसर पूर्णमासी राय के प्रथम पुण्यतिथि पर मंचासीन अतिथिगण।

# अनियमितता पर दो उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**कार्रवाई**

**महिमा खाद भंडार व सिंह एजेंसी पर मिली कई खामियां**

**चंदौली।** जिला कृषि अधिकारी वसन्त कुमार दुबे ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए गए अभियान चलाया गया। पांच जनवरी को महिमा खाद भण्डार सवैया महलवार एवं सिंह एजेंसी धरौली का निरीक्षण किया गया। उस समय दोनों उर्वरक बिक्री केंद्रों पर कई गंभीर खामियां पायी गयी। स्टाक रजिस्टर अनुपलब्ध था एवं उर्वरक वितरण रजिस्टर नहीं था। महिमा खाद भण्डार के वितरण रजिस्टर में गत एक माह में मात्र पांच क्रेताओं के विवरण का उल्लेख है, जबकि आईएफएमएस पोर्टल के अनुसार इस अवधि में कुल 1030 क्रेताओं को 457.795 एमटी उर्वरक बेची गई थी। इसी प्रकार सिंह एजेंसी धरौली के वितरण रजिस्टर में दर्ज नामों तथा आईएफएमएस पोर्टल पर उपलब्ध क्रेताओं के विवरण में कोई एकरूपता नहीं है।

आईएफएमएस पोर्टल के अनुसार गत 30 दिनों के अन्दर कुल 746 क्रेताओं को 303.045 एमटी उर्वरक बेची गयी है, जिसका वितरण रजिस्टर में कोई अंकित नहीं मिला। इनके द्वारा क्रेताओं की खतौनी एवं फसल के अनुसार उर्वरक वितरण नहीं किया गया। इनके वितरण रजिस्टर में किसी क्रेता व कृषक का विवरण नहीं है तथा इनके द्वारा उर्वरक वितरण में गंभीर अनियमितता बरती गयी है। महिमा खाद भण्डार पीओएस मशीन के अनुसार निरीक्षण के समय इनके पास लगभग 500 बोरी यूरिया स्टॉक में होनी चाहिए, जबकि यूरिया का भौतिक स्टाक शून्य है। महिमा खाद भण्डार, सवैया प्रोपराइटर अरविंद कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद के विरूद्ध थाना शहाबगंज एवं सिह एजेंसी हर्ष सिंह पुत्र कुनाल सिंह ग्राम धरौली के विरूद्ध थाना सैयदराजा में आवश्यक वस्तु अधिनियम के सेक्शन 3/7 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उन्होंने बताया कि उर्वरकों की तस्करी एवं कालाबाजारी पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी असामाजिक तत्व के ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर कठोर कार्यवाही करायी जायेगी।



महिमा खाद भंडार पर अभिलेख देखते जिला कृषि अधिकारी।

### ज्ञान और बैराग से जीव में होती है भक्ति की उत्पत्ति

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के रौना गांव स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे 11 कोटि मानस हनुमान चालीसा का 11 हजार पाठ शनिवार को पूर्ण हो गया। पिछले 11 दिनों चल रहे हनुमान चालीसा का पाठ समापन हो गया। रविवार को रुद्राभिषेक के बाद हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कैथी मारकंडेय महादेव से आये कथा व्यास रामनाथ गिरी ने 11 दिन चले श्री रामचरितमानस कथा की महिमा बताया। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने की बात बताई। हवन पूजन वातावरण वायुमंडल शुद्ध होने के साथ ही व्यक्ति की आध्यात्मिक बल मिलता है। ऐसे आयोजन और यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। बताया कि रामचरितमानस कथा के श्रवण से भक्तों को मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं। जीव में भक्ति ज्ञान एवं बैराग के भाव भी उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है।रौना पहला गांव है जहां इसकी शुरूआत की गई। इस दौरान शिवाधार तिवारी, बनारसी तिवारी, उपेंद्र, विकास, डब्बू, किशोर, गिद्दन मौजूद रहे।

# मिसेज बनारस में विजय लक्ष्मी ने बिखेरा जलवा

**डीडीयू नगर।** हौसलों को बुनियाद बनाकर सफलता के डोर को पकड़ना ही किसी प्रतियोगिता में सफलता परिणाम देता है। यह कहना है नगर निवासी मिसेज बनारस प्रतियोगिता की प्रथम रनर अप रहीं विजय लक्ष्मी का। अपनी सफलता से उत्साहित नगर स्थित वृंदावन कालोनी निवासी विजय लक्ष्मी ने बताया कि विगत दिनों वाराणसी के सिगरा स्थित एक होटल मे वात्सल्य सोसाइटी के तत्वावधान मे संपन्न मिस व मिसेज बनारस के खिताब हेतु हुए प्रतियोगिता मे तमाम पड़ाव पार करते हुए प्रथम रनर अप का खिताब जीता। इस सफलता से परिवार सहित नगर व जिले का नाम रौशन किया है। रेलवे के वाणिज्य विभाग मे कार्यरत एसएन पासवान की पत्नी विजयलक्ष्मी की सफलता से पूरे परिवार में खुशी है। उक्त प्रतियोगिता में कई प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर देकर प्रथम रनर अप रही विजय लक्ष्मी ने बताया कि एक गृहणी से लेकर मिसेज बनारस तक का सफर तय करने में मेरे परिवार तमाम लोगों का सहयोग रहा है। कहा कि ऐसे खिताब आपको समाज में नया मुकाम और प्रतियोगिता में उर्जा का काम करते हैं। आगे भी ऐसे ही प्रतियोगिता मे हिस्सेदारी कर आम जन मानस से जुड़ कर समाज के दशा और दिशा मे परिवर्तन लाने का काम करती रहूंगी ।



ट्राफी के साथ प्रथम रनर अप विजय लक्ष्मी।

# स्पोर्ट्स

## अंडर-17 यूथ कप नॉकआउट राउंड हैदराबाद के डेक्कन एरिना में होंगे शुरू

**कोलकाता।** हीरो अंडर-17 यूथ कप के नॉक-आउट राउंड हैदराबाद के डेक्कन एरिना में 23 जनवरी से शुरू होने वाले हैं, जहां शीर्ष ट्रॉफी जीतने के लिए 16 टीमें आपस में भिड़ेंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में एआईएफएफ कार्यालय में 16 राउंड के ड्रॉ के बाद 31 जनवरी को होने वाले फाइनल मैच की घोषणा की। हीरो अंडर-17 यूथ कप ग्रुप स्टेज में कुल 49 टीमों भाग लिया था, जहां उन्हें 10 ग्रुप में बांटा गया था, जो इस प्रकार हैं.. गढ़वाल फुटबॉल क्लब (एफसी), टेकट्रो स्वदेस यूनाइटेड एफसी, मिनर्वा पंजाब एफसी, क्लासिक फुलबॉल अकादमी, पंजाब स्टेट एफए अंडर-17 टीम, सुदेव दिल्ली एफसी और जिंक फुटबॉल अकादमी 10 ग्रुप विजेताओं के रूप में क्वालीफाई किया है। एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा,ह्न हीरो अंडर-17 यूथ कप का नॉकआउट दौर हम पर है और हमने अब तक कुछ वास्तव में प्रतिस्पर्धी खेल का प्रदर्शन देखा है।



# नई कमेटी घोषित, चेतन शर्मा फिर बने चीफ सेलेक्टर

## बीसीसीआई ने नई सेलेक्शन कमेटी घोषित की, शिवसुंदर दास, सलिल अंकोला सहित चार और मेंबर्स



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नई सीनियर सेलेक्शन कमेटी की घोषणा कर दी है। पूर्व तेज गेंदबाज चेतन शर्मा फिर से कमेटी के चेयरमैन यानी चीफ सेलेक्टर बनाए गए हैं। उनके अलावा शिवसुंदर दास, सलिल अंकोला, सुब्रतो बनर्जी और श्रीधरन शरत कमेटी के अन्य चार मेंबर्स हैं। ऑस्ट्रेलिया में हुए पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड ने तत्कालीन सेलेक्शन कमेटी को बर्खास्त कर दिया था। चेतन शर्मा उस कमेटी के भी चेयरमैन थे। टीम इंडिया सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट से हारकर वर्ल्ड कप से बाहर हो गई थी। 600 आवेदन आए, 11 शार्टलिस्ट हुए थे। बोर्ड ने रविवार को जारी बयान में बताया कि, 'क्रिकेट एडवाजरी कमेटी (उअउ) को करीब 600 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 11 को इंटरव्यू के लिए बुलाए गया। इंटरव्यू के बाद शशिकला नायक, अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे की एडवाजरी कमेटी ने 5 नाम रिकमेंड किए हैं।

***शर्मा के सामने ये चैलेंज...***

**पहला:** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया-भारत के बीच खेली जाने वाली इस बाइलेटर सीरीज की मेजबानी भारत कर रहा है। कंगारू टीम अगले महीने भारतीय दौरे पर आ रही है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से अहम होगी। फाइनल पहुंचने की स्थिति में उसे चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी भी अहम होगी।

**दूसरा :** एशिया कप : सितंबर महीने में पाकिस्तान की मेजबानी में एशिया कप होने जा रहा है। वनडे वर्ल्ड कप से ठीक पहले होने वाले इस टूनामेंट को जीतना भी जरूरी होगा।

**तीसरा :** वनडे वर्ल्ड : एशिया कप के बाद अक्टूबर-नवंबर महीने में क्ळउ वर्ल्ड कप होगा। ऐसे में चेतन शर्मा के सामने बेहतर टीम तैयार करने की चुनौती होगी। चेतन शर्मा ने अपने 11 साल के करियर में 148 इंटरनेशनल विकेट चटकाए हैं। वे 23 टेस्ट 65 वनडे मैचों में भारतीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

***वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज हैं***

चेतन शर्मा ने वर्ल्ड कप में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज हैं। उन्होंने 1987 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैट्रिक ली थी। 16 साल की उम्र में चेतन ने हरियाणा के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। उन्होंने दिसंबर, 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था।

2 साल पहले भी बने थे चीफ सेलेक्टर चेतन शर्मा दूसरी बार भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर बने हैं। 2 साल पहले वे ऑल इंडिया सेलेक्शन कमेटी के चेयरमैन बनाए गए थे।

***श्रीधरन के पास इंटरनेशनल अनुभव नहीं***

तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर श्रीधरन शरत के पास इंटरनेशनल क्रिकेट का कोई अनुभव नहीं है। लेकिन उन्होंने 139 फर्स्ट क्लास और 116 लिस्ट ए मैच खेले हैं। इसके साथ ही वह मैच रेफरी की भी भूमिका निभा चुके हैं। शरत राष्ट्रिय जूनियर चयनसमिति के चीफ सेलेक्टर भी रह चुके हैं।

चयन समिति के सामने पहला टास्क न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम चुनने का होगा। इसके बाद भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी भी खेलनी है। इस साल के अंत में वनडे वर्ल्ड कप भी है।


***टी20 विश्व कप के बाद चयन समिति को किया गया था बर्खास्त***

चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति को टी20 विश्व कप के बाद बर्खास्त कर दिया गया था। उसके बाद एक जनवरी को टी20 विश्व कप में टीम के प्रदर्शन को लेकर बीसीसीआई ने चर्चा की थी।

इस दौरान चेतन शर्मा के साथ-साथ कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ भी मौजूद थे। बैठक में इस साल के अंत में आने वाले 50 ओवर के विश्व कप के रोडमैप पर चर्चा की गई थी।

## बॉलीवुड न्यूज

### शाहिद कपूर व विजय सेतुपति की क्राइम थ्रिलर होगी रिलीज



**मुंबई।** बड़े स्तर पर नए साल की शुरूआत करते हुए, प्राइम वीडियो ने आज अपने, बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल, फर्जी के प्रीमियर की घोषणा की, जो 10 फरवरी को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में किया जाएगा। फजी, द फैमिली मैन, जैसी ब्लॉकबस्टर सीरीज, के प्रशंसित निर्माताओं की अगली सीरीज है। राज और डीके के बैनर डी2आर फिल्म्स के तहत इसे बनाया गया है, इस स्टार-स्टडेड शो से बॉलीवुड के हार्टथ्रोब शाहिद कपूर और कॉलीवुड के सबसे पसंदीदा स्टार विजय सेतुपति अपना डिजिटल डेब्यू केरेंगे । सीरीज में राशी खन्ना, अत्यधिक कुशल के. के. मेनन, दिग्गज अभिनेता, अमोल पालेकर के साथ रेजिना कैसेंड्रा और भुवन अरोड़ा प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आठ एपिसोड में फैली, फजी एक तेज-तर्रार, तीव्र और अपनी तरह की एक अनोखी क्राइम थ्रिलर है, जिसमें निर्देशक जोड़ी का ट्रेडमार्क ह्यूमर है, जो अमीरों का पक्ष लेने वाली व्यवस्था को जीतने के लिए एक चतुर अंडरडॉग स्ट्रीट आर्टिस्ट की खोज के इर्द-गिर्द बनाया गया है। उसके और कानून प्रवर्तन के बीच एक रोमांचकारी चूहे-बिल्ली का खेल होता है जहाँ हारने पर कोई विकल्प नहीं है। राज और डीके के साथ, फर्जी को सीता आर मेनन और सुमन कुमार ने लिखा है। अपर्णा पुरोहित, प्रमुख ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो इंडिया ने कहा कि 2023 के लिए इससे बेहतर शुरूआत नहीं हो सकती थी। फजी एक ऊर्जा और जोश से भरा हुआ शो है, जो मध्यम वर्ग के परिवेश झ्र उसके सपनों, आकांक्षाओं और चिंताओं में निहित है।

### विवेक अग्निहोत्री की वैक्सीन वॉर में दिखेंगे रियल वॉरियर्स



**मुंबई।** विवेक अग्निहोत्री की बहुप्रतीक्षित और प्रत्याशित फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और फिल्म को लेकर दर्शक अपना उत्साह रोक नही पा रहे हैं। 'वैक्सीन वॉर' भारतीय वैज्ञानिकों और उन लोगों पर आधारित है, जिन्होंने दुनिया में सबसे प्रभावी वैक्सीन बनाने के लिए दो साल से अधिक समय तक अपना दिन और रात एक कर दिया। 'द वैक्सीन वॉर' भारतीय वैज्ञानिकों की कहानी है जो ग्लोबल मैन्यूफैक्चर्स की तरफ से आने वाले दबाव से बच गए और अपने देशवासियों के जीवन को बचाने के लिए दिन रात काम किया। वीडियो में फिल्म के कलाकारों के साथ फिल्म मेकर को कई नारे लगाते हुए देखा जा सकता है। अब जैसे कि फिल्म इंडिपेंडेंस डे पर अपनी रिलीज की तैयारी कर रही है, एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि 'सच्ची कहानी' पर आधारित इस फिल्म में भारत के रियल वॉरियर्स भी हैं। इसके बारे में बात करते हुए, सोर्स कहते हैं, ह्णये सिख वॉलंटियर्स हैं जिन्होंने दूसरी लहर के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर मृत लोगों का दाह संस्कार करने में मदद की थी। उन्होंने अपनी इच्छा से हमारी फिल्म में काम किया और सटीक परिदृश्यों को फिर से बनाने में हमारी मदद की।

### 'ब्लर' तोड़ रही है अपने सारे रिकॉर्ड्स



**इंदौर।** इकोलॉन प्रोडक्शंस हमेशा ही सार्थक कॉन्टेंट के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। दिग्गज विशाल राणा द्वारा संचालित इस प्रमुख प्रोडक्शन हाउस की मौजूदा फिल्म 'ब्लर' अपने सारे रिकॉर्ड्स तोड़ रही है। तापसी पन्नू अभिनीत इस फिल्म को डिजिटल क्षेत्र में शानदार रिव्यूज मिल रहे हैं। 150 मिलियन व्यूज के साथ जी5 पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्म क्रिसमस को और भी अधिक मजेदार बना रही है। प्रतिक्रिया को लेकर उत्साहित विशाल राणा ने कहा कि मैं ब्लर को मिली प्रतिक्रिया से अभिभूत हूँ और भविष्य में मिलने वाली सभी प्रशंसाओं के लिए आभारी हूँ। हम 'ब्लर' को प्रस्तुत करने के समय से ही 'एज-ऑफ-द-सीट थ्रिलर' शब्द को पुनः परिभाषित करने के लिए तत्पर थे। कई लेयर्स वाली इस थ्रिलर को शूट करने के लिए हमने बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना सुनिश्चित किया और उम्मीद करते हैं कि यह गुणवत्ता की मिसाल के रूप में उभरेगी।

## महिला आईपीएल के लिए जल्द होगा नीलामी का आयोजन



**मुंबई।** महिला इंडियन प्रीमियर लीग (महिला आईपीएल) के लिये खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन फरवरी में किया जायेगा। क्रिकेट समाचार वेबसाइट क्रिकबज ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्रिकबज ने बताया कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को एक दस्तावेज प्रेषित किया है जिसके अनुसार उन्हें 26 जनवरी शाम पांच बजे से पहले नीलामी के लिये अपना नाम दर्ज कराना होगा। इस दस्तावेज में महिला आईपीएल को 2023 महिला टी20 लीग के नाम से संबोधित किया गया है। इस नीलामी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ वे खिलाड़ी भी अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं, जिन्होंने अभी तक भारत के लिये पदार्पण नहीं किया है। पदार्पण कर चुके खिलाड़ियों के लिये नीलामी की शुरूआती रकम (बेस प्राइस) 50 लाख, 40 लाख या 30 लाख रुपये निर्धारित की गयी है। घरेलू खिलाड़ियों के लिये यह रकम 20 लाख और 10 लाख रुपये है। मौजूदा आईपीएल प्रोटोकॉल के अनुसार, खिलाड़ियों के पंजीकरण के बाद पांच टीम मालिक इस 'नीलामी रजिस्टर' की छंटनी करके एक नीलामी सूची तैयार करेंगे। इस सूची को बोली के लिये प्रस्तुत किया जायेगा, जो खिलाड़ी नीलामी में नहीं चुने जायेंगे, उन्हें प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में चुने जाने का दूसरा मौका मिलेगा। गौरतलब है कि टूनामेंट के मीडिया अधिकारों की नीलामी पहले ही बीसीसीआई द्वारा चार दिनों के लिये स्थगित कर दी गयी है।

# सानिया मिर्जा ने संन्यास का ऐलान किया

## अगले महीने दुबई में आखिरी टूनार्मेंट खेलेंगी, अब तक 6 ग्रैंड स्लैम जीत चुकी हैं



**नई दिल्ली।** 6 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता सानिया मिर्जा ने शनिवार को टेनिस से संन्यास का ऐलान किया। 36 साल की मिर्जा ने एक इंटरव्यू में कहा है कि दुबई का डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट उनका आखिरी टूनार्मेंट होगा। सानिया ने 3 बार विमेंस डबल्स का ग्रैंड स्लैम और तीन बार मिक्स डबल्स का खिताब जीता। वे इस महीने ऑस्ट्रेलिया ओपन के डबल्स में खेलेंगी।

सानिया ने पिछले साल भी संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया। टेनिस वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में सानिया ने संन्यास का फैसला वापस लेने पर कहा- 'मैं नहीं चाहती थी कि मैं चोट की वजह से टेनिस से दूर हूं। इसलिए मैनें संन्यास के फैसले को आगे बढ़ा दिया और दोबारा ट्रेनिंग शुरू की।

सानिया ऑस्ट्रेलिया ओपन में खेलती नजर आएंगी। मिर्जा ने इसी महीने होने जा रहे साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी के लिए रोहन बोपन्ना के साथ पेयर बनाया है। दोनों करीब दो साल के बाद एक साल खेलेंगे।

इससे पहले मिर्जा-बोपन्ना की जोड़ी 2021 में विंबलडन में उतरी थी। इस जोड़ी को तीसरे राउंड में जेजे रोजर और आंद्रेजा क्लेपिक की 14वीं सीड जोड़ी ने 3-6, 6-3, 9-11 से हराया था। दोनों रियो ओलिंपिक 2016 में भी उतर चुके हैं। हालांकि, भारतीय जोड़ी थोड़े अंतर से ब्रॉन्ज मेडल चूक गई थी। उसे ब्रॉन्ज मैच में चेक रिपब्लिक की लूसी हरडेका और राडेक स्टेपानेक ने हराया था। सानिया की शादी पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक के साथ हुई है। पिछले साल नवंबर महीने में शोएब मलिक से तलाक की खबरें आई थीं। हालांकि, उन दोनों की ओर से इस पर कुछ नहीं कहा गया था। बाद में सानिया ने शोएब मलिक के साथ एक फोटो भी शेयर किया। ऐसा माना जा रहा है कि अब वे हैदराबाद और दुबई में एकेडमी चलाएंगी।

# भुड़कुड़ा में हुई मारपीट में आधा दर्जन घायल

**इलिया।** थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के लोगों ने गोलबंद होकर दूसरे पक्ष के एक महिला सहित छह लोगों को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायलों को उपचार हेतु शहाबगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जिसमें दो की हालत गंभीर रहने पर चंदौली जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि भुड़कुड़ा गांव में एक पक्ष के पवन कुमार की 5 वर्षीय बेटी प्रतिभा गांव के सिवान में शौच करने के लिए गई थी इसी बीच दूसरे पक्ष के सुदामा की लड़की आकांक्षा प्रतिभा को देख गाली देने लगी। इस पर सुदामा, पवन के घर जाकर गाली गलौज देने लगा। विरोध करने पर पवन को दौड़ा लिया। देखते ही देखते एक पक्ष, दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गए और इस दौरान लाठी डंडा, राड का खुलकर प्रयोग किया गया। मारपीट की घटना में भगवानदास 53 वर्ष, समज्ञा 47 वर्ष, कमलावती 54 वर्ष, श्यामसुंदर 58 वर्ष, उमेश 26 वर्ष, पवन कुमार 28 वर्ष को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज हेतु शहाबगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया। जहां भगवान दास तथा समज्ञा का हालत गंभीर रहने पर डॉक्टरों ने दोनों को चंदौली स्थित जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इस मामले में पवन कुमार की तहरीर पर एक पक्ष के कुल 11 लोगों के विरुद्ध धारा 147, 148, 323, 504, 506 के तहत नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस मामले में पुलिस 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने बताया कि मारपीट के मामले में घायल की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भूमि विवाद को लेकर मारपीट आधा दर्जन घायल

**इलिया।** थाना क्षेत्र के माल्दह गांव में भूमि विवाद को लेकर शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्ष के कुल आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार शहाबगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। इस मामले में दोनों पक्ष की ओर से पडे तहरीर के आधार पर कुल एक दर्जन लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में जय प्रताप की ओर से पडे तहरीर के आधार पर 5 लोगों के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के लवकुश चौबे की ओर से पडे तहरीर के आधार पर सात लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# कंगारू मदर केयर विधि से बच्चों को ठंड से बचाएं: डॉ. आरबी शरण

**चंदौली।** शीतलहर से अधिक परेशानी है उन नवजात शिशुओं को जिनकी यह पहली ठंड है। शीतलहर में नवजात शिशुओं को रोगों से बचाने के लिए विशेष देखभाल की जरूरत पड़ती है। ऐसे में छह माह तक के नवजात शिशुओं के लिये कंगारू मदर केयरह्व (केएमसी) विधि अपनाने और उन्हें केवल स्तनपान कराना बेहद लाभदायक है। यह उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को तो बढ़ता ही है साथ ही ठंड से मुकाबला करने के लिए भी उन्हें मजबूत बनाता है। यह सुझाव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरबी शरण का ने दिए हैं।

उन्होंने बताया कि नवंबर से जनवरी के बीच जन्में नवजात के प्रति थोड़ी-सी भी लापरवाही इस समय भारी पड़ सकती है। क्योंकि नवजात की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम रहती है और ठंड के समय नवजात के शरीर के तापमान को सामान्य रखना बहुत ही आवश्यक है। हाइपोथर्मिया (ठंडा बुखार) से बचाव के लिए कंगारू मदर केयर विधि बेहद ही कारगर उपाय है। साथ ही जन्म के तुरंत बाद यानि एक घंटे के भीतर नवजात को स्तनपान कराना बेहद जरूरी है। स्तनपान से नवजात शिशु के पोषण की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ ही ठंड से मुकाबला करने में सहायक होती है।

राजकीय महिला चिकित्सालय की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. महिमा नाथ ने कहा कि नवजात शिशु के लिए कंगारू मदर केयर एक ऐसा उपाय है जो न सिर्फ शिशु के शरीर का तापमान सामान्य रखता है बल्कि सर्दी से भी उनका बचाव करता है। असमय व कम वजन के साथ जन्म लेने वाले शिशु को संक्रमण से बचाने और शीतलहर में स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए भी केएमसी अपनायी जाती है। इस विधि में शिशु को मां के सीने से प्रत्यक्ष चिपका कर (त्वचा से त्वचा का संपर्क) रखा जाता है जिससे मां के शरीर की गर्माहट आसानी से और जल्दी से शिशु तक पहुंचाया जा सके। वह कहती हैं कि नवजात को वयस्कों के मुकाबले श्वसन तंत्र के इंफेक्शन से सुरक्षित रखना ज्यादा जरूरी होता है। सर्दी में नवजात को ठंडा बुखार से बचाने के लिए शिशु को चार तह का कपड़ा पहनाएं। इसके साथ ही बच्चे का मां के लगातार संपर्क में रहने से दूध भी बढ़ता है। मां के अलावा पिता या परिवार का कोई भी सदस्य नवजात को कंगारू मदर केयर दे सकता है।

**सलाह**

### स्तनपान से नवजात की बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

## संक्षेप

### टाई ब्रेकर में मिरचा की टीम ने मुहम्मदाबाद को दी शिकस्त



फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर जद्दोजहद करते खिलाड़ी।

**धानापुर।** अमरवीर इंटर कॉलेज के मैदान पर अमर शहीद धानापुर स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित अंतरप्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैच खेले गए गए। पहला मैच गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद और मिरचा के बीच खेला गया, जबकि दूसरा मैच जेएफसी क्लब जमुरना और दल सागर बक्सर के बीच खेला गया। पहले मैच के पहले हाफ में मुहम्मदाबाद की टीम ने एक गोल कर बढ़त बनाई जबकि दूसरे हाफ में मिरचा की टीम ने भी एक गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। 90 मिनट के खेल बीत जाने के बाद टाई ब्रेकर में मिरचा की टीम विजेता रही। दूसरे मैच में जेएफसी क्लब और दल सागर बक्सर के बीच खेला गया। जिसमें मैच के पहले हाफ में बक्सर की टीम से मोनू यादव ने 24वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। पहले मैच के निर्णायक अमित सिंह तथा दूसरे मैच के निर्णायक दिलशाद खान रहे। कमेंट्री आतिफ खान और इमरान खान ने संयुक्त रूप से किया।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की कुंए में गिरने से मौत

**कमालपुर।** धानापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कवाई पहाड़पुर में विरेंद्र कुमार बिंद पुत्र बहादुर बिन्द निवासी कवाई पहाड़पुर उम्र 30 वर्ष की कुएं में गिरने से मौत हो गई है। मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम से ही घर से गायब था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबिन की, परंतु उसका कही पता नहीं चला। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने कुंए में शव को देख डायल 112 को सूचित किया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा दिया। धानापुर थानाध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा पिता बहादुर बिन्द ने बताया कि विरेंद्र दिमाग से अर्द्ध विछिप्त था, अक्सर कही चला जाया करता था।

### पुण्यतिथि पर हुए विविध कार्यक्रम

**कमालपुर।** डा.पूर्णमासी राय पुण्यतिथि पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के स्वागत गान व मंगलाचरण से प्रारंभ किया। वहीं कवियों के काव्य पाठ के क्रम में कंचन सिंह परिहार, वंदना शर्मा तथा यूपी कॉलेज के प्रोफेसर शरद सिंह के द्वारा काव्य पाठ किया गया तथा श्रोताओं की तरफ से बाबा ही लूटी गई। आलोक चतुवेर्दी की तांडव निनाद की रचना पर संपूर्ण कार्यक्रम के श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।

# टीबी मुक्त भारत के लिए निरंतर हो रहा प्रयास

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 गाँवों में होगा 20 दिवसीय सर्वे

**चंदौली।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में सब नेशनल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया चलाई जानी है। इसके तहत जिले के 10 गांवों में वालंटियर्स के सहयोग से 20 दिन तक सर्वे किया जाएगा। इसी क्रम में पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.वाईके राय के निर्देशन में वालंटियर्स को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सलाहकार ने शनिवार को सर्वे के बारे में पूर्ण जानकारी दी एवं कार्यक्रम के बारे में विस्तार से समझाया। जनपद में सर्वे का यह कार्यक्रम नौ जनवरी से शुरू किया जाएगा। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश कुमार ने दी। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की जिला समन्वयक पूजा राय ने बताया कि वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पहली बार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को विशेष टीबी रोगी खोज अभियान में शामिल करने के बाद अब वालंटियर्स की मदद ली जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 वालंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया।

बताया कि वर्ष 2021-22 में जनपद को सब नेशनल सर्टिफिकेशन में कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया था। जनपद में वर्ष 2015 के सापेक्ष 2021 में क्षय रोगियों में 28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी थी। इसी क्रम में पुनः जनपद को रजत पदक के लिए नामित किया गया है। पूजा राय ने बताया कि सब नेशनल सर्टिफिकेशन (एसएनसी) प्रक्रिया के तहत टीम 25 जनवरी तक लगातार सर्वे करेंगी और एप के जरिए मौके से ही लोकेशन के साथ विस्तृत जानकारी अपलोड करेंगी। इसके साथ ही लक्षण युक्त व्यक्ति के बलगम का सैंपल भी लेंगी। 10 गांव में दो-दो वालंटियर्स को शामिल करते हुए हर गांव के लिए एक टीम तैयार की गई है। हर टीम के साथ राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) का एक कर्मचारी बतौर सुपरवाइजर काम करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में त्रिपुरारी शरण सिंह, अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेनिंग लेते वालंटियर्स।

## वापसी के लिए जमकर पसीना बहा रहे केएल राहुल



भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के लिए साल 2022 यादगार नहीं रहा। लगभग आधे साल तक वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे। इसके बाद एशिया कप और टी20 विश्व कप में उनका प्रदर्शन मिला-जुला रहा। उन्होंने कुछ अर्धशतक बनाए लेकिन प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों की आलोचना का शिकार बने। आक्रमकता में कमी और महत्वपूर्ण मैचों में फेल होने के कारण राहुल सबके निशाने पर रहे। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं चुना गया। वह वनडे सीरीज से वापसी करेंगे। श्रीलंका के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले राहुल ने जमकर अभ्यास किया। उन्होंने नेट्स पर काफी देर तक बल्लेबाजी की। राहुल ने इसका वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 10 जनवरी को गुवाहाटी में पहला मैच खेलेगी। 12 जनवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स पर दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। इसके बाद सीरीज का आखिरी मुकाबला 15 जनवरी को तिरुवनन्तपुरम में होगा।

# फरेबी युवक के झांसे में फंसी नागपुर की युवती

**समस्या**

**फेसबुकिया प्यार में युवक ने मंदिर में रचाई शादी, एक वर्ष बाद हुआ फरार**

**एसएसपी जौनपुर और राज्य महिला आयोग से लगाई न्याय की उम्मीद**

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** फरेबी युवक ने नागपुर की एक युवती को अपने झूठे प्यार के जाल में फंसाकर मंदिर में शादी कर लिया। तकरीबन 1 साल तक बतौर पति-पत्नी के रूप में दोनों साथ रहे और फिर जब युवती से उसका दिल भर गया तो फरेबी युवक वहां से रफूचक्कर हो गया। नागपुर की रहने वाली युवती को जौनपुर के उस युवक से हुई दोस्ती और फिर पत्नी के रूप में रहने की कीमत इस कदर चुकानी पड़ रही है कि वह हाड़ कंपा देने वाली इस ठंड में अपने पति को खोजते खोजते जौनपुर पहुंच आई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी और जफराबाद थानाध्यक्ष को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता सलोनी पुत्री नंदलाल निवासी कोंडा कोरर डोंगर गांव मिसी भंडारा महाराष्ट्र ने बताया कि जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र निवासी सौरभ निषाद पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम धनेजा के बीच फेसबुक से पहली दोस्ती हुई। उसके बाद जौनपुर निवासी लड़के ने हमें अपनी पत्नी बनाकर साथ रहने और जीने मरने की कसमें खाते हुए पूर्ण भरोसा दिया कि कभी जीवन में साथ नहीं छोड़ेगा। हमने उससे कहा कि मेरे जीवन में कोई सहारा नहीं है कहीं ऐसा ना हो कि तुम शादी करके, बाद में मुझे बीच रास्ते में अधूरा छोड़ दो। इस पर उसने तमाम तरह की झूठी कसमें खाई और प्रमाण के तौर पर हम दोनों ने नागपुर के एक मंदिर में जाकर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी कर लिया। शादी करने के बाद हम दोनों पति-पत्नी के रूप में एक वर्ष तक नागपुर में साथ रहे।

एक दिन सौरभ ने अपनी मां की तबीयत खराब होने की बात कहते हुए जौनपुर अपने गांव जाने के लिए कहा तो हमने भी उसके साथ चलने की जिद की। लेकिन वह मुझे यह भरोसा देता रहा कि अभी मां बीमार है, बाद में आएंगे तो साथ लिवा चलेंगे। उसके बाद फिर वह लौटकर नागपुर नहीं आया।

घर पहुंचते ही सौरभ की कार्यशैली में पूरा बदलाव आ गया। उसने मोबाइल भी बंद करना शुरू कर दिया। इससे मेरी बातचीत नहीं हो पाती थी। ऐसे में सीधे जौनपुर पहुंच कर युवक के परिवार वालों से मिलकर अपने साथ हुए धोखे की सारी कहानी बताया।

लेकिन कोई सार्थक जवाब नहीं मिला तो अब पुलिस अधीक्षक और राज्य महिला आयोग में अपने न्याय की उम्मीद किया है। इस संबंध में जफराबाद पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवती को न्याय दिलाने के लिए हर कड़े कदम उठाए जाएंगे आरोपी कितना भी ताकतवर क्यों ना हो।

## रेलवे केबिन में कामगार युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाहगंज।** क्षेत्र के बेलवाई रेलवे स्टेशन के जर्जर केबिन में शनिवार की तड़के एक कामगार युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही थी जिसकी वजह से जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरदोई जनपद के मस्थाना गांव निवासी रामकिशुन 23 पुत्र हरिपाल रेलवे दोहरीकरण के कार्य में मजदूरी करने के लिए शुक्रवार को बेलवाई रेलवे स्टेशन पहुंचा। रेलवे ठेकेदार मार्कंडेय तिवारी द्वारा कामगारों के लिए बनवाए गए टेंट में खाना पीना खाकर सोने चला गया। शनिवार के तड़के करीब चार बजे साथी कामगारों ने देखा कि टेंट के बगल स्थित जर्जर सिग्नल केबिन के छत में लगे लोहे के राड से मफलर के सहारे गले में फांसी लगाकर राम किशुन का शव लटकता हुआ मिला। सूचना पर मृतक के अन्य कामगार साथी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने बारीकी से जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय के डीन से 1.90 लाख की साइबर ठगी

**धोखाधड़ी**

**बैंक मैनेजर बनकर जालसाजों ने दो बार में खाते से निकाला रुपया**

**भुक्तभोगी डीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर किया कार्रवाई की मांग**

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंध अध्ययन संकाय के शिक्षक पूर्व डीन प्रोफेसर बीडी शर्मा साइबर ठगी के शिकार हो गये। जालसाजों ने बैंक मैनेजर बनकर उनके खाते से 1.90 लाख रुपया निकाल लिया।

भुक्तभोगी शिक्षक ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है। प्रोफेसर विक्रम देव शर्मा पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंध अध्ययन संकाय में बतौर शिक्षक कार्यरत हैं जो पूर्व में संकाय के डीन भी रह चुके हैं।

प्रोफेसर विक्रम देव शर्मा पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नियुक्ति के पहले मध्य प्रदेश के एक केंद्रीय विद्यालय में कार्यरत थे जहां पर उन्होंने बेटियों के नाम से लक्ष्मी यूटीआइ आदि में कुछ धन इन्वेस्ट किया था।

उसी रकम को वह प्राप्त करने के लिए वह अक्सर मध्य प्रदेश में स्थित संबंधित बैंक की साइट को इंटरनेट पर खंगालते थे और उस बैंक से जुड़ा नंबर निकाल कर वातालाप कर अपना पैसा प्राप्त करना चाहते थे। एक दिन उन्हें वेबसाइट से बैंक से जुड़ा कुछ फेक नंबर मिला। जिस पर प्रोफेसर बीडी शर्मा ने फोन कर मामले के बारे में जानकारी दिया। फोन काल रिसीव करने वाले जालसाज व्यक्ति ने खुद को बैंक का मैनेजर बताया और इन्वेस्ट किया गया पैसा भेजने के लिए प्रोफेसर के खाते से जुड़ा डिटेल प्राप्त कर लिया। शुक्रवार की शाम अचानक जालसाज ने बैंक मैनेजर बनकर दो बार फोन किया। कहा आपका पैसा कुछ देर में खाते में ट्रांसफर हो जायेगा।

प्रोफेसर ने इस दौरान भी जालसाज से पूछा कि हमारे साथ कोई चीटिंग तो नहीं होगी। जिसने ऐसा कुछ भी होने से इनकार किया और प्रोफेसर बीडी शर्मा के खाते से पहली बार में ओटीपी पूछकर 94 हजार 993 रुपया और दूसरी बार में 94 हजार 994 रुपया निकाल लिया। रुपया कटने का मैसेज जब प्रोफेसर बीडी शर्मा के मोबाइल पर आया तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी आइजीआरएस के माध्यम से साइबर सेल और पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग किया है।

## चाहत को हकीकत में बदल देवेंद्र बने डिप्टी कमिश्नर आयकर



**जौनपुर।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, तबीयत से एक पत्थर तो उछालो यारो। दुष्यंत कुमार की इस पंक्ति को चरितार्थ किया है जिले के जमालपुर के मदारपुर निवासी देवेंद्र दत्त यादव ने।

वह बहुत ही गरीब परिवार से जुड़े हुए हैं, उनके पिता पूर्वांचल विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे और उनके चाचा रमाशंकर यादव अभी भी विश्वविद्यालय में डीएसडब्ल्यू विभाग से संबद्ध हैं। देवेंद्र दत्त यादव की पत्नी मोनिका यादव प्रांतीय पुलिस सेवा में डिप्टी एसपी पद पर अलीगढ़ में तैनात हैं। पिता ने बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा नहीं आने दी। देवेंद्र ने पोस्ट ग्रेजुएट टीडी पीजी कॉलेज से किया। इसके बाद आगे की पढ़ाई करने प्रयागराज चले गए। उन्होंने बताया कि सिविल सेवा में मेरा रुझान जीवन के शुरूआती दिनों से ही था क्यूंकि हमारे परिवार में मेरे बड़े भाई पहले से ही सिविल सेवा में अपना योगदान प्रदान कर रहे थे। वर्तमान में वह सहायक परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) के पद पर हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने सफलता का श्रेय किसी एक को नहीं देना चाहता। जीवन में अनेक पल ऐसे आते है जहां से आपकों सीखने की जरूरत पड़ती है।

मेरे पूरे परिवार में पढ़ाई का काफी अच्छा माहौल हुआ करता था। एक सामान्य श्रेणी के परिवार से होते हुए भी पिता और चाचा को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कोई भी छोटे से छोटा व्यक्ति भी किसी न किसी मामले में गुरु हो सकता है। अगर हमें उससे कुछ सीखने को मिलता है उससे पहरेज नहीं करना चाहिए। हमें अपने अंदर हमेशा लर्निंग टेंडेंसी रखना चाहिए।

## यूट्यूब पत्रकार पर हॉस्पिटल संचालक से अवैध वसूली का आरोप

**मछलीशहर।** नगर के मड़ियाहूं रोड पर एसआर हॉस्पिटल के संचालक ने एक यूट्यूब पत्रकार पर अवैध रूप से वसूली का आरोप लगाया है। हॉस्पिटल के संचालक ने कोतवाली पुलिस को यूट्यूब पत्रकार के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की माँग की है। हॉस्पिटल के संचालक राकेश कुमार यादव ने तहसील दिवस में यूट्यूब पत्रकार अफसर अली के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह को तहरीर देते हुए उक्त पत्रकार द्वारा प्रति महीने एक फिक्स रकम देने की माँग की। एक दो बार तो उसे दे दिया गया किन्तु उसके बाद उसके द्वारा उस पर किसी न किसी प्रकार की फर्जी न्यूज चलाकर अवैध वसूली की माँग कर रहा है। जबकि मेरा हॉस्पिटल स्वास्थ्य विभाग की मानक के अनुरूप चलाया जा रहा। संचालक ने यूट्यूब पत्रकार पर लगातार रुपये के लिए दबाव देने पर अपनी मानसिक हालत खराब होने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने क्षेत्राधिकारी अतर सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए उचित कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। मामले में क्षेत्राधिकारी ने प्रार्थना पत्र मिलने की जानकारी दी है।

## ऐप डाऊनलोड के चक्कर में शिक्षक ने गंवाई रकम

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के द्वारा जहां समय समय पर ग्राहकों को ठगी का शिकार होने से सावधान रहने के लिए दिशा निर्देश दिया जाता है वहीं उसके बावजूद आए दिन लोग ठगी का शिकार होते देखे जा रहे हैं।

कुछ ऐसा ही मामला सुल्तानपुर जनपद के अखण्डनगर थानान्तर्गत जमालपुर निवासी पेशे से एक शिक्षक के साथ घटित हुआ। बताया जाता है कि पेशे से उक्त शिक्षक राजकरन पुत्र सहबू शनिवार को अपनी मोबाईल से अपने नजदीकी राजेश कुमार के खाते में पांच हजार भेज रहा था, उसी दौरान उक्त धनराशि अन्य के खाते में चली गई जिसकी वापसी के लिए पीड़ित शिक्षक ने गूगल की सहायता से यूनियन बैंक का टोल फ्री नम्बर निकाला। गूगल से मिले नम्बर 06297295708 पर सम्पर्क करने पर शिक्षक को एनी रिफण्ड ऐप डाऊनलोड करने को कहा गया।

उक्त ऐप को डाऊनलोड करने में

**झटका लगा**

**प्रबन्धक ने दी पीड़ित को साइबर क्राइम सेल में जाने की सलाह**

माँगी गई सूचनाओं को पूरा कर जैसे ही वह आगे बढ़ा कि उसके खाते से चार बार में तीन लाख चौबीस हजार पांच सौ रुपए की धनराशि के कटने का मैसेज आया।

धन निकासी की सूचना पर पीड़ित हतप्रभ रह गया। फिलहाल मामले में पीड़ित शिक्षक क्षेत्र के अरसिया स्थित यूनियन बैंक की शाखा पहुंचकर प्रबन्धक से आप बीती सुनाई जहां प्रबन्धक अनुज ने पीड़ित को साइबर क्राइम सेल में जाने की सलाह दी वहीं उन्होंने मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

मामले में शाखा प्रबन्धक ने बताया कि टोल फ्री नम्बर हमेशा 1800 से शुरू होता ह। उक्त नम्बर गलत है फिलहाल लोग इस घटना से हतप्रभ दिखे।

### नामांकन के अंतिम दिन 12 ने भरे पर्चे

केराकत। तहसील बार एसोसिएशन में चुनाव आयोग पुनीत चन्द श्रीवास्तव व दिनेश पाण्डेय व अनिल सोनकर गांगुली द्वारा बताया गया कि शनिवार को नामांकन के अंतिम दिन उपाध्यक्ष पद अखिलेश पांडेय व छोटेलाल व कोषाध्यक्ष पद पर आत्मा प्रसाद व रविनाथ मिश्रा, मीडिया प्रभारी पद पर अनुपमा शुक्ला व सहमंत्री पद पर रविन्द्र व महेन्द्र , ज्ञान प्रकाश व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामबचन, आय व्यय निरीक्षक पद पर सुनील व कार्यकारिणी सदस्य पद पर प्रभाकर वर्मा व सुनील कुमार ने नामांकन किया। 9 जनवरी को प्रपत्रों की जाँच किया जाएगा।

### मनबढ़ लेखपाल ने कटवाया हरा फलदार पेड़

केराकत। क्षेत्र के ग्राम सरैया निवासी बनारसी पुत्र शिवमूरत ने शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की बैठक में उपजिलाधिकारी माज अख्तर को पत्रक देकर हल्का लेखपाल रोहित कुमार पर आरोप लगाया कि लेखपाल ने न्यायालय में लम्बित मुकदमे को दरकिनार करते हुए दो पेड़ नीम और एक पेड़ बेर का जबरन कटवा दिया। बनारसी का उनके पड़ोसी से जमीन सम्बन्धी मुकदमा चल रहा है। ऐसे में विपक्षी रामदुलार ने हल्का लेखपाल रोहित कुमार से सांठ-गांठ बैठाकर हरे पेड़ को कटवा दिया और जमीन कब्जा करा दिया।

## संक्षेप

### आवास घेरो न्याय पाओ सप्ताह चलायेगी सपा



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल ने मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहाकि जिला प्रशासन कानूनी मामले में फेल है। आये दिन जिस तरह जिले में हत्यायें हो रही हैं उससे समाजवादी पार्टी चुपचाप नहीं बैठेगी। कार्यकर्ता तैयार रहें जल्द ही जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं से वार्ता करने के उपरांत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, आवास घेरो न्याय पाओ सप्ताह चलाया जाएगा। कहा कि नगर का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा सरकार से सभी वर्ग परेशान है। सभी भाजपा सरकार से निजात पाना चाहते हैं। जिस तरह व्यापारी वर्ग आज परेशान है कभी भी ऐसा परेशान नहीं था। भाजपा सरकार नगर के चुनाव में जिस तरह साजिश के तहत आरक्षण खत्म करना चाह रही थी लेकिन समाजवादी पार्टी द्वारा इसका विरोध कर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगायी और सुप्रीम कोर्ट में समाजवादी पार्टी ने भाजपा द्वारा अनैतिक तरीके से आरक्षण को प्रस्तुत किया गया था जिससे पिछड़ो का हक मारा जा रहा अनेक तथ्य को पेश किया जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक लगा दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रुक्सार अहमद, श्रवण जयसवाल, दीपचंद राम, पूनम मौर्या, अनवारुल गुड्डू, गप्पू मौर्या, कमालुद्दीन अंसारी, मनोज मौर्या, आंनद मिश्रा, संजीव साहू, आलोक यादव आदि रहे। संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

### लाभार्थियों में तीन माह का राशन वितरित



जौनपुर। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनपद के आंगनवाड़ी केंद्रों में लाभार्थियों को 3 माह का राशन वितरण किया गया। स्वस्थ भारत मिशन के तहत प्रत्येक लाभार्थी को चावल, चने की दाल, गेहूं की दलिया एवं रिफाइंड तेल वितरित किया गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगमगंज व पान दरीबा में डीपीओ राम बदन सिंह एवं सीडीपीओ मनोज वर्मा के दिशा निर्देशन पर नोडल अधिकारी नवनीत यादव एवं मुख्य सेविका अनीता यादव की मौजूदगी में प्रत्येक लाभार्थियों को तीन माह का राशन वितरण किया गया। राशन पाकर लाभार्थी खुश नजर आए।

### डायजापाम के साथ दो युवक धराये

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रेलवे कालोनी के समीप से चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया। नगर के रोडवेज के समीप रेलवे कालोनी पास शनिवार को मुखबिर की सूचना पर एसआई वरुणेन्द्र राय ने हमराहियों के साथ चेकिंग के दौरान आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी विजय कुमार गौतम पुत्र मेवालाल गौतम के पास से 54 व गोरख गौतम उर्फ बाबी पुत्र राम अचल गौतम के पास से 52 ग्राम डायजापाम नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर आरोपित युवकों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया। वहीं पकड़े गए युवकों के ऊपर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

### ग्रामीणों को मिली मांस से भरी बोरी

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर पटैला मार्ग पर शनिवार को सड़क के किनारे ग्रामीणों को संदिग्ध माँस से भरी एक बोरी मिली। सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बोरी को थाने ले गयी। बताया जाता है कि उक्त मार्ग पर सड़क के किनारे ग्रामीणों को एक बोरी मिली जो मांस से भरी थी। ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी डायल 112 पर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोरी को कब्जे में लेकर थाने आ गयी। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मिला मांस संदिग्ध है, आगे की कार्रवाई के लिए पशु चिकित्सक को सूचना दे दी गई है। फिलहाल जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जा सकेगी। मांस मिलने के सूचना पर लोग आक्रोशित दिखे।

### चलाया गया स्वच्छ ढाबा अभियान



**जौनपुर।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत 5 जनवरी से 12 जनवरी तक स्वच्छ ढाबा अभियान चलाया जाना है। शनिवार को नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक खुशबू यादव एवं सफाई निरीक्षक नगर पालिका की टीम के द्वारा दुबे ढाबा कालीचाबाद और कालिका ढाबा सिपाह रेलवे क्रॉसिंग पर जाकर ढाबे के मालिक और कर्मचारियों को स्वच्छ ढाबा अभियान के सम्बन्ध में विस्तार से समझाया गया और गीले व सूखे कूड़े के निस्तारण की विधि के बारे में बताया गया।

### 11 फरवरी को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**जौनपुर।** पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 11 फरवरी (शनिवार) को प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जानी है, जिसमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर संबंधी याचिकाओं का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाना है। लोक अदालत में अधिकतम वादों का निस्तारण किया जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए तथा सुलह समझौते के वादों को चिन्हित करने के लिए प्री-ट्रायल बैठके आयोजित की जानी है जिसमे 11, 18, 25 जनवरी (बुधवार), 2 एवं 9 फरवरी (गुरुवार) को प्री-ट्रायल बैठकों में सुलह-समझौता हेतु चिन्हित किये गये वादों का निस्तारण 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा।

# समय पूर्व रिहाई के पात्र बंदियों को करें चिह्नित



जिला कारागार का निरीक्षण करते सचिव

**जौनपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशों एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशान्त कुमार द्वारा जिला कारागार का भौतिक रूप से निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

निरीक्षण के दौरानें बन्दियों की समस्याएं तथा जेल अस्पताल में भर्ती बन्दी मरीजों का हाल-चाल पूछा गया। बन्दियों को विधिक एवं मौलिक अधिकारों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1096 बन्दी है, जिनमें 187 पुरूष तथा 07 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 784 पुरूष तथा 37 महिलाऐं एवं 45 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी तथा प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागार से प्राप्त बंदियों की संख्या 36 है। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 7 बच्चे हैं। जेल अस्पताल के निरीक्षण में साफ-सफाई में कमियों की तरफ इंगित करते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।

अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जेल अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह मुख्य चिकित्साधिकारी से सामंजस्य स्थापित करते हुए बंदियों की एचआईवी की जॉच नियमित अंतराल पर कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा. रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पीएलवी गण व अन्य उपस्थित रहे।

## एंबुलेंस में हुई डिलिवरी जच्चा-बच्चा सुरक्षित



**जौनपुर।** बक्सा ब्लॉक के बेलावा गांव निवासी एक युवती को प्रसव पीड़ा होने पर उसे एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्शा ले जाया जा रहा था कि स्वास्थ्य केंद्र के दो किलोमीटर पहले ईएमटी व पायलट ने डिलेवरी सकुशल करा दी जिसके लोगों ने प्रशंसा की है।

जानकारी के अनुसार का बेलाव गांव निवासी वकील की पत्नी 29 वर्षीय सुनीता देवी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्होंने 108 एंबुलेंस को फोन किया और जिसमें मौके पर एंबुलेंस मे ईएमटी अभिमन्यु कुमार व पायलट दानवीर यादव लेकर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित को एंबुलेंस में लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्शा की ओर चल दिया। जैसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्शा के 3 किलोमीटर पहले थे वैसे ही प्रसव पीड़ा तेज हो गई जिसके बाद ईएमटी अभिमन्यु कुमार व पायलट दानवीर ने अपनी सूझबूझ से अन्य सहयोगियों के साथ एंबुलेंस में ही डिलेवरी करा दी और जरूरत की दवाएं भी दी। जच्चा बच्चा स्वस्थ है और डिलीवरी के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्शा ले जाकर डॉक्टरों को दिखाया। डॉक्टरों ने इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि डिलेवरी नॉर्मल हुई है। इसमें निश्चय ही पायलट दानवीर कुमार यादव कि सराहनीय कदम रहा जिसकी सभी लोगों ने सराहना की है।

## पर्यावरण, राष्ट्र गौरव परीक्षा की उत्तरकुंजी वेबसाइट पर अपलोड

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की बीए, बीएससी, बीकॉम बैक पेपर/श्रेणी सुधार परीक्षा 2022 की पर्यावरण, राष्ट्र गौरव की संपन्न हुई परीक्षा की उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी प्रश्न के उत्तर पर आपत्ति हो तो 9 जनवरी तक संबंधित अभिलेखों/साक्ष्यों की पठनीय प्रति की पीडीएफ के साथ अपनी आपत्ति परीक्षा नियंत्रक के मेल पर भेज सकते हैं। उपर्युक्त माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्ति एवं निर्धारित तिथि समय के उपरांत प्राप्त आपत्ति तथा संबंधित साक्ष्य संलग्न नहीं होने की दशा में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



समाधान दिवस पर फरियादी को सुनते जिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में काशीराम सामुदायिक भवन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर कुल 63 शिकायतें प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई जिसमें मौके पर ही 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, आवास एवं राशन कार्ड की शिकायते आयी जिसे सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया कि 1 सप्ताह की भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये और निस्तारण करने के बाद शिकायतकर्ता से बात अवश्य कर ले। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, डीएफओ प्रवीण खरे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता उपस्थित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें फारियादियों ने 71 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें मौके पर मात्र 10 का निस्तारण किया गया। शेष सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, न्यायिक एसडीएम शैलेन्द्र सिंह, एसपी सिटी डा. संजय कुमार, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, क्षेत्रधिकारी चोब सिंह समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व सभी विभागों के अधिकारी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस पर 80 शिकायतों में 5 का निस्तारण

**मछलीशहर।** उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 80 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 5 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग को भेजा गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, तहसीलदार मूसा राम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### तहसील समाधान दिवस : 146 प्रार्थना पत्रों में 4 निस्तारित

**केराकत।** स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस कार्यक्रम में शनिवार को कुल 116 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से 4 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। प्रार्थना पत्रों की सुनवाई अपर जिलाधिकारी राम अछैबर चौहान ने की। इस अवसर पर एसडीएम माज अख्तर, तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी, सीओ गौरव शर्मा, नगर के अधिशाषी अधिकारी संदीप कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। यहां से निकलकर एडीएम नरहन गांव में स्थित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। गोदाम भरा देखकर उन्होंने केन्द्र प्रभारी सोनल सिंह को गोदाम से निकासी कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण में सभी चीजें सही मिली।

# खंभे लगे वर्षों पहले, कनेक्शन के लिए नहीं लगाए गए इंसुलेटर वॉयर

**यह है हाल**

## विद्युत विभाग की लापरवाही के खिलाफ नागरिकों ने किया प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**


विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते नागरिक

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड नंबर 11 अलीनगर में वर्षो पहले खंभे तो लगे, लेकिन इंसुलेटर वायर आज तक नहीं खींची गई। नागरिकों ने बताया कि हम यहाँ पर दशकों से रहते चले आ रहे हैं और वैध कनेक्शन धारी है, हमारा बिल भी अपडेट है, कोई बकाया नही है।

हमे अपने कनेक्शन को अपने घरों तक पहुंचाने में दस से पंद्रह हजार रुपए खर्च करने पड़ते है। तब कही जाकर घरों में उजाला हो पाता है। जब कभी बरसात का मौसम आता है, बीच रास्ते से तार टूट जाने पर विद्युतकर्मियों को बुलाने पर हजारों का खर्च आता है। विद्युत लाइन लाने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है, कोई अपने बारजे से तार नहीं आने देता। जब इस संबंध में विद्युत विभाग के आलाअधिकारियो के पास जाते है तो बजट नहीं होने का हवाला देकर टाल दिया जाता है। इस संबंध में नागरिकों ने विद्युत विभाग के आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु प्रदर्शन कर मांग किया कि हम वैध उपभोक्ता है। हमारे मोहल्ले में इंसुलेटर वायर का विस्तार किया जाए जिससे हमें सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति मिलती रहे। प्रदर्शन में शामिल अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गुड्डू चौधरी ने कहा कि इस समस्या की समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलकर बात की जाएगी। प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से अब्दुल रशीद, शरीफ राइन, शमसुद्दीन राइन, आलम राइन, मोहम्मद वसीम, शहजाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# यातायात सड़क सुरक्षा हेतु छात्राओं ने ली शपथ, निकाली जागरूकता रैली

**भदोही।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान माह के अंतर्गत केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई की छात्राओं ने प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी एवं महाविद्यालय परिवार के साथ यातायात सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण लिया एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृज किशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय की छात्राओं को सर्व प्रथम सडक सुरक्षा शपथ दिलाई एवं उनसे सड़क सुरक्षा हेतु नियम प्रतीक चिन्हों आदि का समुचित तरीके से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि छात्राएं जब अपने घर से निकलें तभी सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने का प्रण लें एवं सड़क पर हमेशा बायें चलें, सर्विस लेन में चलने का प्रयास करें, स्कूटी या गाड़ी चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें, शराब या मदिरापान करके गाड़ी न चलाएं चौराहे पर ट्रैफिक लाइट के नियमों का समुचित पालन करें।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा अभियान के संयोजक अनुज कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा माह जो कि 5 जनवरी से प्रारंभ होकर 04 फरवरी तक चलेगा, उसके अंतर्गत होने वाले रोड सेफ्टी क्लब का गठन, जागरूकता कार्यक्रम, वालराइटिंग, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता एवं सेमिनार गोष्ठी आदि के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## संक्षेप

### खादी तथा ग्रामोद्योगी वृहद प्रदर्शनी में 40 लाख की हुई बिक्री

**गोपीगंज।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा रामलीला मैदान, मीरजापुर रोड, गोपीगंज में जनपद स्तरीय खादी तथा ग्रामोद्योगी वृहद प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक तीन से बारह जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन खादी उत्पादो एवं ग्रामोद्योगी इकाईयों के स्टॉलो पर भारी भीड़ उमड़ी रही है। आयोजित वृहद प्रदर्शनी में शनिवार को मौसम खुला तो लोगों की भारी भीड़ प्रदर्शनी की ओर चली। सबसे ज्यादा लोग ऊनी कपड़ों की स्टाल पर नजर आये खादी रेशम, खादी जैकेट, स्वदेशी कलेक्शन पर ट्रैक सूट, कश्मीरी ड्राई फ्रूट्स पर लोगों की भीड़ जुटी रही। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में रासरंग संस्था लखनऊ कज संगीता यादव और कलाकारों के द्वारा सब गोलमाल है नाटक प्रस्तुत किया गया। हास्य नाट्य लोगों ने जमकर तालियां बजाई। खरीदारी के साथ-साथ सास्कृतिक कार्यक्रम का भी लोग आनंद लेते नजर आए। युवाओं की भीड़ सेल्फी पॉइन्ट पर लोग सेल्फी भी खींचते हुए नजर आ रहे थे 3 तारीख से चलने वाली इस प्रदर्शनी में लगभग 44 लाख से ज्यादा की बिक्री की गई है।

### कल से चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में सोमवार से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिये विशेष टीकाकरण अभियान जनपद में चलाया जायेगा। यह अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण- 9 जनवरी से 20 जनवरी तक, द्वितीय चरण- 13 फरवरी से 24 फरवरी एवं तृतीय चरण 13 मार्च से 24 मार्च तक चलाया जायेगा। इसके साथ नियमित टीकाकरण कार्यक्रम प्रत्येक बुद्धवार एवं शनिवार को पूर्व की भॉति चलता रहेगा। बताते चलें कि जनपद में 13 जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु 11 प्रकार के टीके बच्चों को लगाये जाते है। यह टीकाकरण कार्यक्रम पूरे वर्ष अनवरत चलाये जाते हैं, इस दौरान कुछ बच्चे टीकाकरण से छूट जाते है, यह विशेष टीकाकरण अभियान मुख्य रूप से किसी भी कारणवश छूटे हुये बच्चों को सभी टीकों से आच्छादित करने के लिए चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा इसके लिये 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों का सर्वे आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा कराया गया है, सर्वे में कुल 0 से 5 वर्ष के 527522 बच्चे मिले है, इन 0 से 5 वर्ष के बच्चों में से एमआर-1 के 16315 बच्चे छूटे मिले हैं एवं एमआर-2 के 28958 बच्चे छूटे मिले हैं। विभाग द्वारा उपरोक्त समस्त बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने हेतु माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है एवं वैक्सीन व अन्य लॉजिस्टिक की व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है, अभियान के दौरान प्रतिदिन टीकाकरण किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को इस टीकाकरण अभियान में सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि, अपने बच्चों को इस दौरान छूटे हुये टीके अवश्य लगवायें।

### यातायात माह के तहत किया गया जागरूक




**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में शनिवार को सड़क सुरक्षा माह- 2023 के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी यातायात/ नगर कुलदीप कुमार गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात जीडी शुक्ला व समस्त उप निरीक्षक यातायात की उपस्थिति में एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करते हुये समाज में इस विषय की महत्ता को लेकर प्रोत्साहित किया गया। यातायात के प्रति सजगता को एक जन अभियान के साथ जोड़ने का आवाहन किया गया साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान दिल में ना धारण करने वालों को उसके हानि लाभ से अवगत कराया गया तथा एनसीसी कैडेटों को यातायात संकेतो के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### दो टीमों के खेल से सौहार्द्र और बढ़ता है : प्रभाकर



**केराकत।** केराकत स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एकेडमी के तत्वावधान में स्थानीय नार्मल स्कूल के मैदान पर शनिवार को स्व. चौधरी चरण सिंह स्मारक फुटबाल प्रतियोगिता में केराकत स्पोर्टिंग क्लब तथा यूनाईटेड क्लब मुबारकपुर के बीच मैच खेला गया। जिसमें खिलाड़ी एक दूसरे पर आक्रमक हमले पर हमला करते रहे। खेल का शुभारंभ सोनार समाज के अध्यक्ष प्रभाकर उर्फ राजू सेठ ने सहयोगियों संग खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबाल को किक मारा और खिलाड़ियों का पीठ थपथपाते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी ईमानदारी से खेल खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन करें जिससे अपना नाम रोशन करें और खिलाड़ियों के बीच और सौहार्द व पहचान बने। खेल के पहले हाफ के 5 मिनट पर मुबारकपुर की टीम ने एक गोल करके बढ़त हासिल कर लिया। फिर खेल के 25वें मिनट पर मुबारकपुर की टीम ने एक और गोल मारकर 2 गोल से बढ़त बना लिया। खेल और आक्रामक हो गया। दूसरे हाफ के थोड़े देर में केराकत ने एक गोल मारकर अपना भी झंड़ा गाड़ दिया। खेल के आखिरी में मुबारकपुर ने फिर एक गोल मारकर 3-1 से विजयी घोषित हुई। निर्णायक राजेश यादव (मिश्रा) रहे। खेल के कुशल कमेंट्रेटर वीरेन्द्र उर्फ वीरू यादव रहे। खेल के कोच जीशान हैदर, स्वतन्त्र कुमार यादव रहे। इस मौके पर मनोज कमलापुरी, बेचू यादव, जयसिंह चौहान, योगेश यादव आदि लोग मौजूद रहे। संयोजक दूधनाथ यादव, उपाध्यक्ष सुशील सोनकर, सचिव सत्यनारायण सोनी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# घायल को पहुंचाएं चिकित्सालय पाएं पांच हजार रुपये का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र


जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारीगण

**जनसंदेश न्यूज**

**प्रोत्साहन**

## घायल व्यक्ति की जान बचा कर बनें गुड सेमेरिटन व बनें नेक आदमी

## सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई मासिक समीक्षा बैठक

**भदोही।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी संजीव भीमराव ने बताया कि तुलनात्मक रूप से सड़क दुर्घटना में 10 प्रतिशत से अधिक की कमी आयी है। निरन्तर इसी दिशा में उत्तरोत्तर प्रर्वतन एवं जागरूकता हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए गये। एनएचआई के सवेंकृत स्थल पर कस्बा गोपीगंज, लालानगर, जंगीगंज, माधोसिंह, में दुर्घटना के कारणों एवं उनके निदान पर आवश्यक कार्यवाही हेतु बल दिया गया। बल देते हुए मुख्य हाईवे पर अनाधिकृत रूप से वाहन खड़े किए जाने पर मनाही के निर्देश दिए गये।

अधिशाषी अभियंता ने कहा कि बैठक में सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत गुड सेमरिटन नेक आदमी बने घायल व्यक्ति की जान बचाए। जिसके अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डेन हार्वस एक घण्टा में चिकित्सालय में पहुंचाकर, अपने नैतिक कर्तव्य का निर्वहन करें और पांच हजार रुपए का पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र पाये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह ने जनपदवासियों से अपील किया कि सभी यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन कर जिम्मेदार नागरिक बने। बैठक में एआरटीओ शरद कुमार मिश्रा, वुडवर्ड स्कूल के प्रबन्धक पुनीत मेहरा एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अब तक दस अभियुक्तों की कराई जा चुकी है जमानत निरस्त

**ज्ञानपुर।** डॉ. अनिल कुमार एसपी भदोही द्वारा शातिर अभियुक्तों की जमानत निरस्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में भदोही पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने वाले व गलत तरीकों से जमानत का लाभ प्राप्त करने वाले अपराधियों की जमानत निरस्त कराने की लगातार कार्यवाही की जा रही है। थाना भदोही पुलिस के अथक प्रयास से जमानत पर रिहा मादक द्रव्य पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का अंतर्जनपदीय शातिर सदस्य अभियुक्त निवासी मौजीवंश का पुरा खडेरी थाना बरसठी जनपद जौनपुर उम्र 21 वर्ष का जनपद भदोही से संबंधित दो जमानतदारों द्वारा स्वेच्छा से अपनी जमानत वापस लेने का शपथ पत्र समक्ष न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी प्रथम के दाखिल किया गया। प्रभारी निरीक्षक भदोही के प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा स्वापक ओषधि एवं प्रभावी पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस एक्ट के आरोपी की जमानत निरस्त की गई है। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद भदोही व जौनपुर में गैगस्टर सहित एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 4 अभियोग पंजीकृत हैं। जनपद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अब तक 10 अभियुक्तों की जमानत न्यायालय से निरस्त करायी जा चुकी है।

# 13.01 लाख रुपये की हुई वसूली 72 बकाएदारों के कनेक्शन कटे

**कार्रवाई**

## 10 के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया


मोहल्ला राजपुरा में विद्युत कनेक्शन की जांच करते अवर अभियंता कुंवर ज्योति प्रकाश

**भदोही।** विद्युत विभाग द्वारा लगातार जांच अभियान चलाने के साथ ही बकायेदारों के विरुद्ध मुकदमा भी पंजीकृत कराया जा रहा है। इसके बावजूद बकायेदारों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। विभाग द्वारा शहर व ग्रामीण अंचलों में भी विद्युत बकाया को लेकर जांच अभियान चल रहा है।

शहर के कई मोहल्लों में अवर अभियनयन्ताओं के नेतृत्व में जांच के दौरान विद्युत बकायेदारों से 13 लाख एक हजार रुपये की बकाया वसूली की गई जब कि 72 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए साथ ही 10 लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया। जिससे मोहल्लों में हड़कंप मचा रहा। शनिवार को अवर अभियंताओं ने अपने अपने क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया।

कार्रवाई से प्रभावित क्षेत्रों में अफरा तफरी मची रही। टाउन फीडर के अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में टीम द्वारा जांच करते हुए मोहल्ला जलालपुर, काजीपुर, पीरखानपुर, स्टेशन रोड क्षेत्र में जांच करते हुए 28 उपभोगताओं की जांच की जिसमे 17 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया जब कि 2.65 लाख वसूली के साथ दो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। इंदिरामिल फीडर के अवर अभियंता कुंवर ज्योति प्रकाश ने मोहल्ला राजपुरा, चौरी रोड, बाजार सरदार खान, धासकरी, हृदय पट्टी, पिपरी व गंगापुर को निशाना बनाया। जांच में 4.25 लाख वसूली व 28 बकाएदारों की बत्ती गुल की गई साथ ही 3 के विरुद्ध विद्युत चोरी का एफआईआर भी दर्ज कराया।

कार्पेट सिटी फीडर के अवर अभियंता मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में आलमपुर व घमहापुर क्षेत्र में जांच की गई। इस दौरान 1.55 लाख की वसूली करने के साथ 12 बकाएदारों की बत्ती गुल की गई। नई बाजार अवर अभियंता सुजीत पटेल के नेतृत्व में जांच टीम में नई बाजार, मर्यादपट्टी, अशोक नगर व पटेल नगर में जांच करते हुए बकाया वसूली में 15 बकायदारों का विद्युत कनेक्शन काटने के साथ ही 4.56 लाख की वसूली करते हुए 5 लोगों पर विद्युत चोरी का मुकदमा भी पंजीकृत कराया।

# शिकायतों को निस्तारित कर आख्या को पोर्टल पर करें अपलोड

**बोले सीडीओ**

## जनपद के तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**जनसंदेश न्यूज**


ज्ञानपुर में लोगों की समस्याओं को सुनते एसडीएम और सीएमओ

**भदोही।** जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्याम जी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, प्रभागीय वनाधिकारी नीरज आर्य, उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक प्रभात राय, तहसील भदोही में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, उप जिलाधिकारी डॉ. कृपा शंकर पांडेय व तहसील औराई में उप जिलाधिकारी लाल बाबू दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को सुना गया।

जनपद के तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी श्याम जी ने कहा कि आईजीआरएस के निस्तारण मे डिफाल्टर कदापि नही होना चाहिये, प्राप्त संदर्भो का ससमय निस्तारित करते आख्या को पोर्टल पर अपलोड किया जाय।

इसी क्रम में तहसील ज्ञानपुर में उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडे द्वारा कुल 40 प्रार्थना पत्रो में 07 का निस्तारण तथा तहसील भदोही में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती व उप जिलाधिकारी डॉ. कृपा शंकर पांडेय व अन्य अधिकारियो द्वारा कुल 50 प्रार्थना पत्रो में 08 का निस्तारण किया गया।

## दहेज हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार भदोही द्वारा महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा पंजीकृत अभियोग के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष चौरी के नेतृत्व में गठित टीम ने दहेज हत्या के आरोपी वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र दयाशंकर यादव निवासी चांदी गहना थाना को रेलवे स्टेशन चौरी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# भदोही थाने की पुलिस ने पंद्रह हजार के इनामी को दबोचा

**भदोही।** कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम व आपराधिक प्रवृत्ति के अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी पुलिस कार्यवाही के क्रम में एसपी के कुशल निर्देशन में थाना भदोही की गठित टीम को बड़ी सफलता मिली है। भदोही पुलिस को उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वांछित व 15,000 रुपये का इनामी आरोपी राजू बनवासी पुत्र चनिका बनवासी निवासी मुंहफोड़ा थाना भदोही को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद चाकू नाजायज बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोंग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त चोरी, नाजायज शस्त्र व गैंगस्टर जैसे जघन्य अपराध में शामिल है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ने पन्द्रह हजार रुपये का इनाम घोषित था। राजू लगभग चार माह पूर्व से वांछित चल रहा था।

# पूर्व विधायक पं. सूर्यनाथ उपाध्याय की पुण्यतिथि आज

**जनसंदेश न्यूज**



**सिकरारा।** दिवंगत कांग्रेस नेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक पं. सूर्यनाथ उपाध्याय का जन्म 16 जनवरी 1918 को विकास खंड के देहजुरी गोपालपुर गांव के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। पिता पूर्णमासी उपाध्याय की प्रेरणा से आजादी की लड़ाई में कूदे सूर्यनाथ ने सन 1938 में सत्याग्रह में भाग लिया तो 18 मार्च 1941 को पहली बार गिरफ्तार हो गए। नौ माह कठोर कारावास हुआ। सौ रुपये जुर्माना न देने पर तीन माह सजा और बढ़ा दी गई।

उन्होंने जेल में रहते हुए जबरदस्त क्रांतिकारी संगठन बना लिया। जेल से छूटने के बाद सिरसी, बरईपार के शिव मंदिर पर क्रांतिकारियों की बैठक में उन्हें संगठन का कमांडर चुना गया। उनकी अगुवाई में मछलीशहर तहसील पर आजादी के दीवानों ने धावा बोला और सुजानगंज थाना लूट लिया। ताहिरपुर में बने राजा बनारस की छावनी को तहस नहस कर दिया। कई गोदाम, डाकखाने लूटने के साथ बरगुदर पुल तोड़ने का प्रयास किया। इस संगठन से अंग्रेजी हुकूमत इस कदर बौखला गई कि पं. सूर्यनाथ को गोली मारने का हुक्म जारी कर दिया साथ ही दस हजार का इनाम।

16 अक्टूबर 1942 को कुल्हनामऊ में डाक लूटने के बाद कुछ गद्दारों के कारण सूर्यनाथ अपने साथियों बैजनाथ सिंह, दुखरन मौर्य, उदरेज सिंह, शिवव्रत सिंह सहित गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के बाद अंग्रेजों ने उनका घर फुंकवा दिया। सात वर्ष कठोर कारावास के बाद सौ रुपये जुर्माना न देने पर सजा 18 महीने और बढ़ा दी गई। सजा पूरी होने के बाद दूसरे केस में फंसाकर 24 साल की सजा 1943 में वाराणसी सेंट्रल जेल में 15 दिन तक अनशन पर रहे।

हरदोई रेलवे स्टेशन पर नारा लगाते समय पुलिस से नोक-झोंक हुई तो अपशब्द कहने पर लोटे से प्रहार कर अंग्रेज अधिकारी का सिर फोड़ दिया। जेल में सख्त पहरा के बावजूद भागते समय अंतिम फाटक पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अंग्रेजों ने खपींचे ठोंककर उनके नाखून उखड़वा लिए। इतनी बर्बरतापूर्ण यातना दी कि शरीर से मांस के लोथड़े लटक आए। कैदियों ने समझा कि सूर्यनाथ की मौत हो गई। 12 दिन बेहोशी के बाद जब उन्हें होश आया तो साथियों की जान में जान आई। आजादी के बाद फतेहगढ़ सेंट्रल जेल से 1962 में सिकरारा के ब्लाक प्रमुख और 1969 में रारी के विधायक बने। 1980 से 1982 तक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे।

रारी से 1980 में पुनः उपचुनाव में विधायक बने। उसके बाद मड़ियाहूं से विधायक चुने गए। 8 जनवरी 1998 को देहांत हो गया। जिनके दो पुत्र राजबली उपाध्याय व अभयराज उपाध्याय के साथ पौत्र संजय उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, अविनाश उपाध्याय (कान्हा) व अवनीश उपाध्याय (लल्ला) शिक्षणकार्य सहित समाजसेवा में लगे हैं।

# दो दिवसीय टूर्नामेंट में नैय्यर-अरशद की जोड़ी ने जीता खिताब

**खेलकूद**

## जेसीआई सिटी व जेजे के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**शाहगंज।** सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज सिटी ने दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। टूर्नामेंट डिहवा भादी स्थित एक मैरेज लान में हुआ। मैच में कुल 16 जोड़ियों ने प्रतिभाग किया। शानदार संयोजन और बेमिसाल प्रदर्शन के बल पर नैय्यर और अरशद की जोड़ी ने खिताब अपने नाम किया। उजैर और अहद की जोड़ी टूर्नामेंट की उपविजेता रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, विशिष्ट अतिथि सभासद संदीप जायसवाल, कृष्णकांत सोनी और शीमप्रकाश अग्रहरि सिम्पू ने विजेता और उपविजेता टीम को कप देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा विजेता टीम को 3100 और उपविजेता टीम को 2100 रुपए का इनाम भी दिया गया। बाकी खिलाड़ियों को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। इससे पहले टूर्नामेंट के पहले दिन मुख्य अतिथि समाजसेवी वीरेंद्र सिंह बंटी और विशिष्ट अतिथि डा. सुधाकर मिश्रा ने मैदान पर हाथ आजमाकर टूर्नामेंट की शुरूआत की। अध्यक्ष निर्भय जायसवाल ने बताया कि कुल 16 टीमों ने कांटे की टक्कर प्रस्तुत की और टूर्नामेंट का स्तर शानदार रहा। संचालन रविकांत जायसवाल ने किया। जेजे चेयरमैन आदित्य अग्रहरि रहे। जबकि रेफरी की भूमिका में एसडी चौहान, विकास जायसवाल, गौतम जायसवाल, अजय, पवन आदि थे। अंत में कार्यक्रम संयोजक सुमित अग्रहरि ने सभी का आभार ज्ञापित किया। टूर्नामेंट के दौरान पूर्व अध्यक्ष दीपक जायसवाल, दिवाकर, अविनाश, आशीष, सचिव कार्तिक अग्रहरि, हिमांशु, मिथिलेश, अमन अग्रहरी, अश्विनी, रौनक मोदनवाल, रोमिल अग्रहरि, आर्यन अग्रहरि और आयुष अग्रहरि मौजूद रहे।


ट्राफी के साथ विजेता टीम

# जनसूचना अधिकारी पर सूचना छिपाने का आरोप

**जांच की मांग**

## आरटीआई कार्यकर्ता को प्रधानपति ने धमकाया

**सरायख्वाजा।** शाहगंज विकास खंड के मेहरावां ग्राम प्रधान रानी सिंह के खिलाफ जांचोपरांत आरटीआई एक्ट में अनेक बिन्दुओं पर मांगी गई जानकारी को सही तरीके से न उपलब्ध कराने और आधी अधूरी जानकारी देने का गंभीर आरोप खंड विकास अधिकारी पर लगाया गया है।

आरटीआई कार्यकर्ताओं महेन्द्र बिन्द एडवोकेट एवं सुरेन्द्र सिंह ने मेहरावां ग्राम प्रधान रानी सिंह पर मनरेगा योजना में कराये गये कार्यों एवं खेल कूद मैदान व तीन परिषदीय विद्यालयों में काया कल्प योजना की जानकारी के साथ-साथ गांव की आंगनवाड़ी कार्यकत्री अनुसीता सिंह के सम्बन्ध में जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना मांगी थी लेकिन विकास खंड अधिकारी नन्दलाल एवं पंचायत अधिकारी भोले यादव तथा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर ने समय सीमा निर्धारित के बाद आगे अपील करने पर उपलब्ध कराया वह भी तथ्यों को छिपा कर आधी अधूरी दिया है। सूचना मांगे जाने से खफा प्रधान पति अनिल सिंह व उनके भाई प्रदीप सिंह ने महेंद्र विन्द एडवोकेट आरटीआई कार्यकर्ताओं पर गत दिनों लपरी गांव के पास जानलेवा हमला कर घायल कर दिया जिसकी एफआईआर थाने में दर्ज किया था। आरटीआई कार्यकर्ताओं महेन्द्र बिन्द एडवोकेट एवं सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि विकास खंड अधिकारी एवं पंचायत अधिकारी तथा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर प्रधान पति अनिल सिंह के प्रभाव के कारण सही जानकारी नहीं देते हैं उन्होंने जनसूचना अधिकारियों पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं और प्रदेश के जनसूचना आयोग लखनऊ में याचिका दायर की है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# आयुष में इन पद्धतियों का है समावेश (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध व होम्योपैथी)



# बेहतर स्वास्थ्य सेवा व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सरकार की प्राथमिकता

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

*वाराणसी। केंद्र सरकार में पहली बार बातौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में आयुष आयुष में इन पद्धतियों का है समावेश (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध व होम्म्योपैथी) मंत्रालय का गठन किया, इसके बाद दुनिया में आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान और बढ़ा है। आयुर्वेद एक प्राचीन पद्धति है जिसकी गाथा हजारों वर्षो की है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रदेश में आयुष के लिए लगातार कार्य कर रहें है जिसका नतीजा नये मेडिकल कॉलेज, नये बेड का अस्पताल, दवाओं की लम्बी लिस्ट, पंचकर्म के लिए उपकरण और आयुर्वेद में भी जरुरत के हिसाब से पैथलॉजी लैब बन रहे हैं। खास मुलाकात में जनसंदेश टाइम्स के प्रतिनिधि से बातचीत में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने इस बात को साझा किया। बताया कि भगवान धन्वंतरी ईश्वरीय वैद्य हैं जो आयुर्वेद के जनक मानें जाते हैं, भारत में इलाज की अति प्राचीन परम्पराओं में आयुर्वेद ही है जिसे पूर्व की सरकारों ने हाशिये पर रखा था, लेकिन आज योग की तरह आयुर्वेद को भी दुनिया अपना रही है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ही देन है कि आयुर्वेद के प्रति एक बार फिर लोगों का रुझान बढ़ा है।*

**प्रदेश भर के प्रसिद्ध मंदिरों में भगवान को लगने वाले भोग की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही**

**सोनभद्र मिर्जापुर, चंदौली वाराणसी में प्राकृतिक चिकित्सा का अस्पताल जल्द लेगा मूर्त रुप**

**गोरखपुर में बनने वाले आयुष विश्वविद्यालय के बाद सभी 105 आयुष कॉलेजों की संबद्धता इसी विश्वविद्यालय से होगी**

**प्रदेश के साथ मंडल में सचल खाद्य जांच प्रयोगशाला को किया गया संचालित ताकि आम लोगों तक पहुंचने वाला खाद्य हो गुणवत्तापूर्ण**

जनसंदेश टाइम्स

डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' से

**खास मुलाकात**

## इंटरनेशनल ट्रेडिशनल मेडिसीन इंस्टीट्यूट जामनगर में

डॉ.दयालु ने बताया कि पुरानी सरकारों ने आयुर्वेद को हाशिये पर रखा लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर दुनिया में आयुर्वेद को स्थापित करने का बिढ़ा उठाया है, जिस तरह से योग को दुनिया में प्रधानमंत्री ने स्थापित किया है उसी तरह आयुर्वेद के प्रति भी उनके द्वारा किये जा रहे कार्य का नतीजा है कि जामनगर में इंटरनेशनल ट्रैडिशनल मेडिसीन इंस्टि्टयूट बनाया गया जहां 176 देशों की परम्परागत दवाओं व इलाज की पद्धतियों पर काम करने के लिए इडब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) ने इन दवाओं पर अध्ययन के लिए भारत को चुना है यह हमारी परम्परागत पद्धति की ही देन है।

## प्रदेश में इंटीग्रेटेड अस्पतालों का बढ़ रहा दायरा

आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इंटीग्रेटेड अस्पतालों का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है जहां एक ही छत के नीचे आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथ से इलाज किया जा सकेगा, प्रदेश में 50 बेड के 13 अस्पताल बना चुके हैं,11 अस्पताल बनकर तैयार हैं, प्रदेश के हर जिलों में इस तरह के अस्पताल बनाने का प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लक्ष्य रखा है। बताया कि चार हजार अस्पताल पहले से हैं। 19 राजकीय महाविद्यालय है, जहां पढ़ाई भी होती है और इलाज भी किया जाता है। उत्तर प्रदेश में आयुष के 105 राजकीय व निजी मेडिकल कॉलेज है, इसके साथ ही प्रदेश में प्रधानमंत्री ने गाजियाबाद में एक नये इंस्टि्टयूट की स्थापना की जो यूनानी पद्धति की है, प्रदेश के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। गोरखपुर में आयुष का विश्वविद्यालय बन रहा है जो प्रदेश में आयुष को बढ़ावा देने के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके बनने से पहली बार 105 आयुष कॉलेजों का संबंद्ध आयुष विश्वविद्यालय से होगा।

## खाद्य सुरक्षा के प्रति गंभीर है सरकार



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मंत्री दयालु ने कहा कि प्रदेश के साथ मंडल में सचल खाद्य जांच प्रयोगशाला संचालित की जा रही है। इन मंडल के जिलों में सचल दल जाकर नमूने ले रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर, कानपुर में इस्कॉन मंदिर, गाजियाबाद में मोदी मंदिर, मेरठ में हनुमान मंदिर और वाराणसी में संकट मोचन मंदिर सहित 75 धार्मिक स्थलों का चयन किया गया है। इन मंदिरों के प्रसाद की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है, मिलावट खोरों के प्रत सरकार पूरी तरह से सख्त है, सरकार की मंशा है कि हर ग्राहक तक गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी जाए। खास मुलाकात के दौरान उनके पीआरओ गौरव राठी भी उपस्थित रहें।

डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार

## प्राकृतिक चिकित्सा का अस्पताल जल्द

बताया कि कैथी में भारत सरकार की मंशा के अनुरूप प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति एक अस्पताल की तैयारी शुरू की जा रही है। भारत सरकार की ओर से बजट जारी कर दिया गया है। वहां की जमीन की चहारदीवारी करा दी गयी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी मंशा है कि प्रदेश में प्राकृतिक चिकित्सा का एक बड़ा अस्पताल मूर्त रुप ले, इसके लिए लगातार जमीन तलाशी जा रही है। आने वाला समय आयुर्वेद का ही है। प्रदेश में इको टूरिज्म बोर्ड को बनाया गया है। इसमें आयुष मंत्रालय को भी शामिल किया है।

## आने वाला कल आयुर्वेद का

आयुष मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुर्वेद के परिकल्पना को पूरी तरह से साकार किया है, जिसका नतीजा हर आयुर्वेद अस्पताल में पैथलाजी लैब बना, इसके साथ ही अल्ट्रासाउंड व एक्सरे मशीन को भी स्थान दिया गया है। प्रधानमंत्री की सकारात्मक सोच की देन है कि आने वाला समय आयुर्वेद का है, इलाज के नाम पर देश के बाहर जाने वाले पैसे की पूरी बचत होगी।

# बेगुनाह था,जेल में नहीं मिला 'सुख', दें दस हजार करोड़ का हर्जाना

**गजब केस**

### रेप के मामले में दो साल तक जेल में रहा बाद में बेगुनाह साबित हुआ

मध्य प्रदेश का रतलाम ज़िला कोर्ट10 जनवरी को एक ऐसे मामले की सुनवाई करने जा रहा है, जिसमें मांगी गई मुआवजे की रकम चर्चा का विषय बन गई है। मुआवजे के रूप में मांगी गई रकम देख सबके होश उड़ जाएंगे। यह राशि है 10 हजार छह करोड़ दो लाख रुपये। यह रकम वाकई मांगी गई है, कोई कल्पना की बात नहीं।

ये राशि गैंगरेप के एक ऐसे मामले के लिए मांगी गई है जिसमें कांतिलाल सिंह को दो साल तक जेल में रहना पड़ा, लेकिन बाद में कोर्ट ने उन्हें तमाम आरोपों से बरी कर दिया। लेकिन कांतिलाल ने सबकुछ भूल जाना कबूल नहीं किया। उन्होंने कोर्ट से गुहार लगाई है कि 'जेल में रहने के कारण हुए नुकसान के लिए उन्हें मुआवजा दिलाया जाए। कांतिलाल ने छह करोड़ रुपये तमाम दूसरे नुकसान के लिए मांगे हैं, जबकि 10 हजार करोड़ की भारी भरकर रकम ' जेल में बिताए 666 दिन तक यौन सुख से वंचित रहने' के बदले मांगी गई है। पीड़ितों को दिये गये मुआवजे को 1989 में सुप्रीम कोर्ट ने उचित बताया था। लेकिन, कई लोग मानते हैं कि और मुआवजा मिलना चाहिए और इलाके की ठीक से सफाई होनी चाहिए। आदिवासी समुदाय के कांतिलाल ने कोर्ट में अपने वकील विजय सिंह यादव के जरिये याचिका दायर की है। मुआवजे से जुड़ी याचिकाओं में कोर्ट फीस भी लगानी होती है लेकिन 'विशेष प्रावधान के तहत' कांतिलाल ने शुल्क मुक्ति का आवेदन भी लगाया है। कांतिलाल सिंह उर्फ कांतु रतलाम से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित घोड़ाखेड़ा के रहने वाले हैं।



### कांतिलाल की दलील ये है

कांतु ने बताया, ₹मुझे इस केस में बेवजह फंसाया गया था जबकि मैं बेगुनाह था। मुझे दो साल तक जेल में रहना पड़ा। मेरी पूरी जिंदगी बदल गई। मुझे कई तरह की प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। मुझे उसका मुआवजा मिलना चाहिये। कांतिलाल का यह भी कहना है कि न सिर्फ उन्होंने, बल्कि उनके पूरे परिवार ने तमाम दिक्कतों का सामना किया। उनका कहना था कि परिवार के पास खाने तक को कुछ नहीं रहता था। उनकी गैरमौजदूगी में वो 'बेघर हो गये। बच्चों का पढ़ना-लिखना छूट गया।

कांतिलाल गिरफ़्तारी से पहले मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। उनका ये भी दावा है कि जेल से छूटने के बाद भी उन्हें कोई काम देने को तैयार नहीं। इसकी वजह वो 'गंभीर आरोप' हैं, जो उन पर लगाए गए थे। कांतिलाल के परिवार में उनकी मां और पत्नी के अलावा तीन बच्चे है। उनकी एक बहन और उनका बच्चा भी उनके साथ रहते हैं. कांतिलाल के मुताबिक उनके भरण पोषण की जिम्मेदारी भी उन्हीं की थी। 10 हजार करोड़ मुआवजे के सवाल पर कांतिलाल के वकील विजय सिंह यादव ने कहा कि मानव जीवन की कोई कीमत तय नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि गलत मामले की वजह से एक व्यक्ति का जीवन बर्बाद हो जाता है। उसके परिवार को तरह-तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन किसी को कोई फर्क नही पड़ता है. इसलिए ये जरुरी है कि उसे उसका उचित मुआवजा मिले। यादव का ये आरोप भी है, 'जिस महिला ने कांतिलाल पर आरोप लगाया था, उसने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। वो ये संदेश भी देना चाहते है कि गरीबों के भी अपने अधिकार होते हैं और पुलिस उन्हें जब चाहे तब बेवजह के मामले में नहीं फंसा सकती। विजय सिंह यादव कहते हैं, दो साल तक जेल में रहकर कांतिलाल बाइज्जत बरी हो गए लेकिन उनके जीवन की जो पीड़ा है या ये कहें कि एक गरीब को जेल से बाहर आने के बाद जिस तकलीफ से गुजरना पड़ता है वो भी लोगों को पता चलना चाहिए। वकील यादव का कहना है कि इस मामले में जो बात सामने आयी है, उससे जानकारी हुई कि महिला के पति ने निजी वजह से आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि महिला छह महीने तक अपने घर नहीं लौटी. लेकिन इस दौरान उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कराई गई थी।

## इन बातों के लिए मांगा मुआवजा

कांतिलाल को कोर्ट ने 20 अक्टूबर 2022 को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया. इस दौरान वो पूरे 666 दिन जेल में रहे। कांतिलाल ने वकील के जरिए जो मुआवजा मांगा है उसमें उन्होंने अलग अलग दिक्कतों के लिए अलग अलग मुआवजा मांगा है। क्षतिपूर्ति की मांग वाली याचिका में एक करोड़ रुपये व्यवसाय में नुकसान और जीवन में उत्पादक वर्षों की हानि के लिये मांगे हैं। एक करोड़ रुपये प्रतिष्ठा में नुकसान के लिये मांगे हैं। एक करोड़ रुपये शारीरिक और मानसिक पीड़ा के लिए मांगे गए हैं। एक करोड़ रुपये पारिवारिक जीवन के नुकसान के लिए और एक करोड़ रुपये शिक्षा और कैरियर की प्रगति के लिए अवसरों के नुकसान के कारण मांगे हैं। इसके अलावा दो लाख रुपये कोर्ट में लड़ने के लिये मांगे हैं। सबसे ज्यादा 10 हजार करोड़ रुपये का मुआवजा भगवान से इंसानों को मिले 'यौन सुख उपहार' से वंचित रहने के लिए मांगा गया है। वकील विजय सिंह यादव ने बताया, कांतिलाल बहुत गरीब हैं और वो उनका केस मुफ्त में अपनी संस्था 'जय कुलदेवी फाउंडेशन' के जरिये लड़ रहे हैं। उनके वकील का आरोप है कि इस तरह के मामले लगातार बढ़ रहे है जिसमें पुरुषों को झूठे आरोप में फंसा दिया जाता है और 'पुलिस बगैर जांच के काम करती है. इसे रोका जाना चाहिये। भोपाल के वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ गुप्ता का कहना है कि जरूरत इस बात की है कि पुलिस में 'लॉ एंड आर्डर विंग और विवेचना विंग अलग-अलग होना चाहिए। प्रकाश सिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया के मामले में 11 जनवरी 2007 के एक फैसले में भी कोर्ट ने ये माना कि ये 'अलग-अलग होना चाहिये ताकि इस तरह के मामलों में लोगों को जेल में न सड़ना पड़े। सिद्धार्थ गुप्ता ने आगे कहा, ऐसा होता नहीं है इसलिये ऐसे मामले सामने आते हैं जिसमें लोगों को बेगुनाह होते हुये भी जेल में रहना पड़ता है। गुप्ता के मुताबिक, मध्य प्रदेश में 2012 में ग्वालियर और भोपाल में इसे पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू किया गया था लेकिन उसके बाद कुछ नहीं हुआ।

# खोदाई-ब्लास्टिंग का कुप्रभाव दिखने लगा जोशीमठ पर

जोशीमठ में जमीन धंसने के बाद अब पानी बाहर आ रहा है। सरकार ने 600 परिवारों को सुरक्षित जगह पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड का जोशीमठ धंस रहा है। यहां के 561 घरों में दरारें आ गई हैं। 4,677 वर्ग किमी में फैले इलाके से करीब 600 परिवारों को निकालने का काम चल रहा है। करीब 5 हजार लोग दहशत में हैं। उन्हें डर है कि उनका घर कभी भी ढह सकता




**ग्लेशियर पर बसा है जोशीमठ**

### पुराने ग्लेशियर पर बसा शहर, बसावट के नीचे मिट्टी-पत्थर के ढेर

है। सबसे ज्यादा असर शहर के रविग्राम, गांधीनगर और सुनील वार्ड में है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, जोशीमठ के मकानों में दरार आने की शुरूआत 13 साल पहले हो गई थी। हालात काबू से बाहर निकले तो एनटीपीसी पॉवर प्रोजेक्ट और चार धाम ऑल वेदर रोड का काम रोकने के आदेश दे दिए गए। एक्सपट्र्स का कहना है कि ब्लास्टिंग और शहर के नीचे सुरंग बनाने की वजह से पहाड़ धंस रहे हैं। अगर इसे तुरंत नहीं रोका गया, तो शहर मलबे में बदल सकता है। हिमालय के इको सेंसेटिव जोन में मौजूद जोशीमठ बद्रीनाथ, हेमकुंड और फूलों की घाटी तक जाने का एंट्री पॉइंट माना जाता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि जोशीमठ की स्थिति क्यों संवेदनशील है। जोशीमठ की जियोलॉजिकल लोकेशन पर जारी रिपोट्र्स में बताया गया है कि ये शहर इतना अस्थिर क्यों है।

**जोशीमठ ग्लेशियर के मलबे पर बसा:** वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी ने अपनी रिसर्च में कहा था- उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पड़ने वाले ज्यादातर गांव ग्लेशियर के मटेरियल पर बसे हैं। जहां आज बसाहट है, वहां कभी ग्लेशियर थे। इन ग्लेशियरों के ऊपर लाखों टन चट्टानें और मिट्टी जम जाती है। लाखों साल बाद ग्लेशियर की बर्फ पिघलती है और मिट्टी पहाड़ बन जाती है। 1976 में गढ़वाल के तत्कालीन कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कहा था कि जोशीमठ का इलाका प्राचीन भूस्सखलन क्षेत्र में आता है। यह शहर पहाड़ से टूटकर आए बड़े टुकड़ों और मिट्टी के ढेर पर बसा है, जो बेहद अस्थिर है। कमेटी ने इस इलाके में ढलानों पर खोदाई या ब्लास्टिंग कर कोई बड़ा पत्थर न हटाने की सिफारिश की थी। साथ ही कहा था कि जोशीमठ के पांच किलोमीटर के दायरे में किसी तरह का कंस्ट्रक्शन मटेरियल डंप न किया जाए।

जोशीमठ हिमालयी इलाके में जिस ऊंचाई पर बसा है, उसे पैरा ग्लेशियल जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि इन जगहों पर कभी ग्लेशियर थे, लेकिन बाद में ग्लेशियर पिघल गए और उनका मलबा बाकी रह गया। इससे बना पहाड़ मोरेन कहलाता है। वैज्ञानिक भाषा में ऐसी जगह को डिस-इक्विलिब्रियम कहा जाता है। इसके मायने हैं- ऐसी जगह जहां जमीन स्थिर नहीं है और जिसका संतुलन नहीं बन पाया है। एक वजह यह भी है कि जोशीमठ विंटर स्नो लाइन की ऊंचाई से भी ऊपर है। विंटर स्नो लाइन या शीत हिमरेखा वह सीमा होती है, जहां तक सर्दियों में बर्फ रहती है। ऐसे में भी बर्फ के ऊपर मलबा जमा होते रहने पर वहां मोरेन बन जाता है।

वाडिया इंस्टीट्यूट ने अपनी रिपोर्ट में पाया था कि मोरेन पहाड़ का एक तय वक्त के बाद खिसकना तय होता है। हालांकि, अंधाधुंध ब्लास्ट्स और बेतरतीब कंस्ट्रक्शन ने इसकी रफ्तार में इजाफा कर दिया है। वहीं, इसके वैज्ञानिकों ने कहा था कि जोशीमठ शहर के नीचे एक तरफ धौली गंगा और दूसरी तरफ अलकनंदा नदी है। दोनों नदियों की वजह से पहाड़ के कटाव ने भी पहाड़ को कमजोर किया है। एनटीपीसी के हाइडल प्रोजेक्ट की 16 किमी लंबी सुरंग जोशीमठ के नीचे से गुजर रही है। यह सुरंग मलबा घुस जाने के बाद बंद है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सुरंग में गैस बनने पर इससे बना दबाव मिट्टी को अस्थिर कर रही है। इस वजह से जमीन धंस रही है।

हालात बिगड़ने पर सरकार ने ठळढउ के हाइडल प्रोजेक्ट की सुरंग और चार धाम ऑल-वेदर रोड (हेलंग-मारवाड़ी बाइपास) का काम रोकने का आदेश दिया था, लेकिन कागजों पर जहां काम बंद है, लेकिन मौके पर बड़ी मशीनें लगातार पहाड़ खोद रही हैं। भूगर्भ वैज्ञानिकों का कहना है कि जोशीमठ अलकनंदा नदी की ओर खिसक रहा है। इसकी जद में सेना की ब्रिगेड, गढ़वाल स्काउट्स और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की बटालियन भी है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि तुरंत असरदार कदम नहीं उठाए गए, तो बड़ी प्राकृतिक आपदा आ सकती है। इसमें जोशीमठ का वजूद ही मिट सकता है।

# जोशीमठ की तस्वीरें बहुत ही भयावह

**राहुल बोले**

### जमीन का फटना और सड़कों का धंसना बेहद चिंताजनक



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के जोशीमठ में भूमि धंसने की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि वहां की तस्वीरें विचलित करती हैं और लोगों को राहत देने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है। गांधी ने फेसबुक संदेश में कहा कि उत्तराखंड के जोशीमठ से आ रही तस्वीरें अत्यंत भयावह हैं, जिन्हें देख कर काफी विचलित हूं। घरों में चौड़ी दरारें, पानी का रिसाव, जमीन का फटना और सड़कों का धंसना बेहद चिंताजनक है। एक हादसे में, भूस्खलन से भगवती मंदिर तक ढह गया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के विरुद्ध जा कर, पहाड़ों पर लगातार खोदाई और अनियोजित निर्माण से आज जोशीमठ के लोगों पर भयानक संकट टूट पड़ा है। इस कड़कड़ाती ठंड में, इस आपदा ने लोगों से उनके आशियाने छीन लिए हैं। गांधी ने वहां के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जल्द से जल्द लोगों की मदद करने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद करने की अपील की है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से भी आग्रह किया है कि वह इस कठोर मौसम में लोगों का संज्ञान ले कर उनके तत्काल पुनर्वास का प्रबंध करे और मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित करे।